फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -205, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू, पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी 16

'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना 15




## लोकसभा चुनाव तिथियों की आज घोषणा करेगा निर्वाचन आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

- कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम भी होंगे घोषित
- आयोग ने दोपहर तीन बजे बुलाई है प्रेस कान्फ्रेंस

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है।

आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। निर्वाचन आयोग ने 2014 में भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए संवाददाता सम्मेलन बुलाए जाने की सूचना एक दिन पहले दी थी। संवाददाता सम्मेलन के लिए पत्रकारों को एक दिन पहले शाम को निमंत्रण भेजा गया था। आगामी चुनावों में 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं। पिछले संसदीय चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने 303 सीटें जीती थी जबकि कांग्रेस को 52 सीट मिली थीं। वह लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद हासिल करने के लिए पर्याप्त संख्या बल नहीं जुटा पाई थी।

### लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले राज्यपाल ने दी स्वीकृति

## 12 लाख पेंशनरों की चार प्रतिशत बढ़ी महंगाई राहत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- वित्त विभाग ने जारी किया जनवरी से 50 फीसदी डीए का आदेश
- एक जनवरी से पेंशन में बढ़कर मिलेगी महंगाई राहत : सचिव

**अमृत विचार** : लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले राज्यपाल ने राज्य के 12 लाख से अधिक पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी की स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई राहत बढ़कर अब 50 प्रतिशत हो गई है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए एक जनवरी 2024 से ही पेंशन में बढ़ी हुई महंगाई राहत को जोड़कर देने का आदेश जारी किया है।

राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत वृद्धि के बाद तय था कि पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी जल्द ही होगी। वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा है कि राज्यपाल ने महंगाई राहत की दर में वृद्धि का यह लाभ एक जनवरी 2024 से देने की स्वीकति दी है। यह आदेश शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के ऐसे पेंशनर जिन्हें शासकीय पेंशनरों के समान पेंशन/पारिवारिक पेंशन मिलती है, उन पर भी लागू होगा।

लेकिन, यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों व सार्वजनिक उपक्रमों के सेवकों पर लागू नहीं होगा। इनके लिए संबंधित विभाग अलग से आदेश जारी करेंगे। अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों के संबंध में भी अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

### महंगाई राहत देने की घोषणा का स्वागत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने पेंशनर्स के लिए मंहगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आदेश का स्वागत किया है। नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए सभी पेंशनरों को बधाई दी।

### एक नजर

#### सीएए संबंधी याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन कानून, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायालय इस मामले पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा।

#### ईवीएम पर आरोप वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के कामकाज में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिका पर शुक्रवार को विचार करने से इनकार करते हुए कहा कि हर पद्धति के अपने सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार कर चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा कि हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हम धारणाओं पर नहीं चल सकते।

#### प्रताप सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशक का प्रभार

**लखनऊ।** प्रताप सिंह बघेल को बेसिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वह राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान के निदेशक के साथ-साथ यह जिम्मेदारी भी संभालेंगे। जबकि अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं।

## चुनाव आयोग को दिए आंकड़ों में बॉण्ड नंबर क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

### सुप्रीम कोर्ट ने एसबीआई से जवाब तलब किया, 18 मार्च तक दिया समय

नई दिल्ली, एजेंसी

- चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी नहीं देने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा।

प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड मामले पर अपने फैसले में खरीदार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को उन संस्थाओं की पूरी सूची जारी की जिन्होंने राजनीतिक चंदा देने के लिए चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ये आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एसबीआई को सभी जानकारियां मुहैया करानी हैं। पीठ ने बैंक को नोटिस जारी किया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि तय की।

सीजेआई ने बैंक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एसबीआई की ओर से कौन पेश हो रहा है? क्योंकि हमारे फैसले में हमने विशेष रूप से खरीददार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या का उन लोगों से मिलान किया जाएगा जिन्होंने उन दलों के चुनावी बॉण्ड खरीदे हैं जिन्हें उन्होंने चंदा दिया था।

सीजेआई ने कहा कि उन्होंने (एसबीआई) बॉण्ड संख्या का खुलासा नहीं किया। इसका खुलासा एसबीआई को करना होगा। उन्होंने कहा कि लेकिन सच कहें, तो उन्होंने जितनी जानकारी उपलब्ध कराई है उसे लेकर हम नाराजगी जता सकते हैं क्योंकि वे (बॉण्ड संख्या का खुलासा करने के लिए) कर्तव्यबद्ध थे।



नई दिल्ली : चुनावी बांड मामले में सुनवाई करते प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़

### आंकड़ों की डिजिटल कॉपी आयोग को देने के निर्देश

न्यायालय, निर्वाचन आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड मामले में न्यायालय के 11 मार्च के आदेश के एक हिस्से में संशोधन का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने अपने पंजीयक (न्यायिक) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीलबंद कवर में सौंपे गए आंकड़ों को स्कैन किया जाए। उन्हें डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। आयोग के वकील ने कहा कि उन्होंने 11 मार्च के आदेश में मामूली संशोधन के लिए अर्जी दायर की है जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि निर्वाचन आयोग कोर्ट को सौंपे गए आंकड़ों को अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा। आयोग ने अनुरोध किया कि इन दस्तावेजों को उसे वापस किया जाए ताकि वह निर्देशों का पालन कर सके और इन्हें अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर सके।

## ट्रांसपोर्ट कर्मियों की मिलीभगत से लीक हुआ सिपाही भर्ती का पेपर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेसवार्ता में पूरे घटनाक्रम और कार्रवाई की दी जानकारी
- मामले में 3 और गिरफ्तारी 396 पहुंची मामले से जुड़ी गिरफ्तारियों की संख्या

**अमृत विचार** : डीजीपी प्रशांत कुमार ने सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। डीजीपी ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका रही है। इसमें पूर्व में कई परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य शामिल हैं। पेपर लीक मामले में तीन और आरोपी प्रयागराज के अभिषेक शुक्ला, भदोही के रोहित कुमार व मिर्जापुर के शिवम गिरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

डीजीपी का दावा है कि सिपाही भर्ती परीक्षा की दूसरी पाली का पेपर लीक किया गया था। इसकी पुष्टि होने पर परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 178 एफआईआर दर्ज की गईं हैं। एसटीएफ ने मामले से जुड़े 396 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने बताया ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने पेपर लीक किया था। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री ने पेपर के बॉक्स खोलने के लिए बिहार के एक्सपर्ट शुभम मंडल को बुलाया था। बाक्स खुलने के बाद कोड नंबर दो के पेपर की फोटो खींचकर आउट किया गया था। सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र किसने लीक किया था। इसको लेकर 178 मामले प्रदेश के अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए थे।



सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में गिरफ्तार आरोपियों की जानकारी देते डीजीपी प्रशांत कुमार व एडीजी (कानून व्यवस्था) अमिताभ यश। अमृत विचार

### अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी से निकाले थे पेपर

डीजीपी ने बताया सभी आरोपी अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीएस एक्सप्रेस में मिले थे। कंपनी के ट्रेनिंग एग्जीक्यूटिव अभिषेक शुक्ला ने बताया वर्ष 2021 में प्रयागराज के अंकित मिश्रा से मिला, जो नोएडा के रवि अत्रि का दोस्त था। कंपनी में ही शिवम व रोहित मिले थे। रवि यत्री को मालूम था कि सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीआई में ही छपने के बाद पहुंचेंगे। उसने पहले से ही रोहित, शिवम व अभिषेक को लगा दिया था।

### यूपीटीईटी का पेपर भी कराया था लीक

डीजीपी ने बताया मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा पेपर लीक कराने में एक्सपर्ट है। वर्ष 2021 में यूपीटीईटी का पेपर लीक करने में भी इसकी भूमिका रही थी।

## येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज

- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोपों से किया इनकार



**बेंगलुरु।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और आईपीसी की धारा 354 ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया और आरोप लगाया कि इसके पीछे राजनीतिक मकसद हो सकता है। दावा किया कि उन्होंने शुरू में पुलिस आयुक्त से संपर्क करके संकट में फंसी महिला की मदद की थी, लेकिन बाद में वह उनके खिलाफ हो गई।

## निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- याचिकाओं पर 21 मार्च को सुनवाई करेगी अदालत

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के उस कानून के तहत नए निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्तियों पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखा गया है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयुक्तों के चयन के लिए एक बैठक पहले से प्रस्तावित थी। इस पर न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से इस तथ्य का उल्लेख करते हुए एक अलग याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने 2023 के कानून के तहत की गई नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि सामान्यतः और आम तौर पर, हम किसी कानून पर अंतरिम आदेश के जरिए रोक नहीं लगाते हैं। पीठ ने 2023 के कानून के तहत दो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 21 मार्च को करना निर्धारित किया। याचिकाकर्ता जया ठाकुर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह ने कहा कि जब कोई फैसला पारित किया जाता है तो उसका उल्लंघन नहीं हो सकता।

### ज्ञानेश कुमार, सुखबीर संधू ने संभाला कार्यभार

ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। केरल कैडर के ज्ञानेश कुमार और उत्तराखंड कैडर के डॉ. संधू भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं। आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने निर्वाचन सदन में नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों के लिए आगामी 12 सप्ताह अति व्यस्त और चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं।

## जयाप्रदा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

विधि संवाददाता, नई दिल्ली

- ईएसआईसी केस में मिली छह माह की सजा निलंबित



फिल्म अभिनेत्री व रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को तमिलनाडु के ईएसआईसी (एम्प्लॉयमेंट स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन) केस में बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उक्त मामले में सत्र न्यायाधीश के समक्ष जयाप्रदा की विचाराधीन अपील के निस्तारण तक उक्त सजा निलंबित रहेगी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के एक ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में पूर्व सांसद को छह माह की सजा सुनाई थी। पूर्व सांसद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर व अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी तथा दिव्यांगना मलिक वाजपेयी ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जयाप्रदा को दोषसिद्ध करने के फैसले में कई खामियां हैं। मांग की गई कि अपील सत्र अदालत में विचाराधीन है लिहाजा अपील के विचाराधीन रहते, सजा को निलंबित कर दिया जाए। यह भी कहा गया कि ईएसआईसी द्वारा मांगी गई धनराशि को जयाप्रदा द्वारा जमा करा दिया गया है, बावजूद इसके ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषसिद्ध करार दे दिया।

## सपा की तीसरी सूची जारी, भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी

- बिजनौर, नगीना, मेरठ, अलीगढ़, हाथरस व लालगंज से सपा प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** भदोही सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए छोड़ते हुए समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को 6 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानुप्रताप सिंह एडवोकेट, अलीगढ़ से बिजेंद्र सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिक और आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से दरोगा सरोज को चुनाव में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से समझौते में मिली 63 सीटों में 36 पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। इससे पहले सपा तीस सीटों पर प्रत्याशियों का एलान कर चुकी है। सपा और कांग्रेस उप्र में मिलकर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश की कुल 80 सीटों में कांग्रेस को सपा ने 17 सीटें दी हैं, जबकि 63 सीटें अपने पास रखी हैं। टीएमसी ने भदोही से ललितेशपति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से पूर्व विधायक ललितेश दिग्गज नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलापति त्रिपाठी के परिवार से हैं।

## सेना भर्ती में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन पूर्व सैनिक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ और मिलिट्री इंटेलीजेंस के संयुक्त आपरेशन में हुआ खुलासा

**अमृत विचार** : भारतीय सेना में फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गुरुवार को कमांड अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ व मिलिट्री इंटेलीजेंस के संयुक्त आपरेशन में इस गिरोह का पर्दाफाश हुआ। पकड़े गए सदस्यों में सेना से रिटायर्ड, कोर्ट मार्शल से दंडित सैन्यकर्मी शामिल है। आरोपियों के पास से टीम ने कई नियुक्तिपत्र, सेना से संबंधित पत्र, मोहर व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद हुए हैं।

एसटीएफ के एएसपी अमित कुमार नागर के मुताबिक मिलिट्री इंटेलीजेंस से सेना भर्ती में फर्जीवाड़े की सूचना मिली। कैंट क्षेत्र स्थित कमांड अस्पताल के पास से राजस्थान के धौलपुर जनपद के माजिद का पुरा निवार हरिओम उर्फ नकुल, लखनऊ तेलीबाग के बल्देव बिहार निवासी रिटायर्ड सैनिक अजीत कुमार और वृंदावन योजना सेक्टर-9 निवासी कोर्ट मार्शल से दंडित सैनिक पोले वोहना बाला कसइया को गिरफ्तार किया गया है। अजीत कुमार रिटायर्ड सैनिक है। पोले वोहना बाला कसइया का गबन व फर्जी नौकरी दिलाने के मामले में सेना से कोर्ट मार्शल हो चुका है। आरोपियों ने अभ्यर्थियों को कमांड अस्पताल पर मेडिकल जांच के लिए बुलाया था। पर उनकी फर्जी तरीके से जांच कर प्रमाण पत्र भी देने की तैयारी थी। इसके बदले में प्रत्येक अभ्यर्थी से 4-5 लाख रुपये की वसूली की गई थी।

### यह हुई बरामदगी

एएसपी के मुताबिक आरोपियों के पास से फर्जी नियुक्ति पत्र, 27 सेना से संबंधित पत्र, दो मोहर, तीन आश्रित कार्ड, मिनिस्ट्री डिफेंस का अस्थाई पास, दो सेना का पहचान पत्र, तीन मोबाइल, भर्ती से संबंधित 10 दस्तावेज, एक मेडिकल रजिस्टर, 4 अंकपत्र, अवकाश प्रमाण पत्र, एसबीआई कार्ड, आधार कार्ड, ब्लैंक चेक, नकदी व बाइक बरामद हुई।

तैयारी | इटावा के भदावरी फार्म में पशुपालन विभाग करेगा संरक्षण और प्रजनन

## बीहड़ में विलुप्तप्राय जमुनापारी बकरियों का बढ़ेगा कुनबा

- अप्रैल से होगा पालन, कम कीमत पर पशु पालकों को करेंगे बिक्री

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार** : प्रदेश के बीहड़ क्षेत्रों में विलुप्तप्राय हो रहीं सबसे ज्यादा पाली जाने वाली जमुना पारी बकरियों का कुनबा पशु पालन विभाग इटावा से बढ़ाएगा। जो यहां के भदावरी फार्म में जर्जर व बंद बकरी संरक्षण केंद्र को अप्रैल में वृहद बनाकर जमुना पारी बकरियों का बड़ी संख्या में पालन करेगा। विभाग संरक्षण के लिए इस प्रजाति की बकरियां इटावा की सबसे बड़ी चकर नगर मंडी, आगरा, औरैया, जालौन, झांसी, भिंड आदि यमुना व चंबल नदी से लगे जिलों की बाजारों से खरीदेगा और प्रजनन कर पशु पालकों को योजना के तहत कम दाम पर बेचेगा। यह बकरियां जमुनापार के चंबल जैसे बीहड़ क्षेत्र की प्रजाति हैं। ऐसे स्थानों पर ही रहकर यह झाड़ियां, घास, पत्तियां आदि खाती हैं। इनकी संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है।

### दूध में औषधीय गुण, बकरी की कीमत 70 हजार तक

जमुनापारी बकरी सबसे ज्यादा इटावा के बीहड़ क्षेत्र के साथ आसपास यमुना व चंबल नदी से घिरे क्षेत्रों में होती हैं। इन बकरियों की बिक्री का यहां का चकर नगर मुख्य बाजार है। इन्हें सबसे अच्छी डेयरी के रूप में जाना जाता है। यह बकरी दो लीटर तक दूध देती है। दूध में मिनरल, साल्ट की मात्रा अधिक होती है। औषधीय गुण होने के साथ डेंगू समेत अन्य बीमारी में लाभकारी होता है। दूध महंगा बिकता है और बकरियों की कीमत भी 60 से 70 हजार रुपये तक है। यह जीवन काल में 13 से 15 बच्चे देती हैं। अन्य नस्लों की तुलना में इनकी लंबाई अधिक होती है। जो दो पैरों पर खड़े होकर झाड़ियों की पत्तियां खाती हैं। वजन भी 50-60 किलो तक होता है।

> बीहड़ क्षेत्र की मुख्य प्रजाति जमुना पारी बकरियां धीरे-धीरे विलुप्त हो रहीं हैं। इटावा के बकरी संरक्षण केंद्र का विस्तार कर संरक्षण करेंगे और प्रजनन के माध्यम से प्रजाति बढ़ाएंगे। पशु पालकों को योजना के तहत बकरी बिक्री करेंगे। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी।
> – **डॉ. अरविंद कुमार वर्मा**, अपर निदेशक, लघु पशु।



### मथुरा बकरी संरक्षण केंद्र की देखरेख में होगा पालन

जमुनापारी बकरियों का संरक्षण करने की योजना उप्र पशु पालन विभाग की है। जो 200 बकरियों का संरक्षण कर शुरुआत करेगा। जबकि संचालन व देखरेख केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा करेगा। इस योजना में इटावा को इसलिए चुना गया क्योंकि जमुनापारी बकरियों का पालन, खरीद-बिक्री का केंद्र है। अन्य जिलों के बीहड़ क्षेत्र भी आसपास हैं और अनुसंधान संस्थान भी दूर नहीं है।

## एक नजर

### साइबर ठगों ने ठगे 90 हजार रुपये

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के संदीप नगर सनिगवां निवासिनी फराह खुर्शीद ने पुलिस को बताया कि 26 दिसंबर को एक व्यक्ति का फोन आया। जिसने खुद को एलआईसी ऑफिस से बताया। आरोपी ने बताया कि उनके पिता की एलआईसी में वह नॉमिनी हैं। उन्हें 25 हजार रुपये भेजे जाएंगे। इस बीच आरोपी ने दो बार में 70 हजार रुपये क्रेडिट का फर्जी मैसेज भेजा और गलती से रुपये भेजने की बात कहकर रुपये वापस मांगे। झांसे में आकर फराह ने आरोपी को 90 हजार रुपये भेज दिए। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना प्रभारी ने बताया आईटी एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### छत पर रखे बक्से का ताला तोड़कर चोरी

**कानपुर।** अनवरगंज थानाक्षेत्र के बांसमंडी के रहने वाले शारिक माबूद ने पुलिस को बताया कि छत पर रखे बड़े बक्सों का ताला तोड़कर चोरों ने बर्तन व कंबल चोरी कर लिए हैं। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने पिछले वर्ष 16 दिसंबर को वारदात का अंजाम दिया। बक्से में पीतल व तांबे के बर्तन और कंबल रखे थे। अनवरगंज थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# एलिवेटेड ट्रैक धरातल पर उतरे, न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में सुविधाएं बढ़ें

जनता का मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए कोपरगंज के कारोबारियों ने एलिवेटेड ट्रैक को बड़ा मुद्दा माना है। इसके अलावा उन्होंने न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में सुविधाएं बढ़ाए जाने की भी मांग की है। कहा कि शहर के लिए बड़े प्रोजेक्टों की बात तो बहुत होती है लेकिन प्रोजेक्ट धरातल पर नहीं उतर पाते। बातों के बजाय धरातल पर काम होना चाहिए। कारोबारी कोपरगंज बाजार में गंदगी और नाले के चोक होने की समस्या को भी बड़ा मुद्दा मान रहे हैं।

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह, सुरेश कुमार दुसेजा, संदीप सिंह, नसीमुद्दीन वारसी, आशीष गोयल, महेश गुप्ता ने कहाकि कारोबारियों के मुद्दे सुनने वाला प्रतिनिधि होना चाहिए। कई बड़े प्रोजेक्ट बनते हैं पर जमीन पर नहीं आ पाते हैं। इस वजह से शहर पिछड़ गया है। मेट्रो प्रोजेक्ट को यदि छोड़ दिया जाए तो कोई अन्य बड़ा प्रोजेक्ट जमीन पर नहीं उतर पाया है। शहर की सबसे बड़ी समस्या जाम है। इसके लिए एलिवेटेड रेल ट्रैक का प्रोजेक्ट बना था। उस पर अब क्या हो रहा है किसी को नहीं पता। न्यू ट्रांसपोर्ट नगर को भी तेजी के साथ बसाया गया लेकिन अब तक वहां पर पूरी तरह से शिफ्टिंग नहीं हो सकी है। इसकी वजह वहां पर पर्याप्त सुविधा का न होना है। कारोबारियों ने न्यू ट्रांसपोर्ट नगर में बेहतर सुविधा दिए जाने की मांग की है।



अमृत विचार के जनता का मुद्दा कार्यक्रम में चर्चा करते व्यापारी। अमृत विचार

### राजधानी क्षेत्र में शहर हो शामिल

कारोबारियों ने यह भी मांग उठाई कि शहर को राज्य राजधानी क्षेत्र में शामिल किया जाए। कहा कि राज्य राजधानी क्षेत्र से शहर को बाहर कर शहर के विकास के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। राज्य में राजस्व देने में चौथे स्थान पर होने के बावजूद शहर अब विकास के नाम पर उन्नाव से भी पीछे हो सकता है।

### शहर में न आने पाएं भारी वाहन

- कारोबारी उमाकांत शर्मा, भूपेंद्र सिंह, रमाकांत शर्मा, प्रवीण दीक्षित, दिलीप कुमार, नितिन सेठवानी, मनीष वसंदानी, हसीमुद्दीन ने कहा कि यदि शहर में रिंग रोड जल्द बन जाए तो बाहर से शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहन बाहर से होते हुए निकल जाए। लंबे समय से चल रहा यह प्रोजेक्ट कब पूरा होगा इसका कोई पता नहीं। शहर में न रुकने वाले बाहर से आने वाले भारी वाहन ही यदि शहर में प्रवेश न करें तो भी काफी हद तक जाम की समस्या का राहत मिलेगी।

### सीएम के कहने पर भी नहीं हुआ काम

- कारोबारियों ने बताया कि पिछले साल कोपरगंज अग्निकांड में एआर टॉवर और मसूद कांप्लेक्टस में लगी आग का मुआवजा व पुनर्विकास अभी तक नहीं हो सका है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष गुरजिंदर सिंह ने कहा कि अग्निकांड को देखने के लिए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक खुद शहर आए थे। उसके कुछ दिन बाद कारोबारियों का एक प्रतिनिधि मंडल भी सीएम योगी आदित्यनाथ से मिला था। मुलाकात के दौरान सीएम ने खुद यहां के जिलाधिकारी को फोन कर जल्द पुनर्विकास किए जाने का आदेश जिलाधिकारी को दिया था। इसके बावजूद आज तक इस समस्या का समाधान नहीं हो सका।

### झूलते तारों से हर वक्त खतरा

- रेडीमेड कारोबारियों ने बताया कि बाजार में झूलते तार हर वक्त खतरा पैदा करते हैं। तारों से दिन में कई बार स्पार्किंग होती है। कई बार शिकायत के बावजूद अभी तक इसकी सुनवाई नहीं हुई है।

### जलभराव से कारोबारी परेशान

- कारोबारियो ने बताया कि बाजार में सफाई नहीं होती है। रोड के दोनो ओर से नाले चोक हो चुके हैं। बरसात में सबसे अधिक मुसीबत का सामना करना पड़ता है। दुकानों में एक फीट तक पानी भरता है।

### हटना चाहिए बस अड्डा

- कारोबारी आलोक श्रीवास्तव व सुरेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि शहर की घनी थोक बाजारों में आने वाले ग्राहक टाटमिल में सबसे ज्यादा जाम में फंसते हैं। इस चौराहे पर जाम की बड़ी वजह झकरकटी बस अड्डा भी है। ऐसे में यह जरूरी है कि इस बस अड्डे को यहां से स्थानांतरित करें।

### चौराहे ठीक होने चाहिए

- कारोबारियों ने कहा कि सबसे ज्यादा जाम चौराहों के पास ही लगता है। ऐसे में शहर में कई ऐसे चौराहे हैं जो बहुत बड़े हैं। इन चौराहों को छोटा कर सड़क चौड़ी करनी चाहिए। इससे चौराहों पर जाम से राहत मिलेगी।

### सीपीसी गोदाम हो बाहर

- कारोबारियों ने कहा कि सीपीसी गोदाम की वजह से रोजाना इस इलाके में 294 ट्रक आते और जाते हैं। इस गोदाम को स्थानांतरित किए जाने के लिए वे लोग रेलवे अधिकारियों के कई बार मिल चुके हैं। इसके बावजूद इस समस्या का समधान नहीं हुआ।

# 14 लाख अभिभावकों को मतदाता जागरुकता अभियान से जोड़ेंगे

## सभी बोर्ड के प्रधानाचार्य व प्रबंधक मुहिम में शामिल हों और लोगों को प्रेरित करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जिलाधिकारी ने सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में ली बैठक, दिए दिशा निर्देश

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग, यूपी बोर्ड, आईसीएसई और सीबीएसई बोर्ड में पंजीकृत जिले के लगभग छह लाख 97 हजार विद्यार्थियों के माध्यम से 14 लाख अभिभावकों को मतदाता जागरुकता कार्यक्रम से जोड़ने के लिए स्कूलों में अभियान चलाया जाए। स्कूल और कालेजों के प्रधानाचार्य पीटीएम (पैरेंटस टीचर मीटिंग) पर गंभीरता से जोर दें। यह बात शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में हुई बैठक में डीएम राकेश कुमार सिंह ने कही।

जिलाधिकारी ने सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों के साथ लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने, विद्यालयों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बैठक की। बैठक में डीएम ने कहा कि जिले में संचालित सभी बोर्ड के विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों के साथ अलग-अलग कक्षाओं में पीटीएम में मतदान करने की शपथ दिलाई जाए। विद्यार्थियों को जागरूक किया जाए कि वह अपने अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करें।



बैठक में शपथ दिलाते डीएम राकेश सिंह। अमृत विचार

स्कूलों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों की फोटो व वीडियो निर्वाचन आयोग की वेबसाइट, सोशल मीडिया, फेसबुक, इंस्टाग्राम पर अवश्य अपलोड की जाएं। स्कूलों में मतदाता जागरुकता रैली, प्रभात फेरी निकाली जाए। स्कूलों के व्हाट्स एप ग्रुपों पर मतदान के बाद स्याही दिखाते हुए फोटो अवश्य पोस्ट करें। साथ ही स्कूलों के व्हाट्सएप ग्रुपों पर मतदाता जागरुकता संदेश प्रेषित करते रहें। समस्त विद्यालयों में होर्डिंग लगवाना सुनिश्चित करें।

चुनाव पाठशाला में अभिभावकों को वोट देने की अपील करें। गंगा घाटों पर स्वच्छता के लिए बिठूर से जाजमऊ तक विद्यार्थियों के माध्यम से सफाई अभियान कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। इस मौके पर लोगों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई जाए।

विद्यालयों में निबंध, चित्रकला, स्लोगन, वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। विद्यालयों में डेमोक्रेसी रूम बनाकर चुनाव संबंधी क्रियाकलाप आयोजित हों। संस्थाओं के माध्यम से भी मतदाता जागरुकता अभियान चलाए जाए। डीएम ने मौजूद प्रधानाचार्य व प्रबंधकों को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सूरज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड के प्रधानाचार्य व माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# अबकी मतदान तो प्रभु श्रीराम के चरणों में ही

विशेष संवाददाता, कानपुर

- भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने विपक्षी दलों की धार कुंद करने का फार्मूला बताया
- विपक्षी हमलों पर प्रेम शुक्ला बोले, लेकिन इलेक्टोरल बॉड पर चुप रहे

**अमृत विचार।** भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में आने वाले सभी लोकसभा क्षेत्रों के मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी की कार्यशाला में भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने विपक्षी दलों की धार कुंद करने का फार्मूला बताया। उन्होंने चुनाव के दौरान प्रमाणिकता के साथ विपक्षियों को करारा जवाब देने का तौर तरीका बताया। प्रेम शुक्ला ने कहा कि यूपी में चुनाव चाहे जितने चरणों में हो लेकिन मतदान प्रभु श्रीराम के चरणों में ही होगा। कहा, सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाएं। उन्हें भाजपा के लिए मतदान को प्रोत्साहित किया जाए। सीएए, महंगाई, बेरोजगारी को लेकर विपक्षी दलों के हमलों का जवाब आंकड़ों के साथ प्रस्तुत किया लेकिन इलेक्टोरल बॉड पर आक्रामक विपक्ष को जवाब कैसे देना है, इस पर चुप रहे।



राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

क्षेत्रीय कार्यालय केशवनगर में सभी 17 जिला इकाई, लोकसभा चुनाव संचालन समिति के मीडिया प्रभारी, सह प्रभारी, मोर्चों के मीडिया प्रभारियों की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा अबकी बार चार सौ बार। उन्होंने कहा कि मीडिया प्रभारी हर समय अपडेट रहें। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विरोधी पार्टियों की पोस्ट पर हर समय निगाह रखें। उसका तथ्यात्मक तरीके से आंकड़ें और साक्ष्यों के साथ जवाब दें। भाजपा के लिए मीडिया प्रभारी की भूमिका मेरुदंड वाली बतायी।

उन्होंने कहा कि विपक्षी दल कहते हैं कि भाजपा गठबंधन क्यों कर रही है तो सन 1952 जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पहली बार गठबंधन कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक मोर्चा बनवाया था। डॉ राममनोहर लोहिया ने राजनीतिक में गठबंधन की शुरुआत की। कांग्रेस ने 438 विधायक तोड़े तो कांग्रेस के 235 विधायक अन्य दलों में चले गए। तभी कांग्रेस सरकार ने दल-बदल विरोधी कानून बना डाला। तब तो ईडी का डर भी नहीं था। विपक्ष ईडी, सीबीआई से नहीं मोदी की जनकल्याण नीतियों से भयभीत है। मोदी सरकार ने जो वादा किया पूरा किया। यही तो मोदी की गारंटी है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि जिला स्तर पर न्यूज बैंक बनाएं। मनीष दीक्षित ने कहा कि मीडिया प्रभारी, सोशल मीडिया प्रभारियों से सामंजस्य बनाकर काम करें। इससे पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रदेश प्रवक्ता, मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी मोहित पांडे, सह प्रभारी अनूप अवस्थी, दीप अवस्थी ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला उद्घाटन किया। संचालन सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने किया।

### गांधी, नेहरू ने नहीं आने दिया पीड़ितों को

प्रेम शुक्ला ने कहा कि भारत विभाजन के दौर में दस लाख लोग पाकिस्तान चले गए थे। उन पर अत्याचार हुए पर महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें पाकिस्तान से भारत आने से रोका। विभाजन के समय वहां 22 फीसदी हिंदू थे और पाकिस्तान में अब साढ़े तीन फीसदी ही हिंदू बचा है। सीएए से उन्हें राहत मिलेगी।

# अधिवक्ता आंदोलनरत आज नहीं करेंगे काम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हमीरपुर के वकीलों के समर्थन में हड़ताल

**अमृत विचार।** हमीरपुर में न्यायिक अधिकारियों के विरुद्ध जारी आंदोलन के समर्थन में कानपुर के अधिवक्ता भी कूद पड़े हैं। समर्थन में शनिवार को कानपुर कचहरी के अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से दूर रहेंगे। यह निर्णय शुक्रवार को बार व लॉयर्स एसोसिएशन की संयुक्त बैठक में लिया गया।

हमीरपुर जनपद के अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों पर उपेक्षा का आरोप लगाया था। जिस पर हमीरपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ता हड़ताल पर हैं। शुक्रवार को कानपुर बार एसोसिएशन व लॉयर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बार महामंत्री आदित्य कुमार सिंह ने बताया कि हमीरपुर में न्यायिक अधिकारियों द्वारा अधिवक्ताओं का किया गया अपमान घोर निंदा जनक है।

उच्च न्यायालय न्यायिक अधिकारियों की जांच कर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करे। साथ ही निर्णय लिया गया कि अधिवक्ताओं के हित में बार व लॉयर्स एसोसिएशन शनिवार को सांकेतिक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। लॉयर्स महामंत्री अभिषेक तिवारी ने कहा कि एसोसिएशन प्रशासन से मांग कर करती है कि अधिवक्ताओं व पुलिस के मध्य समन्वय स्थापित करें।

# धमकी देकर ठगे 50 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ का मामला, पुलिस कर रही जांच
- सिपाही की पत्नी को साइबर ठगों ने ठगा

**अमृत विचार।** पुलिस लाइन में तैनात सिपाही की पत्नी को साइबर ठगों ने धोखाधड़ी करके अपना शिकार बना लिया। ठगों ने महिला को कॉल कर उनके खिलाफ मनी लांड्रिंग की रिपोर्ट दर्ज होने की बात बताई। इसके बाद ठगों ने मामले को सीबीआई की पास पहुंचने की धमकी देकर धनराशि दिए खाते में डालने की बात कही।

पुलिस लाइन निवासी सिपाही मंजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी के पास 28 फरवरी को सुबह 10.49 मिनट पर एक नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने स्वयं को एक कस्टम ऑफिसर बताया। उसने कहा कि उनके खिलाफ बसंत कुंज नार्थ दिल्ली थाने में मनी लांड्रिंग का केस दर्ज है। कॉल करने वाले ने मामले को सीबीआई ऑफिसर को फारवर्ड किए जाने की बात कही। इस पर पत्नी ने 50 हजार बताए गए खाता संख्या में योनो एप के माध्यम से ट्रांसफर कर दिया। इस प्रकार पत्नी को डरा धमकाकर व गुमराह करके 50 हजार की ठगी कर ली गई। उन्होंने मामले की शिकायत साइबर सेल और पुलिस से की। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इस संबंध में जाजमऊ थाना प्रभारी अजय प्रकाश ने बताया कि सिपाही मंजीत सिंह की तहरीर पर मोबाइल नंबर के संचालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, धमकी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### साइबर ठगी का शिकार होने पर क्या करें

साइबर ठगी होने की स्थिति में तुरंत 1930 नंबर पर कॉल करनी चाहिए। शिकायत दर्ज करने के बाद आपके पैसे के दोबारा मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है। गृह मंत्रालय के साइबर क्राइम पोर्टल cybercrime.gov.in पर शिकायत करें। इसके तुरंत बाद अपने बैंक को पूरी घटना के बारे में जानकारी दें। खाते को ब्लॉक करा दें। कई बार देखा गया है, कि साइबर ठग एक बार पैसे निकालने के बाद पीड़ित के खाते से दोबारा पैसे निकालने की कोशिश करता है। यदि आपके मोबाइल से सेंध लगाई है तो सिम प्रदाता कंपनी को कॉल करके अपने सिम को ब्लॉक कराएं। अपने साथ हुई ठगी की शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन में जाकर दर्ज कराएं।

# 25 हजार रुपये का इनामिया बदमाश गिरफ्तार

**कानपुर।** कल्याणपुर पुलिस ने 25 हजार के इनामिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर ऑपरेशन सुदर्शन में नशा, अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी कुशल पाल सिंह ने बताया कि अर्जुन कुमार निवासी कंजड़नपुरवा पनकी का निवासी है। वह मादक पदार्थों की सप्लाई करता है। काफी समय से मुकदमे में वांछित चल रहा था। जिसके बाद 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी के कब्जे से 2 किलो 570 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी के खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं।

## सार-संक्षेप

### अवसाद में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** सचेंडी थानाक्षेत्र के भिसार गांव के रहने वाले 22 वर्षीय हिमांशु सिंह ने गुरुवार देर रात मफलर ने फांसी लगाकर जान दे दी। चाचा मंजीत सिंह ने बताया कि छह माह पूर्व पिता की कैंसर से मौत हो गई थी। जिसके बाद वह अवसाद और गुमसुम रहने लगा था। गुरुवार को वह घर पर अकेला था। इकलौती संतान की मौत से मां सुनीला बदहवास हो गईं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। जहां हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

### पनकी पुलिस ने दो को गिरफ्तार किया

**कानपुर।** पनकी पुलिस ने लड़ाई झगड़ा विवाद करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मानवेंद्र सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में साहिल सिंह व अंकित सिंह निवासी झुग्गी झोपड़ी पनकी हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

**सूचना**

My name in my High School marksheet is wrongly mentioned as Viplava Misra instead of Viplove Misra R/o House No. 622, Sector 3, Udyan -1, Eldeco Bangala Bazar, Lucknow

**सूचना**

सूचित हो कि मैं Mustab Siraa **पत्नी नौशाद हुसैन निवासिनी :– रानीमऊ भट्ठी, पो0– रानीमऊ भट्ठी, अयोध्या** की हूँ, मैने अपना नाम Mustab Sira Khatoon से बदलकर Mustab Siraa रख लिया हैं, आज से मुझे Mustab Siraa के नाम से ही जाना व पहचाना जाये ।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे आधार कार्ड व अन्य प्रपत्रों में मेरा नाम अरुणा देवी अंकित है जबकि बैंक खाते में अरुणा कुमारी है। मेरे नाम अरुणा देवी व अरुणा कुमारी को एक ही माना जाए। **अरुणा देवी/अरुणा कुमारी पत्नी स्वर्गीय रामेश्वर दयाल,निवासी महोबिया टोला,औरैया जिला औरैया।**

**आवश्यकता है**

महिला फील्ड ऑफिसर, टीम लीडर, फील्ड वर्कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में।

**अपना बायोडाटा whatsapp करें– मो0– 7081974868**

**सूचना**

सूचित हो कि शीरीन खान पत्नी राकी खान, निवासी– नया मकान नं0–2/9/127, पुराना म0नं0 807, मोहल्ला–हसनु कटरा कैन्ट फैजाबाद/अयोध्या, मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश शीरीन खान SHIREEN KHAN अंकित हो गया है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम शीरीन खान SHIRIN KHAN अंकित किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SHATROHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम SHATROHAN KANOJIA रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। SHATROHAN KANOJIA S/O: SHIVLAL DWARIKA KANOJIA, R/O: 120,GODWA DATLI THANA MALIHABAD, LUCKNOW

नेक काम — अन्य पुलिस अधिकारियों से भी आगे आने को कहा, सर्वधर्म प्रार्थना व श्रद्धांजलि सभा

# लावारिस शवों को कंधा देंगे पुलिस कमिश्नर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** समाज कल्याण सेवा समिति की ओर से शुक्रवार को फूलबाग गांधी प्रतिमा पर लावारिस मृतकों की आत्मशांति के लिए सर्वधर्म प्रार्थना व श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। लोगों ने मोमबत्ती जलाकर व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने आयोजक धनीराम पैंथर के कामों की प्रशंसा करते हुए इच्छा जताई कि एक दिन वह भी लावारिस शवों को कंधा देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अन्य पुलिस अधिकारियों से भी उम्मीद करते हैं कि वह भी इस नेक काम में आगे आएं और धनीराम का सहयोग करें।



कैंडिल जलाते कमिश्नर अखिल कुमार, एडवोकेट मनोज सिंह आदि। अमृत विचार

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में समिति के सचिव धनीराम पैंथर ने कहा कि अब तक 16500 से अधिक लावारिस शवों का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया गया है। उन्होंने कहा कि लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कैसे होता है, यह सब जानते हैं। लावारिस शवों का दुर्दशा देखकर उन्होंने 2009 में लावारिस शवों के अंतिम संस्कार का बीड़ा उठाया था। उन्होंने कहा कि न हिंदू बनूंगा न मुसलमान बनूंगा, इंसान की औलाद हूं, इंसान बनूंगा, यही सोच सबको रखनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट मनोज सिंह ने कहा कि सेवा समिति द्वारा विगत कई वर्षों से लावारिस मृतकों का उनके धर्मानुसार अंतिम संस्कार कराया जाता है, वास्तव में यही सुकर्म और मानवीय धर्म है।

# मुकदमा वापस न लेने पर बेटी पर चढ़ाई गाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मुकदमा वापस न लेने पर युवक ने कोचिंग से लौट रही पीड़िता की बेटी पर स्कूटी चढ़ा दी। हादसे में छात्रा के सिर व चेहरे पर चोटें आईं। पीड़िता ने हनुमंत विहार थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई।

हनुमंत विहार थानाक्षेत्र निवासी महिला ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला गौरव गुप्ता उसके व बेटी के साथ अश्लील हरकतें करता था, जिस पर उसने वर्ष 2022 में नौबस्ता थाने मं रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि कुछ समय बाद गौरव ने घर में घुस कर उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद 20 अक्टूबर 2022 को उसने हनुमंत विहार थाने में आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसका मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़िता का आरोप है कि गौरव मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहा था। जिस पर पीड़िता ने बीते 11 जनवरी को कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। जानकारी पर गौरव उसके घर में आया और मुकदमा वापस न लेने पर मार डालने की धमकी दी। 11 मार्च को पीड़िता की बेटी दोपहर को कोचिंग से लौट रही थी, तभी गौरव ने उस पर स्कूटी से टक्कर मार दी।

**आज का मौसम**
अगले पांच दिन आसमान साफ बना रहेगा।

| 29.0° अधिकतम तापमान | 15.7° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06 : 17 | सूर्यास्त 06 : 18 |




| इफ्तार (शनिवार) | सहरी (रविवार) |
|---|---|
| सुन्नी-06 :18 | सुन्नी-04 :59 |
| शिया-06 :30 | शिया-04 :47 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# हैलट में 16 बेड का नया वार्ड, सीटी मशीन भी

## उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने लखनऊ से किया रेड जोन व अन्य सुविधाओं का वर्चुअल लोकार्पण

**गुड न्यूज-1**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय (हैलट) में अत्याधुनिक इमरजेंसी सेवाओं से युक्त 16 शैय्या वार्ड (रेड जोन) का शुक्रवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने लखनऊ से वर्चुअल शुभारंभ किया। डिप्टी सीएम ने बताया कि अब हैलट से जुड़े कानपुर और आसपास के 18 जिलों के गंभीर रोगियों को त्वरित उपचार और आसानी से मिल सकेगा।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं में और इजाफा हुआ है। इमरजेंसी सेवाओं का विस्तार व सीटी स्कैन मशीन भी स्थापित की गई है। लखनऊ के एनेक्सी सभागार से इन स्वास्थ्य सुविधाओं का डिप्टी सीएम ने वर्चुअल शुभारंभ किया। हैलट में 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक वार्ड का निर्माण किया गया है। यह 16 शैय्या वार्ड अत्याधुनिक इमरजेंसी सेवाओं से युक्त है।

आधुनिक सेवाओं में 7.17 करोड़ रुपये की 128 स्लाइस वाली सीटी स्कैन मशीन भी लाला लाजपत राय चिकित्सालय में स्थापित की गई है। जिस जगह मशीन स्थापित है, उसी दायरे में मरीजों के लिए चेंजिंग व वेटिंग एरिया, रिसेप्शन और चिकित्सकों के बैठने की व्यवस्था है। उक्त मशीन के जरिए ब्रेन परफ्यूजन व बॉडी परफ्यूजन की भी सुविधा मिलेगी। जो कैंसर व स्ट्रोक के मरीजों के लिए उपयोगी है। बायोप्सी की सुविधा भी अब चिकित्सालय में रोगियों को मिलेगी। चिकित्सालय के एक वार्ड को 40 शैय्या युक्त इमरजेंसी वार्ड में परिवर्तित किया गया है। इसमें कुछ बेड वेंटीलेटर युक्त हैं। करीब 1.2 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम भी स्थापित किया गया है। इसकी विशेषता यह है कि एक ही बार में मरीज के पूरे शरीर का एक्सरे किया जा सकता है।

- वार्ड में अत्याधुनिक डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम लगा


हैलट रेड जोन में लगाई गई सीटी मशीन। अमृत विचार


लखनऊ से उद्घाटन करते डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार


विधायक नीलिमा कटियार और प्राचार्य प्रो. संजय काला ने हैलट में शिलापटों से पर्दा हटाया। अमृत विचार

# दिल्ली, मुंबई के लिए दो और फ्लाइटें मिलीं

**गुड न्यूज-2**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** 2 अप्रैल से दिल्ली, मुंबई के लिए शहर से दो और फ्लाइट शुरू हो रही हैं। यह फ्लाइट आकाशा एयर शुरू कर रहा है। फ्लाइट शुरू होने के लिए टर्मिनल का सर्वे पूरा हो गया है। उधर जनवरी से बंद हुई बंगलुरू की फ्लाइट 19 मार्च से दोबारा शुरू हो रही है। 19 मार्च से 2 अप्रैल तक यह फ्लाइट सप्ताह में सिर्फ तीन दिन ही चलेगी। फिर 2 अप्रैल से अपने तय शिड्यूल पर संचालित होगी। शहर से उड़ान सेवा में विस्तार होने पर यहां के उद्यमियों ने खुशी जताई है। उद्यमियों ने कोलकाता के लिए भी फ्लाइट मांगी है।


दो नई फ्लाइट मिलना सकारात्मक पहल है। यह फ्लाइट सफल हो सके इसके लिए यह जरूरी है कि इनका शिड्यूल यात्रियों की सुविधा के अनुसार किया जाए। दिल्ली और मुंबई के लिए सुबह व शाम की फ्लाइट का शिड्यूल हो। जिससे शहरवासी दिन में जाकर शाम तक अपना काम खत्म कर आसानी से वापस आ सकें। **-अतुल सेठ, उद्यमी**


दो और फ्लाइट मिलना खुशी की बात है। इसके लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। जरूरी है कि इनका शिड्यूल इस तरह से रखा जाए कि डोमेस्टिक और इंटरनेशनल कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने में शहर के लोगों को आसानी हो सके। **-सुशील शर्मा, चेयरमैन, इंडस्ट्री कमेटी, मर्चेंट चेंबर ऑफ उत्तर प्रदेश**


यह बहुत अच्छा है कि दिल्ली व मुंबई की दो फ्लाइट मिल गई हैं। बस अब कोलकाता के लिए फ्लाइट और शुरू हो जाए तो इससे शहर के लोगों को पूरे देश में जाने और आने में आसानी हो सकेगी। कारोबार पर भी इसका सकारात्मक असर होगा। फ्लाइट नियिमित चलनी चाहिए। **-सुनील वैश्य, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष, आईआईए**


नई उड़ान सेवा शहर के उद्यमियों के लिए फायदेमंद है। लंबे समय से शहर से उड़ानसेवा को विस्तार दिए जाने के लिए कारोबारी मांग कर रहे थे। जरूरी है यह फ्लाइट लगातार सेवाएं दे। अब अहमदाबाद व कोलकाता के लिए भी उड़ानसेवा सुविधा मिलने की उम्मीद कारोबारियों को बढ़ गई है। **-उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा**

## एक नजर

### कब्जे के विरोध पर पिता-पुत्रों पर रॉड से हमला

**कानपुर।** बर्रा क्षेत्र के जरौली में खाली प्लॉट पर कब्जे का विरोध करने पर दबंगों ने पिता पुत्रों पर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया। हमले में एक वृद्ध लहूलुहान हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल कराने के लिए भेजा।

बर्रा विश्व बैंक कॉलोनी निवासी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2013 में पिता हरेंद्र लाल श्रीवास्तव ने जरौली नाला रोड के सामने एक प्लॉट खरीदा था। जिसमें उन्होंने बाउंड्री वॉल करा दी। शुक्रवार को कुछ लोग प्लॉट की बाउंड्री वॉल तोड़ कर कब्जा कर रहे थे। इस पर वह पिता हरेंद्र व भाई चंदन के साथ पहुंचे तो दबंगों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया। जिससे सब घायल हो गये। बर्रा थाना प्रभारी टीबी सिंह ने बताया मामला संज्ञान में आया है।

# घूस लेते धरा गया सीएसए का बाबू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के बाबू को एंटी करप्शन टीम ने छह हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। बाबू ने सीएसए के कर्मचारी के निधन के बाद उसके बेटे से पेंशन बनाने के नाम पर 12 हजार रुपये की घूस मांगी थी। बाद में छह-छह हजार रुपये दो किस्तों में देने को कहा था। पीड़ित ने गूगल पर सर्च कर एंटी करप्शन का नंबर निकाला। इसके बाद बाबू को पकड़वा दिया। एंटी करप्शन टीम बाबू को लेकर फजलगंज थाने पहुंची। जहां रिपोर्ट दर्ज की गई।

पुराना कानपुर के रहने वाले सुरेंद्र सिंह कटियार सीएसए में कार्यरत थे। उनके बेटे अमित ने बताया कि पिता के निधन के बाद मां रजनी देवी पेंशन बनवाने के लिए लगातार सीएसए के चक्कर काट रही थीं। फाइल आगे बढ़ाने और पेंशन बनाने के नाम पर सीएसए के सहायक वरिष्ठ लिपिक पेंशन सेल शंकरबख्श सिंह ने 12 हजार रुपये घूस मांगी। अमित ने बताया कि पिता के निधन के बाद घर की माली हालत बहुत खराब है तो बाबू ने कहा कि छह-छह हजार रुपये दो बार में दे देना। इसके बाद अमित ने गूगल पर एंटी करप्शन टीम का नंबर निकालकर शिकायत की। एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया। शुक्रवार को अमित छह हजार रुपये लेकर सीएसए पहुंच गया। जहां बाबू ने जैसे ही छह हजार रुपये लिए, वैसे ही एंटी करप्शन टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद फजलगंज थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। एंटी करप्शन की इंस्पेक्टर अर्चना शुक्ला के नेतृत्व में यह पूरी कार्रवाई की गई।



आरोपी बाबू व पीड़ित अमित।

### अगर कोई रिश्वत मांगे तो यहां करिए कॉल

- अगर आपसे कोई रिश्वत मांग रहा है तो कॉल करें 9454402484 (एंटी करप्शन कंट्रोल रूम) 9454401987 (कानपुर टीम)। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

- एंटी करप्शन टीम ने रंगेहाथ दबोचा, रिपोर्ट दर्ज

# कॉर्डियोलाजी में डॉक्टरों और तीमारदारों में जमकर मारपीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्वरूप नगर थानाक्षेत्र में स्थित कॉर्डियोलाजी अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत का कारण पूछने पर डॉक्टर तीमरदारों पर भड़क गए। आरोप है कि डॉक्टरों ने अस्पताल में लगे कैमरे से अलग ले जाकर उन लोगों को गालीगलौज देते हुए जमकर मारापीटा। इस दौरान बचाव में उन लोगों ने भी मारपीट की। तकरीबन आधे घंटे तक चले विवाद के कारण अस्पताल में मौजूद लोगों में अफरातफरी मच गई। मृतक के बेटे ने डायल 112 को घटना की सूचना दी। पुलिस ने मृतक के ही घर के तीन लोगों को हिरासत में ले लिया।

जिला फतेहपुर के हरिहरगंज के रहने वाले आदित्य कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने पिता चंद्रपाल को तीन दिन पहले सीने में दर्द होने की शिकायत पर निजी अस्पताल में दिखाया था, जहां से उन्हें कार्डियोलॉजी के लिए रेफर किया गया था। बेटे ने पुलिस को बताया कि यहां पिता की पल्स अचानक से बंद हो जा रही थी। आरोप लगाया कि डॉक्टर से कई बार देखने के लिए कहा गया तो वह सुनने को तैयार नहीं थे। आदित्य कुमार का आरोप है कि शुक्रवार को आखिरकार लापरवाही के कारण पिता की मौत हो गई। आरोप है कि उन्होंने डॉक्टर से मौत का कारण पूछा तो वह भड़क गए। आरोप है कि डॉक्टरों ने पहले गाली गलौज की इसके बाद सीसीटीवी से हटकर घसीट कर ले गए और गालीगलौज करते हुए मारना पीटना शुरू कर दिया। बहन संध्या, रानी और अंजू ने अपने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू किया तो आरोप है कि डॉक्टरों ने मोबाइल छीन लिया। आरोप है कि इसके बाद उन लोगों से भी अभद्रता की। जिसके बाद उन लोगों को बचाने के लिए मारपीट करनी पड़ी। किसी तरह डॉक्टरों के चंगुल से छूटकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ितों की ओर से तीन लोगों से पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि थाने पहुंचकर दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया है।


कॉर्डियोलाजी में दोनों पक्षों की बात सुनती पुलिस। अमृत विचार

- पिता की मौत का कारण पूछने पर डॉक्टर भड़के
- अस्पताल में मची भगदड़, थाने में समझौता

# युवक ने खुद ब्लेड से काटा था हाथ

**कानपुर।** बिधनू थानाक्षेत्र में एक युवक ने ब्लेड से हाथ काटकर मौसेरे भाइयों पर आरोप लगा दिया। लेकिन एक वीडियो से उसकी पोल खुल गई।

मझावन निवासी 60 वर्षीय गणेश तिवारी के छोटे भाई अवधेश अविवाहित थे। वह बड़ी बहन सुनीता पांडेय के घर रह रहे थे। 24 फरवरी को अवधेश की बीमारी से मौत हो गई थी। गणेश का आरोप है कि बहनोई दिनेश पांडेय ने भाई की जमीन लिखवा ली है। गुरुवार को गणेश के बेटे दीपक ने फुफेरे भाई अनिल, सुनील पर चाकू मारकर घायल करने का आरोप लगाया था। इस मामले की जांच में पुलिस को एक वीडियो मिला जिसमें दीपक कुछ लोगों को हंसते हुए बता रहा कि वह फुफेरे भाइयों को फंसाने के लिए ब्लेड से हाथ काटकर चौकी पहुंच गया था। थाना प्रभारी प्रेम चन्द्र कनौजिया ने बताया कि युवक के खिलाफ झूठी कहानी रचकर शांति भंग करने की कार्रवाई होगी।

# महंत नृत्य गोपाल दास आए शहर सैकड़ों भक्तों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज का शुक्रवार को शहर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। सैकड़ों भक्तों ने सरसैया घाट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में महाराज के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।

सनातन वैदिक रामराज परिषद् के अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद महंत नृत्य गोपाल दास पहली बार शहर आए हैं। भक्त सरसैया घाट स्थित श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचे और महाराज के दर्शन किए, आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने बताया शनिवार को सुबह 10 बजे महंत नृत्य गोपाल दास महाराज के कर कमलों से महंत राम गोविंद दास महाराज का पट्टाभिषेक श्रीराम जानकी मंदिर सरसैया घाट में किया जाएगा। स्वागत करने वाले लोगों में सरसैया घाट श्रीराम जानकी मंदिर के महंत राम गोविंद दास महाराज, अध्यक्ष सनातन वैदिक रामराज परिषद् अजय कुमार मिश्र, अनिल पांडेय, डॉ. विश्वेश्वर पांडेय, राजीव अग्निहोत्री, नंद गोपाल मालवीय आदि मौजूद रहे।


महंत नृत्य गोपाल दास से आशीर्वाद लेते राम गोविंद दास।। अमृत विचार

- महंत राम गोविंद दास महाराज का करेंगे पट्टाभिषेक

# युवक की हत्या करने वालों पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मूलगंज थानाक्षेत्र के हटिया बाजार में देर से दुकान आने पर एक दुकान के कर्मचारी ने सहकर्मी दूसरे कर्मचारी को थप्पड़ जड़े और दुकान से भगा दिया था। बाजार में खुद की बेइज्जती का बदला लेने के लिए कर्मचारी ने बड़े भाई व दो साथियों के साथ दिन-दहाड़े दुकान में घुसकर कर्मचारी के सीने में चाकू घोंपकर हत्या कर दी थी। मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

कानपुर देहात के पुखरायां निवासी उमाशंकर द्विवेदी हटिया स्थित प्रशांत मल्होत्रा की दुकान में काम करते थे। उमाशंकर ने आठ दिसंबर को कर्मचारी रामू के देरी से आने पर थप्पड़ मार दिया। इसके बाद उसने बड़े भाई रवि उर्फ सोनू और दो साथियों के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने रवि उर्फ सोनू, उसके भाई रामू समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया था। एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह ने बताया कि प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है।

- मूलगंज थानाक्षेत्र के हटिया बाजार में हुई थी वारदात

# गोलीकांड में गुमराह कर रहा एलएलबी छात्र

**कानपुर।** चौबेपुर थानाक्षेत्र के चौधरीपुर गांव निवासी एलएलबी छात्र धर्मेंद्र यादव मंधना-बिठूर रोड स्थित पान मसाला कारोबारी के फार्म हाउस में नौकरी करता था। 23 फरवरी की रात नकाबपोश तीन बदमाशों ने उसे गोली मार दी थी। धर्मेंद्र के भाई अंकित ने बिठूर के भिड़इया निवासी छोटे उसके बेटे समेत चार के खिलाफ मारपीट और हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस संबंध में डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय और थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह ने धर्मेन्द्र से अलग-अलग पूछताछ की लेकिन वह बार-बार अपने बयान बदल रहा है। इससे स्पष्ट है कि वह कुछ न कुछ छिपा रहा है। पुलिस ने कहा कि छानबीन की जा रही है। जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।

**निखरेंगी प्रतिभाएं** राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के खेलों का होगा आयोजन, डे और नाइट हो सकेंगे मैच, क्रिकेट, वॉलीबाल, लॉन टेनिस, फुटबाल, हॉकी के लिए मैदान होगा तैयार

# अंतर्राष्ट्रीय मानकों पर विकसित होगा पालिका स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नगर निगम का पालिका स्टेडियम जल्द ही शहर की पहचान बनेगा। डे-नाइट मैचों में खिलाड़ियों की जोश भरी आवाज गूंजेगी। इसकी शुरुआत शुक्रवार को महापौर प्रमिला पांडेय ने मैदान का भूमिपूजन कर की। पालिका स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिए 12 मार्च को सीएम योगी आदित्यनाथ वर्चुअल शिलान्यास भी कर चुके हैं। भूमिपूजन के अवसर पर महापौर ने कहा कि युवाओं के विकास व खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य को भी इस स्टेडियम से गति मिलेगी।

पालिका स्टेडियम इधर कई सालों से बदहाली पर आंसू बहा रहा था। केंद्र व प्रदेश सरकार ने इसकी सुध ली। नगर निगम ने पहल करते हुए खेलो इंडिया से समन्वय स्थापित कर इस स्टेडियम को विकसित करने की ठानी। शुक्रवार को महापौर ने पालिका स्टेडियम में भूमिपूजन किया। महापौर ने बताया कि पालिका स्टेडियम के विकसित होने में करीब छह माह का समय लगेगा। इस दौरान वहां पर होने वाले खेलों और खिलाड़ियों के अभ्यास पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। सभी खिलाड़ी वर्तमान की तरह अपना अभ्यास जारी रख सकेंगे। स्टेडियम का काम पूरा होने के बाद खेलों के लिए एनआईएस स्तर के दो-दो कोच नियुक्त किए जाएंगे।


भूमि पूजन करतीं महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार


कुछ इस तर्ज पर बनेगा स्टेडियम। अमृत विचार

### उच्च स्तर की व्यवस्थाएं होंगी

अधिशाषी अभियंता आरके सिंह ने बताया कि पालिका स्टेडियम में नेशनल व प्रदेश लेवल के क्रिकेट और अन्य खेल प्रतियोगिताएं हो सकेंगी। मैदान को समतल किया जाएगा, जिससे मैदान में पानी का ठहराव नहीं हो सकेगा। खेल के साथ ही फिटनेस के लिए स्टेडियम में ओपेन जिम भी तैयार कराई जाएगी। पालिका स्टेडियम बीओटी मॉडल पर विकसित हो रहा।

### स्टेडियम में ये काम होंगे

स्टेडियम में वॉलीबाल, कबड्डी, लॉन टेनिस, क्रिकेट, फुटबाल, हॉकी के लिए मैदान तैयार किया जाएगा। चार फ्लड लाइटें भी लगाई जाएंगी। इससे डे और नाइट मैच होते रहेंगे। स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया और डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स के मानकों के आधार पर तैयार किया जाएगा। जिसमें तीन लॉन टेनिस सिंथेटिक कोर्ट, तीन नई क्रिकेट पिच, मूवेबल टेंपरेरी सिटिंग स्टैंड, ओपेन जिम बनाया जाएगा।

### अल्प आय वर्ग के बच्चों को प्राथमिकता मिलेगी

पालिका स्टेडियम में अल्प आय वर्ग के बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर खिलाया जाएगा। कई बार सुविधाएं न मिल पाने के कारण अल्प आय वर्ग के परिवारों के बच्चे हीनभावना का शिकार हो जाते हैं और उनकी प्रतिभा उचित मंच के अभाव में सामने नहीं आ पाती है।

पालिका स्टेडियम को अत्याधुनिक सुविधा से परिपूर्ण करने का उद्देश्य यह है कि शहर के ही नहीं, बल्कि आसपास के जिलों से आनेवाले खिलाड़ियों को एक उच्च स्तरीय मैदान खेलने के लिए मिल सके। इस मैदान के विकसित होने से बड़ी संख्या में खेल प्रतिभाएं निखर सकेंगी।
**प्रमिला पांडेय, महापौर, कानपुर नगर**

पालिका स्टेडियम विकसित होने से बड़ी प्रतियोगिताओं का आयोजन यहां सफलता पूर्वक एवं मानकों के अनुरूप हो सकेगा।
**सौरभ देव, सभासद वार्ड 15**

हेलो डाक्टर
जनरल सर्जरी से सम्बन्धित समस्याओं के लिए करें सवाल!
पित्ताशय मे पथरी, बढ़ती उम्र के साथ आंतो का उतरना, हार्निया, हाईड्रोसिल, बवासीर, आपेन्डिक्स एवं भगन्दर (फिस्चुला) जैसी समस्याओं के उपचार के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के जनरल सर्जरी विभाग के विषेयज्ञ डॉ0 शशिकांत से करें सवाल।

दिनांक 16 मार्च दिन शनिवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805701

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# तीन अरब से बनी हवाई पट्टी पर मवेशी चरते, गोबर करते

## अप्रैल 2022 में विमान लैंडिंग के दौरान मिलीं खामियां अब तक नहीं हुईं दूर

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** मरहमताबाद गांव में अरबों रुपये की लागत से बनी हवाई पट्टी जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते पिछले आठ साल से बदहाली का शिकार होकर रह गई है। जबकि प्रदेश के ही अन्य छोटे-छोटे जिलों में बनी हवाई पट्टी से प्लेन उड़ान भर रहे हैं। देखरेख व संचालन न होने के कारण हवाई पट्टी केवल चरवाहों के गाय और भैंस चराने के काम ही आ रही है।

जनपद की इकलौती हवाई पट्टी का प्रस्ताव वर्ष 2014 में समाजवादी पार्टी की सरकार में पास हुआ था। वर्ष 2015 में करीब 3.12 अरब रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था राइट्स लिमिटेड ने हवाई पट्टी का निर्माण शिवली क्षेत्र के भेवान, मरहमताबाद व बारनपुर कहिंजरी के क्षेत्रों को मिलाकर किया था। करीब तीन किलोमीटर लंबी व तीन सौ मीटर चौड़ी हवाई पट्टी का काम वर्ष 2017 में पूरा हो गया था। वर्ष 2018 में नागरिक उड्डयन विभाग की ओर से हवाई पट्टी पर राजकीय विमान उतारकर टेस्टिंग की गई थी। अप्रैल 2022 में नागरिक उड्डयन विभाग की ओर से प्रशासनिक अफसरों के साथ टीम बनाकर हवाई पट्टी पर विमान की लैंडिंग कर स्थिति जांची गई थी। कुछ कमियां मिलने पर उन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन सुधार नहीं हो सका है। मौजूदा समय में मरहमताबाद हवाई पट्टी की देखरेख का जिम्मा जिला प्रशासन के पास है। इसके बावजूद किसी कर्मचारी की तैनाती नहीं है। छुट्टा मवेशी पूरे दिन वहां पर घूमते हैं और रन-वे पर गोबर फैला रहता है।



मरहमताबाद हवाई पट्टी पर मवेशियों का बिखरा गोबर व हवाई पट्टी तक उगी झाड़ियां। अमृत विचार

### केंद्रीय, कैबिनेट व राज्यमंत्री के बाद भी मामला ठंडे बस्ते में

कानपुर देहात जिले का प्रतिनिधित्व प्रदेश से लेकर केंद्र सरकार तक है। बता दें कि जालौन-गरौठा लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद भानुप्रताप वर्मा केंद्रीय राज्यमंत्री हैं। जबकि केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति का आश्रम भी मूसानगर में है। इसी तरह भोगनीपुर विधायक राकेश सचान प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। अकबरपुर-रनियां विधायक प्रतिभा शुक्ला व सिकंदरा विधायक अजीत पाल सिंह भी प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री हैं। इसके बाद भी हवाई पट्टी संचालन का मामला ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।

### धरी रह गई हवाई पट्टी लीज पर देने की कवायद

वर्ष 2022 में नागरिक उड्डयन विभाग के अपर निदेशक विष्णु भूषण की देखरेख में सात सदस्यीय टीम ने मरहमताबाद हवाई पट्टी पहुंच कर निरीक्षण किया था। साथ ही कमियां दूर कर कर उसको लीज पर देने की बात कही थी। लेकिन मामला अधर में ही लटका हुआ है।

### पूर्व सीएम ने डेढ़ साल पहले कसा था तंज

महरमताबाद हवाई पट्टी की बदहाली पर सितंबर 2022 में पूर्व मुख्यमंत्री व सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर व्यंग्य किया था। सपा प्रमुख ने प्रदेश सरकार पर तंज कसते हुए ट्वीट कर लिखा था कि भाजपा सरकार ऐसे विकास के लिए थैंक्यू के बोर्ड कब लगवा रही है।

"हवाई पट्टी का समय-समय पर पुलिस के साथ औचक निरीक्षण किया जाता है। ग्रामीणों ने जो रास्ता खोला है उसे बंद कराया जाएगा। मवेशी चराते मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

-अनिल चौधरी
नायब तहसीलदार मैथा



हवाई पट्टी बनने से कानपुर देहात समेत आसपास के जिलों में भी विकास की संभावनाएं बढ़ी थीं। लेकिन हवाई पट्टी का संचालन शुरू नहीं हो सका है। अरबों रुपये खर्च होने के बाद भी वह किसी काम में नहीं आ पा रही है।

-अनुराग शुक्ला शिवली



हवाई पट्टी बनने के बाद अधिकारियों ने कई चक्रों में टेस्टिंग भी कर ली थी। लेकिन संचालन अब तक शुरू नहीं हो सका। करीब दो साल पहले विमान लैंडिंग के दौरान फिर कुछ खामियां पाई गईं, जो अब तक दूर नहीं हो सकी हैं।

-सौरभ दीप तिवारी, शिवली



हवाई पट्टी बनने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों लोगों को रोजगार मिलने की आस जगी थी। लेकिन संचालन न होने से हवाई पट्टी मवेशियों का डेरा बनकर रह गई है। मौजूदा समय में देखरेख न होने के कारण हवाई पट्टी बदहाल पड़ी है।

-रामू वर्मा ग्राम प्रधान भेवान



हवाई पट्टी का संचालन न होने से लोग वहां मवेशी चराते हैं। पूर्व में इसपर रोक लगाई गई थी। कुछ दिन बाद हालात फिर से जस के तस हो गए। आसपास के ग्रामीणों ने हवाई पट्टी से होकर आवागमन का आम रास्ता बना लिया है।

-दयालु शुक्ला निवासी मवैया

## एक नजर

### मौज-मस्ती के लिए चोरी कीं दो स्कूटी

**कानपुर।** स्वरूप नगर पुलिस ने दो बाल अपचारी वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। स्वरूप नगर इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने बताया कि ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी की सहायता से दो स्कूटी चोर बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। दोनों बाल अपचारी ने पूछताछ में बताया कि मौज मस्ती के पैसों की जरूरत थी जिसके लिए दोनों ने योजना बना कर मोतीझील के अलग-अलग जगहों से दो स्कूटी चोरी की थीं। सीसीटीवी देखे गए जिससे दोनो स्पष्ट दिखाई दिए और पहचान कराकर दोनों को गिरफ्तार कर कब्जे से स्कूटी बरामद कर ली गई। टीम में उप निरीक्षक कविन्द्र खटाना, कां. चित्र कुमार, राजकमल, नवीन कुमार शामिल रहे।

### युवती का छीना मोबाइल

**कानपुर।** बर्रा दो में शुक्रवार को बाइक सवार लुटेरों ने युवती का मोबाइल छीन लिया। काले रंग की बाइक सवार दो संदिग्ध सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए। शुक्लागंज उन्नाव निवासी दीक्षा बाजपेई निजी काम से बर्रा दो स्थित राम जानकी मंदिर के पास आई थीं। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वापस पैदल लौटने के दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर मोबाइल छीन लिया।

# खड़े डंपर में घुसी बस, चालक की मौत, 12 यात्री घायल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घटना के बाद क्षतिग्रस्त बस।

- मेहंदीपुर बालाजी से दर्शन कर लौट रहे थे श्रद्धालु
- रायबरेली से गई थी श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस
- नौबस्ता हाईवे पर शुक्रवार सुबह हुआ हादसा

**अमृत विचार।** राजस्थान के मेहंदीपुर बालाजी से दर्शन करके लौट रही श्रद्धालुओं से भरी प्राइवेट बस ड्राइवर को झपकी आने के कारण शुक्रवार सुबह नौबस्ता हाईवे किनारे खराब खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में बस चालक की मौत हो गई। वहीं 12 सवारियां घायल हो गईं। पुलिस ने घायलों को कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा।

रायबरेली के लालगंज निवासी विमलेश ने बताया कि उनके भाई अवधेश कुमार (52) प्राइवेट बस चालक थे। परिवार में पत्नी साधना समेत तीन बेटी और एक बेटा है। बताया कि 10 मार्च को भाई रायबरेली से सवारियों से भरी बस लेकर राजस्थान के बालाजी मंदिर गए थे। वहां दर्शन करने के गुरुवार रात को वह बस लेकर रायबरेली के लिए लौट रहे थे। रास्ते में शुक्रवार सुबह करीब छह बजे नौबस्ता हाईवे पर प्रताप होटल के पास बस हाईवे किनारे खड़े खराब डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में बस का केबिन क्षतिग्रस्त होने से अवधेश गंभीर रूप से घायल हो गए। बस में मौजूद 55 सवारियों में से 12 सवारियां घायल हो गईं।

मौके पर पहुंची नौबस्ता पुलिस ने घायलों को कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा। जहां डाक्टरों ने बस चालक अवधेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद हाईवे पर करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने क्रेन से क्षतिग्रस्त बस और डंपर को हटवा कर यातायात सुचारू कराया।



हाईवे पर लगी वाहनों की कतार। अमृत विचार



घायल बच्चा।



मंजू।



ललित कुमार।



रामनरेश।



ज्योति।



विमला।



रामजानकी।



रंजीत।

### घायलों के नाम

- बृजकिशोर मिश्रा (52) पुत्र चंद्रपाल मिश्रा निवासी गोविंदपुर राही थाना मिल एरिया रायबरेली
- मुन्नी देवी (45) पत्नी बृज किशोर मिश्रा निवासी गोविंदपुर राही थाना मिल एरिया रायबरेली
- रमाकांत मिश्रा (28) पुत्र बृज किशोर निवासी गोविंदपुर राही थाना मिल एरिया रायबरेली
- मंजुला मिश्रा ( 48) पत्नी अमरीश मिश्रा निवासी सुल्तानपुर खेड़ा थाना गुरुबक्शगंज रायबरेली
- राम जानकी (44) पत्नी संतोष निवासी अनापुर सुमरपाह थाना लालगंज कोतवाली रायबरेली
- मंजू (38) पत्नी दीपू निवासी थाना गुरुबख्शगंज रायबरेली
- रंजीत (28) कुमार पुत्र छेदीलाल साहू निवासी थाना गुरुबक्शगंज पोस्ट कोरिहर जिला रायबरेली
- ललित कुमार (52) पुत्र तीर्थनाथ निवासी रण गांव थाना लालगंज रायबरेली
- रामनरेश (35) पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम संतपुर थानाधरमऊ जिला रायबरेली
- अमित कुमार शुक्ला (38) पुत्र शिव शंकर शुक्ला निवासी गुरुबख्शगंज थाना गुरुबख्शगंज रायबरेली
- किरण देवी (36) निवासी गुरूबख्शगंज थाना गुरुबख्शगंज रायबरेली
- दिव्यांशी (6) पुत्री सत्येंद्र कुमार निवासी जहांगीराबाद थाना डलमऊ रायबरेली।

# पूरे परिवार का सफाया करके लगा लूंगा फांसी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पत्नी ने पति पर लगाया धमकी देने का आरोप



**अमृत विचार।** नवाबगंज थानाक्षेत्र में दहेज की मांग को लेकर एक महिला ने ससुरालीजनों पर मानसिक व शारीरिक प्रताड़नाएं देने का आरोप लगाया। आरोप लगाया कि वह गर्भ से हुई तो ससुरालीजनों ने उसे घर से भगा दिया। आरोप है कि पति ने एक अज्ञात व्यक्ति के साथ मायके पहुंचकर उसके परिवार का सफाया करके खुद फांसी लगाने की धमकी दी। इसके बाद गोली मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पति समेत चार पर रिपोर्ट दर्ज की है।

रोडवेज कालोनी रावतपुर निवासी नीतू सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी 21 अप्रैल 2022 को सौरभ गौतम निवासी आवास विकास कल्यानपुर से हुई थी। उन्होंने दर्ज एफआईआर में बताया कि सौरभ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रसूलाबाद शाखा कानपुर देहात में नौकरी करता है। आरोप लगाया कि ससुरालीजन शादी के बाद से ही कम दहेज लाने का ताना देते थे। गर्भवती होने पर ससुरालीजनों ने और उत्पीड़न शुरू कर दिया। गर्भावस्था में ही उसे सारा सामान और कपड़े लत्ते छीनकर घर से भगा दिया। महिला ने आरोप लगाया कि 12 मार्च 2024 को पति सौरभ शराब के नशे में मायके आए और गाली गलौज करते हुए पूरे परिवार का सफाया कर देने की बात कहते हुए स्वयं फांसी लगा लेने की धमकी देने लगे। 13 मार्च को वह एक बार किसी अन्य व्यक्ति के साथ नशे में आए और गालीगलौज करते हुए गोली मारने की धमकी दी। नवाबगंज प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि पति सौरभ, सास ऊषा, ननद सोनी व कोमल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# होली पर और सतर्कता बढ़ी, क्यूआरटी बनी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सेंट्रल के आउटर पर पिकेट प्वाइंट निर्धारित
- 30 से अधिक ट्रेनों में एस्कार्ट टीम की ड्यूटी लगाई गई

**अमृत विचार।** होली के त्योहार को देखते सेंट्रल स्टेशन पर यात्रियों का लोड बढ़ा है। सभी ट्रेन फुल आ रही हैं। ऐसे में यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था को देखते जीआरपी ने गश्त और पिकेट प्वाइंट बढ़ाए हैं। विभिन्न रूटों पर ट्रेनों में एस्कार्ट भी चल रहा है।

जीआरपी के प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि आउटर पर 13 पिकेट प्वाइंट हैं। जहां पुलिस कर्मी हमेशा मुस्तैद रहते हैं। रात के समय मुस्तैदी और बढ़ा दी जाती है। इसके साथ ही सभी प्लेटफार्मों पर नियमित गश्त हो रही है। संदिग्धों से सख्ती से पूछताछ की जाती है। सीसीटीवी से भी निगरानी की जा रही है। इसके अलावा क्यूआरटी का गठन किया गया है। मौजूदा समय में 30 से अधिक ट्रेनों में एस्कार्ट की ड्यूटी लगाई गई है।

जिस क्षेत्र में अपराध की आशंका या आपराधिक घटनाएं होती रही हैं वहां पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि जैसे सिग्नल न होने के कारण आउटर पर ट्रेनें रुक जाती हैं। इसी का फायदा उठाकर मोबाइल व सामान छीनने की घटनाएं होती हैं।

# चेक बाउंस में महिला को एक साल की सजा

**कानपुर।** चेक बांउस के मामले में अतिरिक्त न्यायालय ने महिला को दोषी मानते हुए एक साल की सजा व 1.20 लाख जुर्माना लगाया।

जागेश्वर मंदिर नौबस्ता निवासी अनिल कुमार पांडेय के मुताबिक वर्ष 2018 में हनुमंत विहार निवासी राजकुमारी तिवारी ने उनसे 90 हजार रुपये उधार लिए थे। जिसके एवज में राजकुमारी ने 21 दिसबंर 2018 की भारतीय स्टेट बैंक की चेक दी थी। चेक बाउंस हो गई। जिस पर अनिल ने सात जनवरी 2019 को राजकुमारी को नोटिस दी। इसके बाद अतिरिक्त न्यायालय सुरेश चंद्र सविता की कोर्ट में परिवाद दाखिल किया था। शुक्रवार को न्यायाधीश ने राजकुमारी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# शव रखकर जाम लगाया, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी थानाक्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में दोस्तों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराए गए पनका निवासी बीएससी छात्र सागर कमल की मृत्यु हो गई। परिजन पोस्टमार्टम होने के बाद शाम को शव लेकर घर पहुंचे और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। दर्जनों लोगों के साथ पनकी थाना पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी में हीलाहवाली और मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाने की मांग करने लगे। पुलिस ने समझा कर किसी तरह वापस भेजा।

डीसीपी विजय ढुल पनकी पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बाद में परिजन और ग्रामीणों ने घर पर शव रख दिया। जिस पर एसीपी पनकी तेज बहादुर सिंह समेत तीन थानों का फोर्स तैनात रहा। एसीपी के मुकदमे में धारा बढ़ाने के आश्वासन के बाद परिजन अंतिम संस्कार को राजी हुए, लेकिन आगे चलकर हाईवे के किनारे पुनः शव रखकर मुकदमे में इरादतन हत्या की धारा तत्काल बढ़ाने की मांग कर हंगामा करने लगे। इस दौरान कई बार परिजनों से पुलिस की नोकझोंक हुई। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझाया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि मृतक ने अपने दोस्तों के साथ शराब पी थी। बाद में एक अपार्टमेंट से गिरने की बात सामने आई है। मामले की जांच के बाद कार्रवाई होगी।



पुलिस से परिजनों की होती बहस। अमृत विचार

- दोस्तों के साथ युवक ने पी थी शराब, इसके बाद अपार्टमेंट से गिरने की बात सामने आई

# रावतपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त विजय ढुल ने रावतपुर थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, परिसर का भ्रमण व निरीक्षण किया। इस दौरान कार्यालय में अभिलेखों को चेक किया। थाना परिसर व भवन का निरीक्षण करते हुए बेहतर साफ-सफाई एवं रखरखाव के लिए निर्देशित किया। पुलिसकर्मियों से शस्त्रों के बारे में जानकारी की गई व पुलिसकर्मियों के भोजन व्यवस्था के लिए मैस को भी चेक किया गया। प्रभारी निरीक्षक अशोक सरोज से गम्भीर अपराधों के मुकदमे विशेष कर एससी-एसटी एक्ट, महिला संबंधी अपराध, पॉक्सो एक्ट आदि के सम्बन्ध में जानकारी की गई।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## पुलिस का खुलासा
**दो मार्च को स्कूल संचालिका का पड़ोसी साथियों के साथ पहुंचा था घटना को अंजाम देने**

# पड़ोसी था मास्टरमाइंड, परिजनों की हत्या कर संपत्ति हड़पनी थी



चकेरी पुलिस की गिरफ्त में बदमाश।

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद पकड़े गए बदमाशों ने घटना के खोले राज

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में गुरुवार देर रात सजारी पुल के पास पुलिस की बदमाशों से हुई मुठभेड़ का खुलासा हो गया है। पुलिस ने घटना का पर्दाफाश किया तो सभी के होश उड़ गए। घटना का मास्टर माइंड पड़ोसी निकला। स्कूल संचालिका के पड़ोसी ने उनकी परिवार समेत हत्या करने के बाद संपत्ति हड़पने की साजिश रची थी। आरोपी और उसके साथी स्कूल संचालिका के घर में लूट में असफल होने के बाद उनकी बेटी-दामाद की हत्या की साजिश रच चुके थे। वृद्धा की बेटी के घर घटना को अंजाम देने जा रहे थे, तभी उनकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई और चार आरोपी दबोचे गए।

डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि चकेरी के सुभाष रोड निवासिनी स्कूल प्रबंधक 70 वर्षीय हेमलता जोशी के पति नवीन चंद्र जोशी का कोरोना से निधन हो गया था। उनके पड़ोस में रहने वाली महिला बिट्टो उर्फ प्रीति, नवीन जोशी को राखी बांधती थी, जिसकी वजह से बिट्टो और उनके पति मुकेश महाजन उर्फ राजू का घर में आना-जाना था। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में मुकेश जब महाराजपुर थाने से डकैती के मामले में जेल गया तो हेमलता के परिवार ने उनसे दूरी बनानी शुरू कर दी। वह इस बात की खुन्नस रखने लगा था। इस बीच मुकेश की मुलाकात जेल में कल्याणपुर में डॉक्टर के घर डकैती डालने वाले उत्तराखंड निवासी दयाल सिंह और मध्य प्रदेश निवासी सत्येंद्र सिंह से हुई। जेल में ही तीनों ने स्कूल संचालिका के घर डकैती की योजना बनाई। आरोपी दयाल के जेल से छूटने के बाद मुकेश ने उससे संपर्क किया। इसके बाद दो मार्च को दयाल उत्तराखंड के अपने साथी तेज सिंह नेगी, चंदन और सतेंद्र के साथ वारदात को अंजाम देने आया था। इस दौरान आरोपियों ने वृद्धा के नाती को बंधक बना लिया लेकिन वह वारदात को अंजाम देने में सफल नहीं हो सके। आरोपी उसका मोबाइल लूटकर फरार हो गए थे। इसके बाद मुकेश ने साथियों के साथ मिलकर वृद्धा और उनके बेटी-दामाद की हत्या के बाद पूरी संपत्ति हड़पने की साजिश रची। जिसे अंजाम देने के लिए वे जा रहे थे, तभी पुलिस मुठभेड़ के बाद दबोच लिया गया। पूरी घटना का मास्टरमाइंड मुकेश है जो पुलिस से फरार है।

डीसीपी ने बताया कि कल्याणपुर थानाक्षेत्र में वर्ष 2022 में डॉ सुशील चौधरी के घर हुई डकैती में आरोपी दयाल, अभिलाष कुमार, मंगलदीप जेल भेजे गए थे। उस मामले में आरोपी प्रकाश उर्फ तेज सिंह नेगी और चंदन फरार चल रहे थे, जिन्हें चकेरी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। शातिरों को गिरफ्तार करने में प्रभारी निरीक्षक चकेरी अशोक कुमार दुबे, उपनि देवीशरण सिंह, आदेश कुमार, विपिन कुमार बघेल, रवीन्द्र राणा आदि शामिल रहे।

### भाजपा में शामिल होने गए बसपा के कद्दावर नेता, पूर्व मंत्री अंटू मिश्रा कार्यालय से लौटाए गए

# बड़े बे-आबरू होकर भाजपा के कूचे से अंटू निकले

विशेष संवाददाता, कानपुर



भाजपा कार्यालय में बैठे पूर्व मंत्री अनंत मिश्रा। अमृत विचार

**2007** में स्वास्थ्य मंत्री बने थे

**2006** में बसपा में शामिल हुए थे

- दिल्ली से फोन घनघनाया और बिगड़ गयी कहानी
- मायावती सरकार में थे पावरफुल कैबिनेट मंत्री
- एनआरएचएम घोटाले में काफी दाग लगे थे

**अमृत विचार।** मायावती कैबिनेट के दागी मंत्री कानपुर के अनन्त मिश्रा (अंटू) को लखनऊ भाजपा कार्यालय से बैरंग लौटा दिया गया। सियासी बियाबान में बिना झंडे के भटक रहे अंटू मिश्रा को शुक्रवार को भाजपा कार्यालय पार्टी में शामिल कराने को बुलाया गया था। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, जलसंसाधन मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह की उपस्थिति में अंटू को सदस्यता लेनी थी। फोटो तक खिंचवा ली थी पर भाजपा का दुपट्टा नहीं पहन सके। इससे पहले कि उनका नाम पुकारा जाता, दिल्ली से एक फोन प्रदेश अध्यक्ष के फोन पर आया। इसके बाद अंटू को कार्यालय छोड़कर जाने को कह दिया गया। अंटू कानपुर लौट आए। भाजपा के नेता बताते हैं कि उनकी सदस्यता का मामला होल्ड पर है।

भाजपा में इससे पहले भी मायावती के कैबिनेट मंत्री रहे एनआरएचएम घोटाले में आरोपी बाबू सिंह कुशवाहा की ज्वाइनिंग होनी थी। पर उन्हें भी सदस्यता दिए बिना ही वापस कर दिया गया था। अनंत मिश्रा उर्फ अंटू का यह दूसरा मामला है। ऐन मौके पर इंकार किए जाने से अंटू बहुत निराश दिखायी दिए। वर्ष 2007 में ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम समीकरण से मायावती की पूर्ण बहुमत से सरकार बनी थी। तब ब्राह्मणों को एक करने के लिए सतीश मिश्रा के साथ अंटू भी कदमताल कर रहे थे। मायावती सरकार में उनका राजनीतिक जलवा था। क्राइस्ट चर्च कालेज से छात्र राजनीति की पारी शुरू करने वाले अनंत मिश्रा कानपुर से तीन बार विधानसभा चुनाव हारे।

2007 में फर्रुखाबाद से विधायक बन बहुजन समाज पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य मंत्री बने। कांग्रेस में अंटू एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव, यूथ कांग्रेस और बाद में समाजवादी युवजन सभा की कानपुर यूनिट में भी पद पर थे।

सन 1993 में अनंत जनरलगंज विधानसभा क्षेत्र से सपा से लड़े थे। नीरज चतुर्वेदी से वह 17 हजार वोटों से हारे। 2002 में आर्यनगर विधानसभा सीट से भाजपा की टिकट पर लड़े पर सपा के हाजी मुश्ताक सोलंकी से हार गए। 2006 में अनंत बसपाई हुए।

उत्तर प्रदेश में 2007 में बहुजन समाज पार्टी ने बहुमत से सरकार बनाई थी। अंटू को स्वास्थ मंत्री की शपथ दिलायी गयी और फरुर्खाबाद सदर से लड़ाकर विधानसभा लाया गया। नेशनल रूरल हेल्थ मिशन घोटाले में वह लिप्त पाए गए। यह मामला सीबीआई तक पहुंचा। जांच और चार्जशीट के बाद 2016 में अनंत और उनके माता-पिता के खिलाफ वॉरंट जारी हुआ। तीनों ने गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट में 50-50 लाख रुपये जमा कराए। बताया जाता है कि सभी जमानत पर हैं। बसपा में हाशिए पर पहुंचा दिए गए अंटू ब्राह्मण राजनीति में सक्रिय रहे।

# स्टार्टअप ही देश का भविष्य होंगे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

- सीएसजेएमयू में नवाचार के लिए दो दिवसीय कार्यशाला

**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को दो दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। फैकल्टी एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट के लिए हुई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने अपनी राय रखी। युवाओं की ओर से किए जा रहे स्टार्टअप के प्रयासों को देश का भविष्य बताया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कानपुर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. बीडी पाण्डेय ने की। इस दौरान यूआईईटी की डायरेक्टर डॉ. बृष्टी मित्रा, इनोवेशन एंटरप्रेन्योरशिप एंड स्टार्टअप की डीन डॉ शिल्पा कायस्था, सीएसजीएमआईएफ के डायरेक्टर डॉ. विवेक सचान, सीएसजेएमआईएफ के डायरेक्टर डॉ. सुधांशू राय व मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्रा भी मौजमूद रहे। कार्यशाला के दौरान डॉ. बीडी पाण्डेय ने कहा कि स्टार्टअप वर्तमान भारत का भविष्य है। शिक्षको को इस प्रकार का ज्ञान उपलब्ध करा कर इनोवेशन फाउंडेशन के माध्यम से एक ऐसी शुरुआत कर रहे हैं, जिससे देश के विकास को गति प्रदान की जा सकती है। उधर डॉ शिल्पा कायस्था ने इनोवेशन इकोसिस्टम के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान उन्होने नवाचार के लिए सरकार की ओर से की जा रही सहायता के बारे में भी जानकारी दी। नीतू शुक्ला ने व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक नीति ज्ञान तथा स्टार्टअप स्थापित करनें वाले युवकों को कम्पनी पंजीकरण के लिए जरूरी जानकारी उपलब्ध कराई। तकनीकी सत्र में एक्सिस कॉलेज के सेवानिवृत निदेशक सुनील शुक्ल ने उद्यम स्थापित करने के लिए प्रबंधन के आवश्यक अवयवों पर ज्ञान प्रदान किया। नवाचार के संयुक्त अधिष्ठाता डॉ. दिव्यांश शुक्ल ने भारतीय बौद्धिक सम्पदा अधिकार, पेटेन्ट, ट्रेडमार्क एवं ब्रांडिंग द्वारा नवाचार में अभिवर्धन किये जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला में इन्क्यूबेशन मैनेजर अनिल कुमार त्रिपाठी, जसवन्त कुमार व अनुभव मौर्या ने भी विचार रखे।

# रमजान के जुमे पर कड़ी सुरक्षा, पुलिस सड़क पर

### मस्जिदों के बाहर तैनात रहा भारी पुलिस बल, चप्पे-चप्पे पर की गई निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



संवेदनशील इलाकों में गश्त करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नागरिकता संशोधन कानून लागू होने के बाद रमजान में पहली जुमे की नमाज को लेकर पुलिस अलर्ट रही। मस्जिदों के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के आसपास भारी पुलिस बल लगाया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज अता की गई। सुबह से ही पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार समेत कमिश्नरेट के सारे आलाधिकारी और पुलिस कर्मी शहर के अति संवेदनशील और संवेदनशील इलाके में सीआरपीएफ, पीएसी के साथ पैदल मार्च करते रहे। ड्रोन से भी निगरानी की गई।

पुलिस कमिश्नर ने चेतावनी दी है कि अगर किसी ने सीएए को लेकर कोई भी भ्रामक जानकारी या अफवाह फैलाई तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि सीएए और सपा विधायक इरफान सोलंकी मामले को लेकर पुलिस चौकन्ना है। मस्जिदों से ऐलान करवाकर लोगों को जानकारी दी जा रही है कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, लेने का कानून नहीं है। कानून को लेकर बहुत से लोगों को भ्रम है तो कुछ लोग भ्रामक जानकारी भी फैला रहे हैं। यतीमखाना, रावतपुर और बाबूपुरवा समेत अन्य मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस फोर्स, पीएसी और आरएफ तैनात की गई है। पुलिस अधिकारी मार्च कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नर से लेकर संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था और चारों जोन के डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी, थानेदार सड़क पर दिखाई दिए।

## रमजान माह में मिट जाता अमीरी-गरीबी का फर्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मिल-बांटकर खाने का तरीका बताता है रोजे का इफ्तार



मौलाना नुसरत आब्दी।

**अमृत विचार।** अल्लाह ने रोजे इसलिए वाजिब किए, ताकि सभी को भूख का बराबर से एहसास हो। लोग एक दूसरे की मदद करें। रोजे में अमीरी और गरीबी का फर्क मिट जाए। सभी एक साथ बैठकर मिल और बांटकर इफ्तार करें।

इमामे जमाअत मस्जिद आजमअली खां के मौलाना नुसरत आब्दी ने बताया कि अगर सामाजिक दृष्टि से बात करें तो रोजा भूखों की समस्याओं को समझने का एहसास कराता है। इन दिनों ही पता चलता है कि लोग भूखे होते हैं तो वह किस दर्द से गुजरते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसा इंसान जिसके पास दौलत खूब हो और वो कभी भूखा न रहा हो, उसे क्या भूख का एहसास होगा। उसे यह कतई नहीं पता चलेगा कि एक गरीब की भूख क्या होती है। ऐसे में जब इंसान रोजा रखता है तो उसे भूख और प्यास दोनों का एहसास होता है। इसी एहसास की वजह से वो गरीबों की समस्याओं को समझ सकता है। अल्लाह ने रोजे को सभी पर वाजिब किया है, ताकि रोजे की हालत में अमीरी और गरीबी का फर्क मिट जाए। रमजान के महीने में लोगों के दिलों में हमदर्दी पैदा होती है। लोग एक दूसरे की मदद करते हैं। इमाम सादिक ने बताया कि अल्लाह ने रोजे को इसलिए भी वाजिब किया है, जिसमें धनी और गरीब एक साथ बैठकर इफतार कर सकें। दोनों में भूख का बराबर से एहसास हो। एक दूसरे दर्द समझे और मदद करें। रमजान रहमतों, बरकतों का महीना है।

## सार-संक्षेप



मृत बच्चों के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते विधानसभा अध्यक्ष।

### सरयू में डूबे बच्चों के परिजनों से मिले महाना

**कानपुर।** बीते रविवार को सरयू नदी में डूबे बर्रा विश्वबैंक निवासी तीन बच्चों के परिजनों से मिलने शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष ने परिजनों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली, साथ ही हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बीते नौ मार्च को बर्रा विश्वबैंक आई ब्लॉक निवासी शुभम मिश्रा उर्फ रवि, हर्षित अवस्थी, अध्ययन सिंह उर्फ प्रांशु, कृष्णा सहगल, अमन शर्मा व तनिष्क पाल के साथ अयोध्या रामलला के दर्शन करने गए थे। 10 मार्च को सरयू नदी में स्नान के दौरान रवि सरयू नदी में डूबने लगा, जिस पर हर्षित व प्रांशु ने बचाने की कोशिश की। जिसमें तीनों बच्चों की मौत हो गई थी। शुक्रवार को मृत बच्चों के परिजनों से मिलने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना उनके आवास पर पहुंचे। विधानसभा अध्यक्ष ने पीड़ित परिजनों को ढांढ़स बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं जानकारी दी कि पीड़ित परिवार को राज्य सरकार की ओर से चार-चार लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है।



भाजपा नेताओं का स्वागत किया गया। अमृत विचार

### लक्ष्मी साइकिल, पंजे पर नहीं, कमल पर आती हैं

**कानपुर।** बर्रा बाईपास स्थित गेस्टहाउस में भाजपा महिला मोर्चा के बैनर तले महिला कवि सम्मेलन हुआ। कार्यक्रम में महिला कवियत्रियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने महिला कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए 2024 लोकसभा जीत का मंत्र दिया। प्रकाश पाल ने कहा कि विकास की लक्ष्मी साइकिल या पंजे पर नहीं, सिर्फ कमल पर ही आती हैं। कार्यक्रम में केंद्र राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गयी। प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारी करने को कहा। साहित्य के क्षेत्र में काम करने के लिए गीता चौहान, नारायणी शुक्ला, राधा शाक्य, कमलेश शुक्ला, सुषमा सेंगर उमा ,अनीता मौर्या, शैलजा मणि, सुनीता, अनामिका, सुषमा चौहान, ललिता, हेमा पटेल को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निवेदिता श्रीवास्तव की उपस्थिति रही। संचालन विजया तिवारी ने किया। पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, आभा द्विवेदी, जयंती वर्मा, मोना शुक्ला, पुष्पा तिवारी, सौम्या चौहान, अंजली सेंगर जिलाध्यक्ष सरोज सिंह, मीरा भदौरिया, अनीता त्रिपाठी आदि की उपस्थिति रही।

# बहन जी! लुट जाओगी, कहकर ठग ले गए लाखों के जेवर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



घटना की जानकारी देतीं सुनीता।

- चकेरी थानाक्षेत्र की घटना टेंट हाउस संचालक की पत्नी है पीड़िता
- गमी से वापस लौटते समय बाइक से पीछा कर बनाया शिकार

**अमृत विचार।** पुलिसकर्मी बनकर टप्पेबाज बोला बहन जी लुट जाओगी। इसके बाद पल भर में लाखों के जेवरात उड़ाए और फरार हो गया। बाइक सवार आरोपी पास लगे सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गए। मामला चकेरी थानाक्षेत्र का है। मामले की छानबीन शुरू की गई।

सहदुल्लापुर पीएसी रोड निवासी शरद अग्रवाल अग्रवाल टेंट हाउस के संचालक हैं। उनकी पत्नी सुनीता अग्रवाल लालबंगला से एक रिश्तेदार की गमी से शुक्रवार दोपहर बाद घर लौट रहीं थीं। उन्होंने बताया कि पीएसी मोड़ पर ई रिक्शे से उतरकर घर से पास ही मंदिर से गली को मुड़ीं। इस दौरान पीछे से आए एक व्यक्ति ने कहा कि बहनजी आपको कोई पीछे बुला रहा है। उसकी बातों में आकर मंदिर के बगल में चली गईं। वहां मुंह पर मास्क लगाए अधेड़ ने खुद को पुलिस बताकर कहा कि आपको पता नहीं है कि अभी यहां पर लूट हो गई है और आप जेवर पहनकर चल रही हैं। अपने जेवरात उतार कर अंदर रख लें। जिस पर उन्होंने इन्कार कर दिया। लेकिन, फिर सुनीता ने गले में पड़ी करीब चार तोले सोने की चेन और एक अंगूठी उतारी। उस व्यक्ति ने अपने पास डायरी से दो पेज फाड़े। एक पेज में जेवरात रख कर बातों में लगाकर उसके पल्लू से बांध दिया। फिर घर जाने को कहा। घर पहुंचने पर गांठ खोली तो देखा कि कागज के अंदर जेवरात की जगह मिट्टी है।

सीसीटीवी में दिखा कि पीड़िता सुनीता अग्रवाल के पीछे पीएसी मोड़ से आरोपी बाइक सवार चल रहे थे। उनके पास एक काले रंग का बैग था। इसमें पीएसी रोड गुलजार मार्केट के पास पीछे बैठा आरोपी बाइक से उतर गया। वहीं दूसरा बाइक लेकर आगे चला गया। चकेरी पुलिस ने पीड़िता से जानकारी ली। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार दुबे ने बताया कि जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

## ग्राहक पर चाकू से हमला, घायल

**कानपुर।** चकेरी के सनिगवां में कहासुनी के बाद दुकानदार ने ग्राहक पर चाकू से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीएसी मोड़ गंगागंज निवासी लवकेश रावत मुर्गे का मीट व मछली बेचने का ठेला लगाते हैं। वह अन्ना चौराहा स्थित मीट की दुकान में मुर्गा खरीदने गए थे। दुकानदार को मीट गंदा होने की बात कहते हुए साफ देने के लिए बोला। जिस बात पर वह गाली-गलौज करने लगा।



मुख्य अतिथि नौशाद अली का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

# अपने-अपने बूथों पर जिताएंगे बसपा पार्टी के प्रत्याशी को

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बसपाइयों ने कांशीराम का जन्म दिवस मनाया

**अमृत विचार।** बसपा ने मैनावती मार्ग स्थित एक लॉन में शुक्रवार को कांशीराम का जन्म दिवस मनाया। मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी नौशाद अली ने पार्टी के पदाधिकारियों से कहा कि लोकसभा चुनाव में बसपा प्रमुख के निर्देशों का पालन कर उन्हें मजबूत करें।

नौशाद अली ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता यह तय कर लें कि बसपा प्रमुख मायावती के निर्णय पर जो भी प्रत्याशी आएगा हम सभी अपना अमूल्य वोट देकर अपने बूथों पर जिताएंगे। इसी तरह मायावती के हाथों को मजबूत और बहुजन नायक कांशीराम के सपनों को साकार करेंगे। हमें ध्यान रखना है कि सर्वसमाज के हितों, अधिकारों व रोजगार और विकास कार्यों, कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए मायावती को मजबूत करना है। मुख्य मंडल प्रभारी वीपी आंबेडकर ने कहा कि बसपा की जब सरकार रही संविधान का सही से पालन हुआ है। सभी को हक व न्याय मिला है। इस मौके पर प्रवेश कुरील, जितेंद्र शंखवार, मुकेश कठेरिया, अनिल पाल, राज कुमार कप्तान, रामशंकर कुरील, पंकज जगत, रामनारायन निषाद मौजूद थे।

उत्सव | टेककृति में मंच से कलाकारों ने दिखाई प्रतिभा, एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर बटोरीं तालियां

# अंकित तिवारी के गीतों पर जमकर झूमे आईआईटियंस

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



टेककृति में प्रस्तुति देते बॉलीवुड सिंगर अंकित तिवारी। अमृत विचार



अंकित तिवारी के गानों पर झूमते आईआईटी के छात्र। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर में चल रहे टेककृति में शुक्रवार को बॉलीवुड गायक अंकित तिवारी ने समां बांध दिया। एक के बाद एक गीतों से युवाओं के मन को छुआ और अपने सुरों से माहौल में उत्साह भर दिया। एशिया के सबसे बड़े वार्षिक तकनीकी और उद्यमशीलता उत्सव के दौरान दो दिनों तक आविष्कार, वैश्विक तकनीक के बदलते स्वरूप की चर्चाओं के बीच मनोरंजन और उत्साह का मिश्रण भी रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण बचाने का संदेश भी दिया।

अंकित तिवारी ने जब अपने टॉप रेटेड गाने 'तेरी गलियां' और 'सुन रहा है' की प्रस्तुति दी माहौल में रंग भर गया। इसी तरह उन्होने एक के बाद एक युवाओं की फरमाइश को पूरा किया। देर शाम तक चले समारोह में युवाओं ने सभी गीतों को सराहा। एक अन्य समारोह के दौरान बेफिक्रा तेजस की मंत्रमुग्ध संगीत प्रदर्शन ने मन मोह लिया। उनकी प्रतिभा और मंच पर उपस्थिति युवाओं के दिलों में उतर गई।

### अभिव्यक्ति की भी हुई शुरुआत

आईआईटी कानपुर में ही शुक्रवार को दूसरे कार्यक्रम अभिव्यक्ति की भी शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में देशभर से स्टार्टअप के जरिए अपना करियर बनाने वाले युवा शामिल हुए। इस आयोजन में देशभर से 70 नवाचार शुक्रवार को प्रस्तुत किए गए।

### अत्याधुनिक ड्रोन करेगा सीमा की रक्षा

अभिव्यक्ति के दौरान एक अत्याधुनिक ड्रोन भी प्रदर्शित किया गया। इस ड्रोन की खासयत यह है कि यह सेंसर से चलता है। इसके अलावा डॉ .शिवाराम और डॉ. प्रवीन का बनाया गया ड्रोन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की मदद से दुश्मन देश की रेडियो फ्रीक्वेंसी को पहचान लेता है। आवाज से तनाव की पहचान करने वाली डिवाइस तैयार की गई है। यह डिवाइस आवाज सुनकर व्यक्ति के तनाव को भांप लेती है। दूषित पेयजल के लिए भी नवाचार में अनोखा उत्पाद प्रदर्शित किया गया। यह उत्पाद केवल 25 सेकेंड में पानी की गुणवत्ता का पता लगा लेता है। यह ड्रोन सीमा सुरक्षा के लिए काफी कारगर साबित होगा।

### गंभीर चर्चा भी हुई

एक अन्य आयोजन के दौरान युवाओं ने गंभीर चर्चा में भी खुद को शामिल किया। 'रिन्यूएबल एनर्जी एंड फॉरेस्ट कान्सर्वेशन फॉर ए ग्रीन इकॉनमी" विषय पर हुई पैनल चर्चा में इंदु शेखर चतुर्वेदी, संजय कुमार और प्रोफेसर मौसमी प्रसाद ने अपने विचार रखे। उन्होंने पर्यावरण के प्रति अधिक जागरूक होने पर बल दिया।

### गौरव ठाकुर ने साझा किए अनुभव

यूट्यूबर गौरव ठाकुर के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित हुआ। इस दौरान उन्होंने अपनी अनोखी बातों के बीच युवाओं को अपने अनुभव सुनाए। एक टेक प्लैनेट की प्रदर्शनियों ने नवीनतम तकनीकी प्रगति का प्रदर्शन किया गया। जबकि मेगावर्ल्ड के अनुभवों ने जेल ब्लास्टर के साथ लेजर टैग, पीएस5 कार कंसोल, वीआर गेमिंग, टारगेट शूटिंग, बॉडी ज़ोरबिंग और एक आकर्षक बॉयलर रूम प्रदर्शनी जैसी गतिविधियों के साथ एक एड्रेनालाईन को प्रदर्शित किया गया।

# पुखरायां, रूरा को ट्रेनों के ठहराव का तोहफा

## पुखरायां में केंद्रीय राज्यमंत्री व रूरा में अकबरपुर के सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

संवाददाता रूरा/पुखरायां



पुखरायां स्टेशन पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा और मौजूद जनप्रतिनिधि व अधिकारी। अमृत विचार



रूरा स्टेशन से टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना करते सांसद देवेंद्र सिंह भोले, जनप्रतिनिधि व अधिकारी। अमृत विचार

- रूरा में टाटा-जम्मूतवी एक्स. पुखरायां में गोरखपुर-बांद्रा व लोकमान्य तिलक रुकेगी

**अमृत विचार।** दिल्ली-हावड़ा रूट के रूरा रेलवे स्टेशन तथा कानपुर-झांसी लाइन के पुखरायां स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रूरा में अकबरपुर सांसद व पुखरायां में केंद्रीय राज्यमंत्री ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

शुक्रवार को अकबरपुर सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने रूरा रेलवे स्टेशन पर दोपहर 01.33 बजे पहुंची डाउन की टाटानगर-जम्मूतवी एक्सप्रेस के चालक अखिलेश सिंह एवं महिला चालक संजीव वर्मा को माला व अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। इसके बाद सांसद ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे की ओर रवाना किया। स्टेशन पर रेलवे अधिकारियों ने कार्यक्रम पंडाल में सांसद का स्वागत भी किया। सांसद ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, वरिष्ठ नेता सतीश शुक्ला, रूरा नगर पंचायत चेयरमैन रामजी गुप्ता, डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह, स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार, स्टेशन मास्टर ज्ञानेंद्र पांडेय, रेलवे सुरक्षा बल के खजान सिंह, अशोक यादव आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद सांसद देवेंद्र सिंह भोले ने धनीरामपुर, जगनपुर, गुटैया, सर्वा, अंबरपुर आदि गांवों का भ्रमण कर चुनाव तैयारी के लिए जनसभाएं भी की।

इसी तरह पुखरायां रेलवे स्टेशन पर कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री भानु प्रताप वर्मा ने शुक्रवार से पुखरायां रेलवे स्टेशन पर गाड़ी 15067 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनल व 15068 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल के स्टॉपेज के बाद हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार पूरे देश में 526 रेलवे स्टेशनों का विकास कर रही है। जिसके तहत पुखरायां रेलवे स्टेशन का भी करोड़ों रुपये की लागत से विकास किया जा रहा है। जिसमे प्लेटफार्म की लंबाई व टीनशेड बनाया गया है। वहीं रिजर्वेशन काउंटर, वेटिंग रूम व अत्याधुनिक सुविधाओं वाला स्टेशन बनाया जा रहा है। मुख्य द्वार पर भारी रेलवे गेट व राष्ट्रीय झंडा भी लगाया जा रहा है। रेल यात्रियों की सुविधाओं के लिए स्टेशन के पास ही पार्क बनाया जा रहा है।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि कानपुर-झांसी के बीच पुखरायां रेलवे स्टेशन सबसे अधिक आय देने वाला है। यहां जल्द ही लिफ्ट व इंडिकेटर लगाए जाएंगे। वहीं इंडिकेटर लगाने से कोच नंबर व गाड़ी की स्थिति का पता चलेगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसोदिया व कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के प्रतिनिधि प्रहलाद सचान ने भी संबोधित किया। उन्होंने बताया कि पुखरायां में जल्दी लंबी दूरी की और भी ट्रेनों का ठहराव किया जाएगा। कस्बे के जनसेवक गोविंद मिश्रा, संदीप बंसल, श्रीप्रकाश द्विवेदी ने केंद्रीय राज्यमंत्री व एडीआरएम झांसी को अप व डाउन की प्रतापगढ़-मुंबई एक्सप्रेस व उद्योग कर्मी एक्सप्रेस का पुखरायां रेलवे स्टेशन में ठहराव करने का मांग पत्र सौंपा।

इस मौके रेलवे सलाहकार बोर्ड के पूर्व सदस्य शेख मोहम्मद, एडीआरएम आरडी मौर्य, वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक अमित आनंद, भाजपा नेता विजय सोनी, मुकुल पांडेय, पुखरायां चेयरमैन प्रतिनिधि करुणा शंकर दिवाकर, शिवकुमार, मदन पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# मुंबई-गोरखपुर होली स्पेशल में बुकिंग चालू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रेल प्रशासन ने होली पर भीड़ को देखते ट्रेन नंबर 01083 व 01084 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल (मुंबई) से गोरखपुर स्पेशल होली ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। इस नई ट्रेन में बुकिंग चालू है। ट्रेन नंबर 01083 छत्रपति शिवाजी महाराज से 22 मार्च को 22.35 बजे चलकर शनिवार, रविवार की रात 2.10 बजे सेंट्रल, इसके बाद 9.30 बजे गोरखपुर पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर 01084 गोरखपुर से रविवार यानी 24 मार्च को 15.30 बजे चलकर 21.55 बजे सेंट्रल आएगी। पांच मिनट के ठहराव के बाद मंगलवार की रात 00.40 बजे मुंबई पहुंचेगी। अन्य ठहराव वाले स्टेशन दादर, ठाणे, कल्याण, नासिक, भुसावल, खंडवा, इटारसी, भोपाल, बिना, झांसी, उरई, लखनऊ, गोंडा व बस्ती हैं।

### मालदा टाउन-आनंदविहार स्पेशल 25 मार्च से

**कानपुर।** होली स्पेशल ट्रेन 03435 मालदा टाउन-आनंदविहार स्पेशल हर सोमवार को 25 मार्च से एक अप्रैल तक मालदा टाउन से 9 .30 बजे चलकर अगले दिन गोविंदपुरी स्टेशन सुबह 7 .35 बजे पहुंचेगी। यहां पांच मिनट ठहराव के बाद रवाना होकर आनंदविहार दोपरह 2 .10 बजे पहुंचेगी। वापसी में हर मंगलवार को 26 मार्च से 2 अप्रैल तक ट्रेन नंबर 03446 आनंदविहार से शाम सात बजे चलेगी। जो गोविंदपुरी स्टेशन पर देररात 2 .10 बजे पहुंचेगी। यहां से पांच मिनट ठहराव के बाद रवाना होकर विभिन्ना स्टेशन होते हुए अगले दिन देररात 11 .30 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी। अन्य ठहराव वाले स्टेशन न्यू फरक्का, बरहरवा, साहिबगंज, पीरपैंती, कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर, अभयपुर, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, आरा, बक्सर, डीडीयू व प्रयागराज हैं।

# फ्रेंड्स स्पोर्टिंग, प्रिंस और केजीएमसी टीम जीती

केडीएमए क्रिकेट लीग

खेल के मैदान से

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अलग-अलग मैदानों पर खेले गए तीन मैच

**अमृत विचार।** कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन (केसीए) की ओर से आयोजित केडीएमए क्रिकेट लीग में शुक्रवार को तीन मैच खेले गए। अलग-अलग मैदानों पर खेले गए मैच में फ्रेंड्स स्पोर्टिंग, प्रिंस क्लब, केजीएमसी टीम विजयी रही।

क्रिकेट लीग का पहला मैच राम लखन भट्ट मैदान पर खेला गया। जिसमें कानपुर ग्रांड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.1 ओवर में 111 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम के साहिल कटियार ने 30, मोहम्मद माज ने 20 व भारत पांडेय ने 19 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी फ्रेंड्स स्पोर्टिंग ने 23.1 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के यश अवस्थी ने 34, अक्षत पांडेय ने 34 रनों का योगदान दिया। दूसरा मैच रमईपुर मैदान पर खेला गया। प्रिंस क्लब ने 38 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 196 रन बनाए। टीम के करन पाल ने 33, विजय भान ने भी 33, आशुतोष बाजपेई ने 32 रनों का योगदान दिया। पंकज कुमार 41 रन बनाकर नाबाद रहे। जवाब में कानपुर स्टारलेट ने 31.2 ओवर में 167 रन बनाकर ऑल आउट हो गई और प्रिंस क्लब ने 29 रनों से मैच जीत लिया। तीसरा और आखिरी मैच कानपुर साउथ ए मैदान पर खेला गया। एसएस क्लब ने 30 ओवर में ऑल आउट होकर 162 रन बनाए। जिसमें आशुतोष गौरव ने 77, साहिल वर्मा ने 21 व शौर्यदीप पांडेय ने 28 रनों का योगदान दिया। जवाब में उतरी केजीएससी ने 36.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 164 रन बनाकर मैच जीत लिया। टीम के शुभम पाल ने 18 व रोशन सिंह 75 रन बनाकर नाबाद रहे।



प्रतियोगिता में विजेता बच्चे। अमृत विचार

## स्पोर्ट्स डे पर विद्यार्थियों ने दिखाया दम

**कानपुर।** स्पोर्ट्स डे पर शारदा विद्या मंदिर में कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन आदि प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह से प्रतिभाग किया और पुरस्कार भी जीते। विजेता खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन भाजपा जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने किया। क्षेत्रीय पार्षद अभिनव शुक्ला ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। मयंक दीक्षित स्पून रेस, वैष्णवी तिवारी ने कबड्डी में बेहतर प्रदर्शन किया।

# 107 दागी पुलिस वालों की सजा निरस्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- संयुक्त पुलिस आयुक्त ने खारिज की अपील

**अमृत विचार।** कानपुर कमिश्नरेट में तैनात 141 पुलिसकर्मी लापरवाही, घूसखोरी, धोखाधड़ी, दुष्कर्म, नशेबाजी जैसे मामलों में विभागीय जांच में पूर्व में दोषी पाए गए थे। राजपत्रित अधिकारी की रिपोर्ट के बाद डीसीपी मुख्यालय ने उनके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए सर्विस बुक में बैड एंट्री व अर्थदंड से दंडित किया था।

दंडात्मक कार्रवाई के चलते इनकी प्रोन्नति और वेतनवृद्धि तीन से पांच साल तक के लिए रुक गई है। विभागीय कार्रवाई के अंतर्गत आरोपी पुलिस कर्मी को बचाव का एक अवसर दिया जाता है। इसमें आरोपी पुलिसकर्मी अपना पक्ष रखते हैं। ऐसे में विभागीय जांच के दौरान दंडित किए गए 141 पुलिस कर्मियों में 107 पुलिस कर्मियों ने एडिशनल सीपी से दंडात्मक सजा को निरस्त करने की अपील की थी। इसे संयुक्त पुलिस आयुक्त क्राइम व मुख्यालय ने खारिज कर दिया है। अपील करने वालों में सात इंस्पेक्टर, 55 सब इंस्पेक्टर, 17 हेड कांस्टेबल व 28 कांस्टेबल शामिल थे। संयुक्त पुलिस आयुक्त क्राइम विपिन मिश्रा के यहां सजा को निरस्त करने की अपील करने वालों में पुलिस मुख्यालय में तैनात लिपिक की मदद से सर्विस बुक से पन्ने गायब कराने वाले कांस्टेबल अश्वनी बाथम और महिला कांस्टेबल प्रतिमा राजपूत भी थीं। इनकी अपील भी खारिज की गई है। आरोपों के आधार पर ही राजपत्रित अधिकारियों से विभागीय जांच कराई गई थी। जांच में दोषी जाए जाने पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई है। ऐसे में दोषी पाए गए पुलिस कर्मियों की याचिका खारिज कर दी गई।

## सार-संक्षेप



वैभव गुप्ता को व्यापारियों ने सम्मानित किया। अमृत विचार

### इंडियन आइडल विजेता को किया सम्मानित

**कानपुर।** हरिशंकर विद्यार्थी मार्केट व्यापार मंडल द्वारा गोविन्द नगर में इंडियन आइडल 2024 में शहर के विजेता वैभव गुप्ता का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। व्यापारियों ने शहर का गौरव बढ़ाने वाले वैभव का स्वागत पगड़ी, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह के दौरान वैभव ने एक हसीना थी... एक दीवाना था... गाना गाते ही श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर लिया। इस मौके पर अध्यक्ष सचिन दुआ ने कहा कि वैभव ने इंडियन आइडल जीत कर कानपुर का नाम रोशन किया है। इस मौके पर महामंत्री विपुल शाहा, जगदीश डाबरानी, मनोज डाबरानी रवि अग्रवाल, मुकेश बोदानी, कमल चावला, राजेश भल्ला, संजय अरोड़ा मौजूद रहे।



श्याम लाल गुप्त को दी पुष्पांजलि। अमृत विचार

### गोष्ठी में याद किए गए श्याम लाल गुप्त

**कानपुर।** विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा। 4 मार्च 1924 को आज के ही दिन पार्षद श्याम लाल गुप्ता ने उक्त लाइनें फूलबाग के ऐतिहासिक मैदान में लिखी थीं। शुक्रवार को भाजपा क्षेत्र कार्यालय केशवपुरम में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें पदाधिकारियों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि यह गीत गणेश शंकर विद्यार्थी के कहने पर लिखा गया था और इस गीत को मान्यता महात्मा गांधी ने हरिपुरा सम्मेलन में राष्ट्रगीत घोषित कर दी थी। यह गीत लाल किले पर भी गया गया था और 1973 में पार्षद जी को पद्मश्री से अलंकृत किया गया। गांधीजी के शहर आगमन पर उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी ने श्याम लाल गुप्त को पार्षद की उपाधि दी थी। इस गीत को बीती सरकार में पाठ्यक्रमों से हटा दिया गया था, लेकिन पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद केअनुरोध पर इस गीत को फिर पाठ्यक्रम में जोड़ा गया। कार्यक्रम में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की उपाध्यक्ष अनीता गुप्ता, पूनम द्विवेदी, जिला अध्यक्ष ग्रामीण दिनेश कुशवाहा, अशोक मिश्र, सुरेश गुप्ता, बबलू पासवान, संदीप बाजपेई, पवन प्रताप सिंह, अचल गुप्ता, प्रेमनाथ बिश्नोई, ज्ञान गुप्ता, सौरभ गुप्ता, अमर गुप्ता, हरिन सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।



रतनलाल नगर गुरुद्वारा में शबद कीर्तन। अमृत विचार

### गुरुद्वारा में गुरमत समागम का आयोजन

**कानपुर।** गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रतनलाल नगर में सिख पंत के नए साल पर गुरमत समागम का शुक्रवार को आयोजन किया गया। जिसमें रागी जत्थों ने हरिजस कीर्तन कर संगत को निहाल किया और नए साल की लोगों को बधाई दी। संगत को नए साल के आगमन पर जागरूक किया गया। समागम में मुख्य रूप से गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा रतन लाल नगर के मुख्य सेवादार रविंदर सिंह और उनके सहयोगी शामिल रहे।

### नितिन गिरि बने केडीए के उपाध्यक्ष

**कानपुर।** हापुड़ पिलखुआ विकास प्राधिकरण के वीसी नितिन गिरि को कानपुर विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है। अभी इस पद पर डीएम राकेश सिंह अतिरिक्त कार्य कर रहे हैं। शनिवार दोपहर तक नए उपाध्यक्ष के कार्यभार ग्रहण करने की उम्मीद है, क्योंकि तीन बजे के बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की उम्मीद है।

### 17 छात्र-छात्राओं का चयन

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के विश्वविद्यालय प्लेसमेन्ट सेल में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित हुई। इस दौरान सेल प्रभारी डॉ प्रभात द्विवेदी ने बताया कि प्लेसमेन्ट ड्राइव में विश्वविद्यालय कैम्पस के बीसीए एवं बीबीए अन्तिम वर्ष के छात्र-छात्राओं का साक्षात्कार लिया। इस साक्षात्कार में17 युवाओ को 2 .4 लाख के सालाना पैकेज पर पैरंट रिलेशनशिप ऑफीसर पद पर चयन किया गया। इस दौरान अभिषेक राठौर, सुधीर यादव, सुनील द्विवेदी, अपराजिता प्रकाश सिंह, मयंक राठौर सहित अन्य मौजूद रहे।

### लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर दी हिदायत

**कानपुर।** पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने रावतपुर थाने के विवेचकों के साथ बैठक की। उन्होंने विवेचकों से लंबित विवेचनाओं के सम्बन्ध में वार्ता करते हुए समीक्षा की। अकारण विवेचनाओं को लंबित रखने वाले विवेचकों को सख्त हिदायत दी। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने तथा जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जांच व विधिक निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए गए। डीसीपी ने वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, शिकायती प्रार्थना पत्रों के त्वरित निस्तारण, भूमि सम्बंधी विवादों का समाधान, रात्रि में चौराहे तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

# मूल्यांकन में शिक्षक नहीं ले जा पाएंगे मोबाइल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आज से यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन कार्य शनिवार से शुरू होगा। इस बार केंद्रों में शिक्षक अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे। इसके अलावा मूल्यांकन कार्य के दौरान शिक्षकों पर सीसीटीवी की कड़ी निगरानी होगी। इस बार मूल्यांकन कार्य के लिए जिले में पांच केंद्रों को बनाया गया है।

यूपी बोर्ड परीक्षा की इस बार जिले में हाई स्कूल व इंटर की लगभग सात लाख कॉपियां चेक की जाएंगी। इन कॉपियों को चेक करने के लिए लगभग तीन हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। शिक्षा विभाग की ओर से मूल्यांकन कार्य में लगे सभी शिक्षकों की निगरानी सीसीटीवी से की जाएगी।

इस बार सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग भी 15 दिनों तक सुरक्षित रखा जाएगी। बोर्ड के दौरान बने कंट्रोल रूम को भी इसके लिए तैयार कर लिया गया है। मूल्यांकन कार्य पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर इस बार मूल्यांकन कार्य की भी निगरानी की जाएगी। शिक्षा अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे लगातार मूल्यांकन केंद्रों का दौरा करते रहें।

# छात्रवृत्ति की मांग को लेकर छात्रों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सीएसजेएमयू में प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता। अमृत विचार

**04** हजार छात्रों को समस्या होने का दावा

- सीएसजेएमयू में प्रशासनिक भवन के गलियारे में दिया धरना
- कई अधिकारी अपने कमरों में नहीं जा सके

**अमृत विचार।** छात्रवृत्ति की मांग और गलत आंकड़े भेजे जाने के विरोध में सीएसजेएमयू में शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़े छात्रों ने प्रदर्शन किया। प्रशासनिक भवन में प्रदर्शन कर रहे छात्र इस कदर आक्रोशित थे कि वे अधिकारियों के कमरे के बाहर ही जा बैठे। नारेबाजी के बीच इस वजह से कई अधिकारी अपने कक्ष में भी नहीं जा सके।

प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में पढ़ाई कर रहे लगभग 8 हजार छात्रों में से 50 फीसदी छात्रों की छात्रवृत्ति फंस गई है। छात्र आशुतोष तिवारी, कौशे द्विवेदी, मयंक पासवान, श्रेयांश अवस्थी, अतुल पाल व राज पटेल ने बताया कि छात्रवृत्ति वितरित होने का समय बीत चुका है। विश्वविद्यालय की ओर से आवेदन के दौरान गलत आंकड़ा भेजा गया है। छात्र जब इसकी शिकायत विश्वविद्यालय प्रशासन से करने जाते हैं तो उलटा उनके ऊपर ही गलत आंकड़े भरने का आरोप लगा दिया जाता है। छात्रों का यह भी आरोप है कि विश्वविद्यालय जानबूझकर ऐसा कर रहा है। जिससे उनकी गलतियां सामने न आ सकें। विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से छात्रों को आश्वासन दिया गया। आश्वासन के बाद आक्रोशित छात्र वापस लौटे।

आयोजन — आईएमए की कार रैली 17 मार्च को निकलेगी

# सेफ ड्राइव, मेक सिटी स्मार्ट थीम पर रैली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




जानकारी देतीं डॉ. नंदिनी, डॉ. कुनाल सहाय आदि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर स्मार्ट सिटी के सहयोग से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की ओर से होने वाली कार रैली को लेकर शुक्रवार को जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज एलटी-थ्री में प्रेस वार्ता आयोजित हुई। जिसमें 17 मार्च रविवार को कार रैली के संबंध में जानकारी दी गई।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने बताया कि रविवार को कार रैली होगी। इस रैली की थीम सेफ ड्राइव मेक सिटी स्मार्ट रखी गई है। रैली के माध्यम से जनमानस को सुरक्षित परिवहन और स्वच्छ कानपुर के प्रति जागरूक किया जाएगा। डॉ. जोगिंद्र सिंह ने बताया कि रैली में 50 कारें पंजीकृत हो चुकी हैं। रैली सुबह आठ बजे मेडिकल कालेज से रवाना होगी। डॉ. संजय सिंघवी ने बताया कि रैली से पहले प्रतिभागियों के कागजात का निरीक्षण किया जाएगा। रैली पूरी तरह पेपरलेस होगी। डॉ. कुनाल सहाय ने बताया कि मुख्य अतिथि सीडीओ सुधीर कुमार होंगे। गेस्ट ऑफ ऑनर श्रेयांश कपूर, सीएमओ डॉ. आलोक रंजन होंगे। डॉ. अमित सिंह गौर ने बताया कि रैली के माध्यम से शहरवासियों को सफाई, चलते वाहन से कूड़ा न फेंकने, सूखे व गीले कूड़े को अलग रखकर फेंकने, सार्वजानिक स्थान पर कूड़ेदान का इस्तेमाल करने आदि के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही लोकसभा चुनाव में अवश्य मतदान करने के लिए भी जागरूक किया जाएगा।

वार्ता में आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. जोगेंद्र सिंह, समिति के चेयरमैन डॉ. संजय सिंघवी, डॉ. कुनाल सहाय, डॉ. अनुराग मेहरोत्रा, डॉ. पीयूष मिश्रा, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ. अमित सिंह गौर मौजूद रहे।



किसानों को प्रमाण पत्र भी दिए गए। अमृत विचार

## किसानों को बताए गए खेती के तरीके

**कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में बिहार के 35 उन्नत किसानों को दिए जा रहे प्रशिक्षण में अंतिम दिन कृषि की नई तकनीक के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें गन्ने की खेती के नए तरीकों को भी बताया गया। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के आखिर दिन किसानों को गन्ने की खेती से होने वाली आय के बारे में भी विस्तर से जानकारी दी गई। बिहार के पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण गोपालगंज जिलों से आए किसानों को कृषि के तरीकों के बारे में बताया गया। सहायक आचार्य ने कम लागत में अधिकतम गन्ना उत्पादन के लिए गन्ने की फसल में संतुलित उर्वरकों का महत्व व प्रबंधन पर जानकारी दी।

## एक नजर

### अनियंत्रित होकर खंती में गिरी बाइक, युवक घायल

**सरसौल।** महाराजपुर क्षेत्र के तिवारीपुर में शुक्रवार दोपहर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी, जिससे फतेहपुर के रौतापुर गांव निवासी बाइक सवार विनोद पुत्र चंद्रपाल (35) घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक हादसे के समय बाइक सवार शराब के नशे में था। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने उसे गंभीर हालत में कांशीराम ट्रामा सेंटर भिजवाया। पुलिस ने घायल के परिजनों को फोन पर सूचना कर दी है।

### खेत से इंजन चोरी

**भीतरगांव।** साढ़ थाना क्षेत्र में चोरियों का सिलसिला नहीं थम रहा। गुरुवार रात एक किसान का खेत में रखा इंजन चोरी हो गया। कोरथा के मजरा सुखैयापुर निवासी अनुज यादव ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसका पंपिंग सेट खेत पर सिंचाई के लिए रखा था, जो चोरी हो गया। उसने बताया कि जिस बैलगाड़ी में इंजन लदा था, उसके लोहे के पहिए भी चोर लाद ले गए। सुबह जब खेत गया तो घटना की जानकारी हुई।

# जीएमसी और माही अस्पताल सीज

संवाददाता, घाटमपुर

**कार्रवाई**

- गुरुवार को प्रसव के दौरान बच्चे की हो गई थी मौत
- एसीएमओ ने जांच-पड़ताल के बाद की कार्रवाई

**अमृत विचार:** नगर के बहुचर्चित दो प्राइवेट अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग का चाबुक चला है। शुक्रवार को यहां पहुंचे एसीएमओ डॉ. सुबोध कांत ने माही हॉस्पिटल और जीएमसी अस्पताल को सीज कर दिया। बताया जाता है कि माही हॉस्पिटल में गुरुवार को प्रसव के दौरान बच्चे की मौत हुई थी, जबकि जीएमसी अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहा था।

कस्बे में संचालित माही अस्पताल में गुरुवार को एक महिला को प्रसव हुआ था। प्रसव दौरान बच्चे की मौत हो गई, जबकि जच्चा की हालत गंभीर होने पर कानपुर के प्राइवेट नर्सिंग होम भेजा गया है, जहां उसकी भी हालत गंभीर है। हालांकि परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर दिए जाने की बात सामने नहीं आई है, लेकिन शुक्रवार की दोपहर यहां पहुंचे अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) डॉ.सुबोध कुमार ने माही अस्पताल और फिर जीएमसी अस्पताल को सीज कर दिया। एसीएमओ की इस कार्रवाई से कस्बे के अन्य प्राइवेट अस्पतालों में हड़कंप मचा रहा।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ.कैलाश चंद्रा ने दोनों प्राइवेट अस्पतालों को सीज किए जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि माही अस्पताल में गुरुवार को प्रसव के दौरान एक बच्चे की मौत हुई थी, जिसका संज्ञान लेते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है, जबकि जीएमसी अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं था। दोनों अस्पताल संचालकों को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने के बाद अगला कदम उठाया जाएगा।



पहले भी माही अस्पताल किया जा चुका है सीज। अमृत विचार

### पहले भी हो चुकी कार्रवाई

इसके पहले कई महिलाओं की प्रसव के दौरान मौत हो चुकी है, जिसके बाद अस्पताल सीज हो चुका है, मगर कुछ दिन बाद फिर अस्पताल संचालित होने लगा। कस्बे में आधा दर्जन ऐसे प्राइवेट अस्पताल हैं, जो अक्सर चर्चा में रहते हैं। कभी प्रसव के नाम पर लूट और कभी प्रसव के दौरान मौत पर हंगामा होने के बाद कार्रवाई के नाम पर अस्पताल को सीज कर नोटिस थमा दी जाती है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर अस्पताल संचालित होने लगते हैं।

## गैंगस्टर के आरोपियों का कोर्ट में सरेंडर

**बिल्हौर।** ककवन क्षेत्र के हाईप्रोफाइल पुष्पेन्द्र हत्याकांड में गैंगस्टर के आरोपियों पर पुलिस का दबाव बढ़ता जा रहा है। गैंगस्टर के तीन आरोपियों ने अदालत में आत्म समर्पण कर दिया।

ककवन थाना प्रभारी अभिलाष कुमार मिश्रा के मुताबिक पुलिस की दबिश के चलते पुष्पेंद्र हत्याकांड के मुख्य आरोपी के पिता मेहंदी हसन पुत्र बब्बर के साथ महमूद आलम पुत्र बब्बन और आमिर उर्फ अनवर पुत्र महबूब निवासी मनावां ने कोर्ट में आत्म समर्पण कर दिया है। इससे पहले दो आरोपियों को अरौल पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद आरोपियों की संपत्ति सीज कराने जल्द कार्रवाई की जा सकती है। पिछले दिनों ककवन थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस एनएसए लगाने की तैयारी कर रही है।

# नर्वल में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

संवाददाता, सरसौल

**अमृत विचार:** नर्वल थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह 38 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन जब सुबह जागे तो महिला का शव छत के कुंडे के सहारे लटकता मिला। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

नर्वल थाना क्षेत्र के मंडिलवा निवासी अरविंद कुमार पाल की पत्नी प्रियंका की गुरुवार की शाम किसी बात को लेकर घर में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद सभी लोग खाना खाकर सो गए। शुक्रवार की सुबह जागने पर प्रियंका का शव फंदे में झूलता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। एसओ राजेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। फिलहाल आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। महिला के मायके वालों को सूचना दी गई है। अगर मायके वालों की तरफ से तहरीर मिलती है तो उसके आधार पर कार्रवाई होगी।

### प्राइवेट कर्मी ने फांसी लगाकर दे दी जान

**सरसौल।** महाराजपुर थाना क्षेत्र के रूमा में गुरुवार की रात 40 वर्षीय विजयकांत तिवारी पुत्र राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने घर में जीने की रेलिंग के सहारे फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। विजयकांत के परिवार में पत्नी और एक 12 साल का बेटा है। जिस वक्त घटना हुई, पत्नी घर से कुछ ही दूर अपने ससुर राजेंद्र प्रसाद के यहां गई थी। एसओ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

# सड़क हादसे में चचेरे भाइयों की मौत

## रेवना थाना क्षेत्र के शाखा जनवारा के पास हुआ हादसा, ट्रक चालक की गिरफ्तारी के लिए जाम और हंगामा

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** रेवना थाना क्षेत्र के शाखा जनवारा गांव के सामने मूसानगर-घाटमपुर रोड पर शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। दोनों बाइक से मूसानगर जा रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर सांसें थम गईं। हादसे के बाद लोगों ने जाम लगा दिया। रात 12 बजे के बाद तक जाम लगा रहा। एसडीएम यादवेंद्र सिंह समेत कई अफसर पहुंचे।

घाटमपुर थाना क्षेत्र के जहांगीराबाद गांव निवासी रवींद्र उर्फ छुटकन (22) पुत्र जीत कुमार अपने चचेरे भाई करण (18) पुत्र अरविंद के साथ शुक्रवार शाम करीब छह बजे बाइक से अपनी बहन के यहां मूसानगर जा रहा था। दोनों चचेरे भाई पेशे से ट्रक ड्राइवर थे। दोनों जब रेवना थाना क्षेत्र के शाखा जनवारा गांव के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से दोनों सड़क पर गिरे, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना पर पहुंचे परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। परिवार की महिलाएं बिलख पड़ीं। ट्रक और उसके चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीड़ ने सड़क जाम कर हंगामा किया। रेवना पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष अवधेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि हादसे में दोनों भाइयों की मौत हुई है।


मौत की खबर पाकर परिवार की महिलाएं बिलख पड़ीं। अमृत विचार


घाटमपुर में जाम लगाए गुस्साए लोग। अमृत विचार


करण।


रवींद्र।

### ट्रेन से टकराया युवक

**बिठूर।** थाना क्षेत्र के मंधना पुलिया के पास रेलवे पटरी पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बताते हैं कि ककवन का रहने वाला हरिश्चन्द्र राजपूत का बेटा विशाल राजपूत (21) मंधना में किराये का कमरा लेकर रहता था और हलवाई का काम करता था। शुक्रवार की सुबह आठ बजे ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई।

### डीसीएम की टक्कर से युवक की थम गईं सांसें

**घाटमपुर।** कस्बे में ओवरब्रिज के पास सड़क पार कर रहे एक युवक को तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फतेहपुर जनपद के जहानाबाद थाना क्षेत्र के जलाला गांव का राधे पाल (45) पुत्र चिकमा पाल शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 बजे कस्बे के पुराना अस्पताल रोड के ठीक सामने ओवरब्रिज के पास साधन से उतरकर रोड पार कर रहा था, तभी हमीरपुर की ओर से आई डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस राधे पाल को सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# सजेती में हादसा, तीन घंटे केबिन में फंसा तड़पता रहा डंपर चालक

संवाददाता, घाटमपुर

**रफ्तार की मार**

- डंपर में पीछे से घुस गया तेज रफ्तार दूसरा डंपर
- पीएनसी और पुलिस टीम ने पहुंचाया अस्पताल

**अमृत विचार:** सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला के पास हमीरपुर रोड पर आगे चल रहे डंपर में पीछे से तेज रफ्तार डंपर जा घुसा। हादसे में डंपर चालक केबिन में फंस गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को केबिन से बाहर निकाला और घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया। इस दौरान लगभग पांच घंटे हाईवे का यातायात ठहरा रहा। शुक्रवार सुबह हाईवे से डंपर को किनारे कराकर यातायात बहाल कराया गया।

सीतापुर जनपद के कमलपुर थाना क्षेत्र के सुरैचा गांव निवासी चालक राजेंद्र कुमार (28) ने बताया कि गुरुवार की रात तीन बजे डंपर में गिट्टी लादकर कानपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सजेती थाना क्षेत्र के गुजेला गांव के पास पहुंचा, तभी आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे उसका डंपर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर में जा घुसा। टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर चालक राजेंद्र कुमार केबिन में फंस गया। हादसे के दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों ने डंपर चालक को केबिन में फंसा देखा तो फोन कर पुलिस और पीएनसी को सूचना दी। सूचना मिलते मौके पर पहुंची सजेती पुलिस ने पीएनसी की टीम की मदद से केबिन में रस्सा बांधकर क्रेन से खींचा। लगभग तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद केबिन में फंसे चालक को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस से घाटमपुर सीएचसी पहुंचाया गया। सीएचसी में डॉक्टर ने चालक का इलाज किया।


हादसे में क्षतिग्रस्त डंपर। अमृत विचार

### हादसे के बाद पांच घंटे ठप रहा हाईवे का ट्रैफिक

भीषण हादसे के बाद हमीरपुर हाईवे पर जाम लग गया। केबिन में फंसे डंपर चालक को निकालने के बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से वाहनों को किनारे कराया, जिसके बाद हाईवे का यातायात बहाल हो सका। सजेती थाना प्रभारी ब्रजमोहन ने बताया कि पीएनसी टीम की मदद से केबिन में फंसे चालक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# जैतीपुर की सड़क का लोकार्पण

संवाददाता, घाटमपुर

**अमृत विचार:** विधायक सरोज कुरील के द्वारा डूडा योजना अंतर्गत नगर पालिका घाटमपुर के जैतीपुर रोड मे श्रीराम शंखवार के घर से बहादुर यादव के घर से होते हुये कमलेश शंखवार के मकान तक इंटरलोकिंग रोड का एवं नवेली पावर प्लांट के सीएसआर फण्ड के माध्यम से बनने वाली बारात साला का शिलन्यास किया गया।

घाटमपुर में विधायक सरोज कुरील के द्वारा विधायक निधि सें ग्राम जैतीपुर गांव मे 300 मीटर इंटर लोकिंग नरेन्द्र शांखवार के दरवाजे सें राजा राम शांखवार के घर तक एवं ग्राम नेहुरा मे स्वर्गीय जगदेव के दरवाजे सें राजनारायण के दरवाजे तक एवं ग्राम बक्सरा रामू तिवारी के घर सें शुभीकांत के घर तक इंटरलोकिंग रोड वा नाली निर्माण लम्बाई 200मीटर लागत से निर्मित सड़क का लोकार्पण किया। इस दौरान उनके साथ साथ में ओम बाबू गुप्ता , उदय, विमल,कोमल वर्मा, राजवीर सैनी, अजीत सिंह , पंकज पांडेय, छोटे मुन्ना, तन्मय तिवारी, वैभव तिवारी, अभिषेक पटेल, विधानसभा अध्यक्ष अपनादल शिशिर निगम, नारायन सचान, दुर्गा सिंह ज ,विष्णु वीर सिंह , नरेंद्र सिंह , कुलदीप सिंह ,अमोल सिंह मनीष शर्मा , गोलू अवस्थी, सर्वेंद्र शुक्ला , अमरेंद्र सिंह ,रजत सिंह राणा , अभिनव सिंह ,रघुवेंद्र सिंह, अमित तिवारी, हरीनाथ सिंह ,बउवन सिंह, वेद ब्रत सचान, नीलू सचान, योगेंद्र सिंह ,राकेश चौधरी , वीर सिंह, दिग्विजय सिंह,विनय प्रताप ,जीतू चौरसिया ,अनिल कुशवाहा रहे।



जैतीपुर में सड़क का लोकार्पण करतीं विधायक सरोज कुरील। अमृत विचार

## मादक पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**चौबेपुर।** पुलिस ने गुरुवार रात गस्त के दौरान एक युवक को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार रात्रि गस्त के दौरान एसआई विपिन कुमार व सिपाहियों ने कस्बे में संदिग्ध हालत में खड़े युवक को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से डेढ़ सौ ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में उसने अपना नाम शाहरुख पुत्र डोयत मुल्ला, निवासी गोपीनाथपुर, थाना पलासी पाड़ा, जिला नदिया,पश्चिम बंगाल बताया। छानबीन में मालूम हुआ कि युक्त युवक के खिलाफ पश्चिम बंगाल के अलावा चौबेपुर थाने में भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरी ओर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी अपराधी क्षेत्र के बैदानी गाँव निवासी दीपक पुत्र रतन सिंह को भी जेल भेजा गया है।

# गैस सिलेंडर लीक होने से भड़की आग

संवाददाता, सरसौल

**हादसा**

- करबिगवां में खाना बनाते समय भड़की आग छप्पर तक पहुंची
- आग से परचून की दुकान का सामान जलकर राख

**अमृत विचार:** महाराजपुर थाना क्षेत्र के करबिगवां में एक घर में गैस सिलेंडर लीक होने से आग लग गई, जिससे घर और परचून की दुकान का काफी सामान आग से जलकर राख हो गया। राजस्व टीम नुकसान का जायजा लेने पहुंची।

करबिगवां निवासी शिवप्रसाद कुरील के घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर लीक होने से अचानक आग लग गई। घर के लोग कुछ समझ पाते, इसके पहले ही आग ने घर के छप्पर और बाहर बनी परचून की दुकान को अपनी लपेटे में ले लिया। शिवप्रसाद और परिवार के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और मौजूद संसाधनों के साथ आग बुझाने में जुट गए।

काफी देर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक घर और दुकान में रखा ज्यादातर सामान जल गया। गनीमत रही कि घर के लोग समय रहते बाहर निकलने में कामयाब रहे, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। दुर्घटना के बाद मौके पर पुलिस और राजस्व की टीम ने पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।


आग से परचून की दुकान का सामान जलकर राख हो गया। अमृत विचार

### अराजकतत्वों ने पेट्रोल डाल कर दुकान में लगाई आग

**सरसौल।** महाराजपुर के पुरवामीर चौराहे पर गुरुवार रात अराजक तत्वों ने एक लोहे की गुमटी को पेट्रोल डाल आग के हवाले कर दिया, जिससे दुकान में रखा हजारों का सामान जलकर राख हो गया। पुरवामीर के पुत्तन सिंह चौराहे से कुछ दूरी पर लोहे की गुमटी में परचून की दुकान चलाते हैं। पुत्तन ने बताया कि गुरुवार को वह रात में दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात लगभग तीन बजे गश्त कर रहे पुलिस कर्मियों ने दुकान में आग लगने की सूचना दी। पुलिस कर्मियों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक सामान जलकर राख हो गया। मौके पर पेट्रोल की बोतल भी मिली है, जिसमें कुछ पेट्रोल था। गुमटी को पीछे से सब्बल डालकर तोड़ा और फिर उसमें आग लगाई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**धर्म-अध्यात्म**

**पचोर में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथावाचक ने सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया**

# मृत्यु के डर से धर्म नहीं छोड़ना चाहिए : वेंकटेश महाराज


संवाददाता, चौबेपुर

**अमृत विचार:** धर्म सत्य से उत्पन्न होता है, दया व दान से बढ़ता है और क्रोध से नष्ट हो जाता है। धर्म हमारी वहां रक्षा करता है, जहां कोई रक्षक नहीं होता। इसलिए किसी काम, भय, लोभ अथवा मृत्यु के डर से धर्म नहीं छोड़ना चाहिए। यह प्रवचन शुक्रवार को क्षेत्र के पचोर गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने श्रद्धालुओं को सुनाए। इस दौरान उन्होंने सुदामा चरित्र सुनाकर श्रद्धालुओं की आंखें नम कर दीं।

श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन आचार्य वेंकटेश जी महाराज ने बताया कि जिस घर में नारियों का सम्मान होता है, वहां देवता वास करते हैं। साथ कहा कि मित्र के साथ कभी भी कपट नहीं करना चाहिए। इस दौरान उन्होंने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि श्री कृष्ण व सुदामा बचपन के गहरे मित्र थे। एक बार सुदामा द्वारा अपने बचपन के साथी के साथ कपट किए जाने से वह दरिद्रता की दशा को प्राप्त हो गए। घर की माली हालत बेहद खराब होने से दुःखी पत्नी ने सुदामा को उनके बचपन के मित्र कृष्ण की याद दिलाई और उनके पास जाने की सलाह दी।

इसके बाद सुदामा श्री कृष्ण से मिलने द्वारका पहुंचे । श्री कृष्ण को जैसे ही अपने सखा सुदामा के आने की जानकारी हुई, वह बिना कोई देरी किए नंगे पांव ही अपने मित्र से मिलने दौड़ पड़े। मित्र की दीन दशा देख भगवान कृष्ण की आंखों से आंसू बह निकले और इन आंसुओं से सुदामा के पैर धुल गए। इस दौरान आचार्य ने अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो कि दर पर सुदामा गरीब आ गया है, भजन सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

इसके पूर्व आचार्य ने श्री कृष्ण की 16 कलाओं के बाबत भी भक्तों को बताया।कहा कि श्री कृष्ण 16 कलाओं से युक्त थे। उनके द्वारा जन्म से ही अपनी माया के दर्शन करा दिये गए थे। भगवान पर कलंक लगने की कथा सुनाते हुए बताया कि एक बार चंद्रमा को अपनी सुंदरता पर घमंड हो गया और उनके द्वारा भगवान गणेश के रूप की हंसी उड़ाई गई। जिस पर चंद्रमा को भी श्राप लगा। भाद्र मास की चतुर्दशी के दिन जो भी चंद्रमा के दर्शन करता है, उसको कलंक लगता है। इसी तरह कन्हैया पर भी मणि चोरी करने का कलंक लगा। ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर आचार्य से आशीर्वाद प्राप्त किया. इस मौके पर परीक्षित वीके मिश्रा व सुमन मिश्रा के अलावा सिद्धनाथ धाम के महंत बाल चैतन्य जी महाराज, राजेश पांडे, पीयूष मिश्रा, बबलू शुक्ला व संजीव मिश्रा समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


कथा सुनाते आचार्य वेंकटेश महाराज।


कथा की अमृत वर्षा से सराबोर हुए श्रद्धालु। अमृत विचार

# अधिकारों की अनदेखी कर रहे लोग

**विश्व उपभोक्ता दिवस**

अभय प्रताप सिंह, बिल्हौर

**अमृत विचार:** 15 मार्च विश्व उपभोक्ता दिवस के तौर पर मनाया जाता है। ग्राहकों की जागरूकता के लिए उपभोक्ता फोरम की ओर से अभियान भी चलाया जाता है, लेकिन उपभोक्ता खुद ही अपने अधिकारों की अनदेखी करते हैं। ग्रामीण अंचल में दुकानदार ग्राहकों को जीएसटी के नाम पर चूना तो लगते हैं, लेकिन गारंटी के नाम पर खरीदे गए सामान का बिल नहीं देते हैं। नतीजतन, लोग खराब माल की वापसी भी नहीं कर पाते हैं और ना ही कोई शिकायत कर पाते हैं।

किसानों को अधिक जानकारी न होने पर दुकानदार चूना लगाते हैं। दुकान से दवा और बीज का पक्का बिल नहीं दिया जाता है। बीज की न ही कोई गारंटी होती है और न ही उनका कोई बचाव पक्ष होता है। कीटनाशक दवाओं में भी दुकानदार पक्का पर्चा नहीं देते हैं, जिससे फसलों को भी नुकसान पहुंचता है। किसान दुकानदारों से कीटनाशक खरीद लेते हैं और अपनी फसल में डाल देते हैं, जिससे उनकी फसल को भी नुकसान पहुंचता है, लेकिन पक्के बिल के अभाव में वह दुकानदार से अपनी बात नहीं कह पाते हैं। जानकारों का कहना है कि किसानों को पक्के पर्चे पर ही कीटनाशक, खाद और बीज खरीदनी चाहिए।

### सोना-चांदी की बिक्री में झोल

सोना-चांदी की खरीद में भी दुकानदार झोल करते हैं। बगैर होलोग्राम वाले सोने को 24 कैरेट का बताकर बेचा जाता है, जिसका न ही पक्का बिल दिया जाता है और न ही पक्के बिल के रेट दिए जाते हैं। मेकिंग चार्ज के नाम पर अलग से जीएसटी लगा दी जाती है। जागरूकता के अभाव में यह सब खुल्लम-खुल्ला चल रहा है। दुकानदार अपने हिसाब से ही नियम कानून बनाकर चल रहे हैं। 24 कैरेट का सोना खरीदने वाले लोग जब बेचने जाते हैं तो उसे 18-19 कैरेट का बताकर कटौती कर ली जाती है।




### मिठाई के साथ डिब्बे का वजन


दुकानदार डिब्बे के साथ मिठाई का वजन करते हैं। औसतन ग्राहकों को 100 से 150 ग्राम मिठाई का नुकसान होता है। बिल्हौर, चौबेपुर, शिवराजपुर, ककवन इलाकों में कई बार इसकी शिकायत की नौबत आई, लेकिन खाद्य विभाग के साथ बांट-माप विभाग के अधिकारी इस प्रकार की शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं देते।

# सड़क हादसों में बच्चे समेत तीन की मौत

## उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अधेड़, पुरवा में पांच वर्षीय बच्चे व माखी के मियागंज मार्ग पर युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** बेटी की सास की तेरहवीं में शामिल होने जाते समय अचलगंज थानांतर्गत उन्नाव-लालगंज हाईवे पर तेज रफ्तार वैन ने बाइक में टक्कर मार दी। इसमें बाइक चला रहे अधेड़ की मौत हो गई। इसी तरह पुरवा में बाबा के साथ गए पांच वर्षीय बच्चे की बाइक की टक्कर से मौत हो गई। वहीं माखी के मियागंज मार्ग पर कार की टक्कर से बाइक सवार युवक व उसका बहनोई गंभीर घायल हो गए। अस्पताल ले जाते समय बहनोई की मौत हो गई। इस क्रम में बांगरमऊ में वाहन की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक घायल हो गए।


आनंद साहू।


पोस्टमार्टम हाउस में बिलखते परिजन। अमृत विचार

**हादसा 01** सदर कोतवाली अंतर्गत डीह गांव के मजरा पोटरिहा निवासी आनंद साहू (50) मुंबई में सिलाई का काम करता था। उसकी बेटी ज्योति की शादी बीघापुर कोतवाली अंतर्गत कटरा गांव में हुई है। शुक्रवार को उसकी सास की तेरहवीं थी। इसमें शामिल होने के लिए वह गुरुवार को मुंबई से आया था। शुक्रवार सुबह सुबह करीब 11 बजे उन्नाव - लालगंज हाईवे पर पचोड्डा गांव के पास सामने से वैन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। आनंद और पीछे बैठा छोटा भाई अजीत घायल हो गए। सीएचसी में आनंद को मृत घोषित कर दिया गया।

**हादसा 02** पुरवा। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला जोतपुर निवासी शिवम पुत्र किशन तिवारी का 5 वर्षीय बेटा गौरव अपने बाबा किशन तिवारी के साथ गांव चंदीगढी स्थिति खेत गया था। जहां बाबा मवेशियों के लिये खेत में चारा काटने लगा। तभी गौरव पास में खेलने लगा। खेलते-खेलते वह सड़क पर पहुंच गया। तभी उसे एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। जानकारी पर बाबा आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा लाये। जहां डाक्टर ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया। जहां से उसे कानपुर भेज दिया गया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गयी।

**हादसा 03** बांगरमऊ। नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी शाहरुख खान, इकरार व अफरोज शुक्रवार को एक ही बाइक पर बिल्हौर बाईपास मार्ग तिराहा की ओर जा रहे थे। बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत हरदोई मार्ग पर स्थित शेख औलिया पीर बाबा की मजार के पास सामने आए मवेशी को बचाने के प्रयास में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए।

**हादसा 04** उन्नाव। माखी थानांतर्गत मियागंज मार्ग पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार युवक व उसका बहनोई गंभीर घायल हो गए। जिला अस्पताल ले जाते समय बहनोई की रास्ते में मौत हो गई। हादसे के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। रनागढी गांव निवासी संदीप शुक्रवार शाम अपने साले सागर के साथ महादेवन खेड़ा जा रहा था। तभी शारदा नहर के पास चकलवंशी की ओर जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। इसमें संदीप उछलकर खंती में जा गिरा। जिससे उसकी मौत हो गई।

# घटिया सामग्री से बन रहे नाले का काम रोका


संवाददाता फतेहपुर चौरासी

**अमृत विचार।** नगर पंचायत फतेहपुर चौरासी क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों में इन दिनों जमकर धांधली व भ्रष्टाचार किया जा रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने क्षेत्र में हो रहे नाला निर्माण में पीली ईंट व बालू का प्रयोग होने की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की। शिकायत पर ईओ ने कार्य बंद कराते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला नेहरू नगर निवासी अवधेश शुक्ला ने ईओ को दिये शिकायतीपत्र में कहा कि वह शुक्रवार को कालीमिट्टी-दबौली मार्ग से निकले तो वहां हो रहे नाला निर्माण को देखने लगा। तभी वहां मौजूद एक दबंग ने उसे जान से मारने की धमकी दी और दोबारा वहां न आने की बात कही। पीड़ित ने बताया कि नाला निर्माण में पीली ईंट व बालू का प्रयोग हो रहा है। साथ ही पीडब्ल्यूडी की जगह पर खुदाई करवाई गई है। जैसे ही ईओ को शिकायतीपत्र की जानकारी हुई तो उन्होंने नगर पंचायत कर्मियों को मौके पर भेजकर जांच कराई और काम बंद करवाया।

ईओ अरविंद सिंह ने बताया कि शिकायतीपत्र मिला है। विभाग के लिपिक प्रियंका शुक्ला को भेजकर जांच करवाई गई है। फिलहाल कार्य बंद करवा दिया गया है।


पंचायत कर्मियों ने नाला निर्माण में पीली ईंटों व बालू का प्रयोग होते देखा। अमृत विचार


निर्माण स्थल पर लगा बालू का ढेर।

# गठबंधन का पूरा धर्म निभाएंगे, एनडीए के प्रत्याशी को घर-घर से वोट दिलाएंगे

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** हरदोई-उन्नाव रोड स्थित सेक्टर अध्यक्ष के आवास पर अपना दल (एस) की जोन हरईपुर की समीक्षा बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अमरेश पटेल ने की। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि दल की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के निर्देशानुसार गठबंधन का धर्म निभाते हुए लोकसभा चुनाव में एनडीए से जो भी प्रत्याशी मैदान में है उसे जिताने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक दें और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार के नारा साकार करें। कहा कि सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में भ्रमण कर सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर अध्यक्ष अपने-अपने बूथों पर भ्रमण कर बूथ अध्यक्षों का तत्काल गठन करें। संचालन जिला उपाध्यक्ष डा. राजेश पाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव सुधांशु कटियार, जिला सचिव दुर्गा प्रसाद शर्मा, कुंवर पाल आर्य, जिला महासचिव ओमकार मौर्य, जिलाध्यक्ष आईटी सेल कन्हैयालाल आर्य, विधानसभा उपाध्यक्ष विनोद पाल, सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंसीलाल अर्कवंशी, अमन शर्मा, बुलाकी प्रजापति, राज अर्कवंशी आदि उपस्थित रहे।


अपना दल (एस) की बैठक में मौजूद लोगों को संबोधित करते पदाधिकारी।

- सभी कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंक दें और पीएम का 400 पार का सपना साकार करें

# जिंदगी से ऊब कर किशोरी व विवाहिता ने लगाई फांसी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- पारिवारिक कलह से ऊबी विवाहिता ने की आत्महत्या
- किशोरी का घर के कमरे में फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार।** पति से हुए विवाद के बाद पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला ने फंदे से लटक कर जान दे दी। वहीं, आसीवन में 13 वर्षीय किशोरी का शव घर में लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। संबंधित थानों की पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पुरवा कोतवाली अंतर्गत टीकरकला गांव निवासी रीना (32) पत्नी पवन कुमार ने शुकवार सुबह करीब 11 बजे कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर जेठानी सावित्री ने उसे आवाज दी लेकिन कोई उत्तर नहीं मिला। इस पर खिड़की से झांककर देखा तो रीना का शव छत में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। जानकारी होने पर खेत में काम कर रहा पति पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। जांच के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जेठ विनय ने बताया कि रीना को अपने पति पवन के किसी दूसरी महिला से संबंध होने का शक था। इसे लेकर दोनों में अक्सर विवाद होता था। गुरुवार रात भी इसी बात को लेकर विवाद हुआ था। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि पति ने आत्महत्या की तहरीर दी है।

वहीं आसीवन थानांतर्गत गांव कुरसठ ग्रामीण के मजरा बदुल्ला खेडा निवासी मुकेश की 13 वर्षीय बेटी प्रतिज्ञा का शव घर के अंदर मफलर के सहारे फंदे से लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव उतरवाया। किशोरी की मौत से परिजन बेहाल हैं।

# शिक्षामित्रों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन विधायक को सौंपा

**नवाबगंज।** उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने विधायक ब्रजेश रावत को पांच सूत्रीय ज्ञापन देकर उनकी समस्याओं के समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में बीते 23 वर्षों से शिक्षामित्र कार्य कर रहे हैं। जो स्नातक व बीटीसी पास हैं। शिक्षामित्रों को 10 हजार रुपये मानदेय 11 माह का मिल रहा है। स्थाईकरण तक समान कार्य समान वेतन व ईपीएफ दिया जाय। विद्यालय जाने की अनुमति दी जाय।

महिलाओं को ससुराल के निकट स्कूल में स्थानांतरित किया जाय व मृतक शिक्षामित्र के परिवार को नौकरी व आर्थिक सहायता दी जाय। ज्ञापन देने वालों में शिवशंकर, कृष्ण कुमार, अनुपेंद्र सिंह, कमला शंकर, सुशील, पंकज आदि शिक्षामित्र मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



राष्ट्रीय सेवा योजना के बैनर के साथ छात्र-छात्राएं व अधिकारी। अमृत विचार

### स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है.. का दिया मंत्र

**बांगरमऊ उन्नाव।** स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर सदानन्द राय की अध्यक्षता व कार्यक्रम अधिकारी डा. धर्मेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय दिवस का प्रारम्भ योगासन से किया गया। इसके बाद सभी स्वयं सेवकों द्वारा नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा से स्वच्छता ही सेवा है, गंदगी जानलेवा है, स्वच्छता को अपनाएंगे धरा खूबसूरत बनायेंगे, हर नागरिक का एक ही सपना स्वच्छ बने भारत अपना आदि नारे लगाते हुये बाबा बोधेश्वर मंदिर पहुंचे। स्वयं सेवकों ने मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डिजिटल इंडिया विषय पर स्वयं सेवकों को कंप्यूटर व स्मार्टफोन के प्रयोग की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों व वेबसाइटों की भी जानकारी दी गयी। डा. अभय राजपूत ने स्वयं सेवकों को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण करने के लिए निर्देशित किया। सोशल मीडिया अकांउट पर राष्ट्रीय सेवा योजना का प्रचार-प्रसार पोस्टर टैग के माध्यम से करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान महाविद्यालय प्राध्यापिका सविता राजन उपस्थित रहीं।

### आज सात घंटे गुल रहेगी बांगरमऊ टाउन व ग्रामीण क्षेत्र के बत्ती

**बांगरमऊ।** स्थानीय विद्युत उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार शनिवार सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक 11 केवीए पोषकों की आपूर्ति का परीक्षण किया जाना है। इसके चलते इस अवधि के दौरान बांगरमऊ टाउन व बांगरमऊ ग्रामीण की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### संकरी पुलिया में पलटा ट्रक, चालक व खलासी कूद कर बचे

**बांगरमऊ उन्नाव।** क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित गांव काजीपुर की पुरानी संकरी पुलिया वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रही हैं। शुक्रवार को प्लाई लदा एक ट्रक इसी पुलिया पर पलट गया। गनीमत रही कि चालक व खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई। एक ट्रक शुक्रवार को प्लाई लादकर संडीला जा रहा था। तभी रास्ते में गांव काजीपुर के सामने स्थित जीर्ण-शीर्ण संकरी पुलिया पर ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। चालक व खलासी ने केबिन से किसी तरह दाहिनी ओर नीचे कूदकर अपनी जान बचाई। काजीपुर की पुलिया करीब 100 साल पुरानी है। यह मात्र 8 फीट चौड़ी है। जिससे भारी वाहन बमुश्किल गुजर पाता है। बीते करीब एक दशक से यह पुलिया जर्जर हालत में है। पुरानी पुलिया की जगह नई चौड़ी पुलिया बनाने हेतु इसी मार्ग के गांव आंबापारा निवासी हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता फारुक अहमद लोक निर्माण विभाग के मंत्री समेत उच्चाधिकारियों को नोटिस भी भेज चुके हैं, लेकिन लोक निर्माण विभाग इसे लेकर संवेदनहीन बना है।

### आशा कार्यकर्ताओं ने दी हड़ताल समाप्त करने की जानकारी

**नवाबगंज।** नवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सम्बद्ध संगिनियां व आशाएं बीती 15 व 16 फरवरी को लखनऊ स्थित ईको गार्डेन में आशाबहू कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में शामिल हुई थीं। जिसके बाद 20 फरवरी से उन्होंने कलमबंद हड़ताल की घोषणा के बाद विरोध प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार की घोषणा की थी। बीते गुरुवार एक बार फिर ईको गार्डेन पहुंचकर आशाओं व संगिनियों ने धरना प्रदर्शन किया था। बताया कि उच्चाधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद उनकी मांगों पर उचित कार्यवाही के आश्वासन पर समिति के पदाधिकारियों में धरना प्रदर्शन समाप्ति की सहमति बनी। इसके बाद आशाबहू कल्याण समिति की नवाबगंज अध्यक्ष उमा देवी व उपाध्यक्ष कमलेश कुमारी शुक्रवार को आशाओं व संगिनियों के साथ नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. राजेश कुमार को लिखित पत्र देकर हड़ताल समाप्ति की घोषणा से अवगत कराया। संगिनी सरला, नीरजा तिवारी, अर्चना, ममता शुक्ला समेत आशा अनीता देवी, शैली सिंह आदि रहीं।

# तहसील कर्मियों पर बार एसो. ने लगाए कई आरोप

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

- सफीपुर बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** सफीपुर तहसील में कार्यरत बाबूओं, कर्मचारियों व लेखपालों की कार्यशैली से परेशान होकर सफीपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष यशपतेंद्र सिंह व महामंत्री श्याम सुंदर यादव ने अधिवक्ताओं के साथ 8 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम नवीन चंद्र को सौंपा। सभी ने ज्ञापन में की गई मांगों के जल्द से जल्द निस्तारण की मांग की।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष ने ज्ञापन में कहा कि तहसील कार्यालय में बाबुओं का बोलबाला है। वह अपनी मनमानी करते हैं तथा किसी भी कार्य में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वही लेखपालों पर आरोप लगाया कि धारा 38(2) उप्र-2006 के तहत दायर वादों में लेखपाल जानबूझकर जांच लंबित करते हैं। जिससे वर्षों पुराने मुकदमे लंबित पड़े हैं। आरोप लगाया कि तहसील सफीपुर के न्यायालय में कई ऐसी फाइलें हैं जिसमें बात सुनने के बाद सुविधा शुल्क न मिलने से आज तक उन पत्रावलियों में आदेश नहीं किया गया।

बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह भी कहा कि न्यायालय में तैनात कर्मचारी व प्राइवेट कर्मचारियों द्वारा पत्रवलियों का आदेश अधिवक्ताओं को उपलब्ध नहीं कराया जाता। वहीं उनसे बार-बार पूछने पर कर्मचारियों द्वारा धमकी दी जाती है कि जो करना हो कर लो। ज्ञापन देने वालों में संजीव शुक्ला, रामखेलावन आदि मौजूद रहे।

# जेल में बंद कैदी की बीमारी से मौत

**उन्नाव।** जिला कारागार में सजा काट रहे क्षय रोग से ग्रसित कैदी की अचानक हालत बिगड़ गई। जेल स्टाफ ने उसे आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी मौत हो गई।

मौरावां थानाक्षेत्र के पान कुंवर खेड़ा गांव निवासी जहान सिंह (63) को गुंडाएक्ट और जान बूझकर अपनामित करने के मामले में जेल भेजा गया था। जिसमें उसे गुंडाएक्ट में एक साल आठ माह और जान बूझकर अपमानित करने के केस में एक साल तीन महीने की सजा मिली थी। कोर्ट के फैसले के बाद उसे 13 मई-2022 को जेल भेजा गया था। पिछले तीन माह से वह बीमारी ग्रसित था। शुक्रवार को हालत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घेषित कर दिया। जेलर पंकज ने बताया कि कैदी की हालत बिगड़ने पर अस्पताल भेजा गया था।

# जिलाधिकारी ने दिए स्वतंत्र, निष्पक्ष सुव्यवस्थित चुनाव कराने के निर्देश

कार्यालय संवादादाता उन्नाव

- कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल हाल में सभी प्रभारियों, आरओ व एआरओ के साथ की बैठक

**अमृत विचार।** डीएम गौरांग राठी ने निर्वाचन प्रभारियों, आरओ व एआरओ को स्वतंत्र, सकुशल, निष्पक्ष, सुव्यवस्थित व सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी तरह की लापरवाही व उदासीनता बर्दास्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को दायित्व निर्वहन को गंभीरता से लेने की सलाह दी। कहा कि सभी अपने दायित्वों को भलीभांति समझ लें, जिससे निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार दायित्व निर्वहन में मुश्किल न हो। कहीं कोई समस्या होने पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी व सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी से समय रहते शंका समाधान कर लेना चाहिए। सभी एसडीएम व सीओ को आपसी में समन्वय बनाकर आचार संहिता प्रभावी होने के अक्षरशः पालन कराने पर जोर दिया। कहा कि प्रत्येक बूथ पर मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों के अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने की हिदायद दी।

जिससे कोई भी व्यक्ति मतदाताओं को प्रलोभन या धमकाकर उम्मीदवार विशेष के पक्ष में न करा सकें। कंट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही प्रभारी कार्मिक प्रशिक्षण को मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण देने का शेड्यूल तैयार कर बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि प्रभारी स्वीप गांवों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इससे पहले उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त नरेंद्र सिंह ने मतदान कार्मिकों की नियुक्ति सहित अन्य व्यवस्थाएं करने संबंधित विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सीडीओ प्रेम प्रकाश मीणा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम मोहन मीणा, एडीएम (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, सीएमओ डा. सत्य प्रकाश, एएसपी अखिलेश सिंह, पीडी कमलेश कुमार, प्रभारी लेखन सामग्री मुकुल तिवारी व प्रभारी मीडिया सतीश कुमार आदि अधिकारी भी मौजूद रहे।

**माह-ए-रमजान** लोगों को दिया संदेश, रोजे का सवाब अल्लाह पाक खुद देंगे, इस माह में इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है

# रमजान माह में अल्लाह की इबादत कर गुनाहों से तौबा करें

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** मुकद्दस रमज़ान के पहले जुमे के खुतबे में नायब शहर काजी हाफिज फिरोज ने कहा कि हम बहुत खुश किस्मत हैं जो हमे माहे रमज़ान नसीब हुआ है। इस मुकद्दस महीने की कद्र करें। इस माह को रायगा न जाने दें। इस माह में ज़्यादा से ज़्यादा अल्लाह की इबादत करें और गुनाहों से तौबा करें। अल्लाह माफ करने वाला है। नगर के मोहल्ला दरगाह शरीफ स्थित जामा मस्जिद के इमाम व खतीब नायब शहर काजी हाफिज फिरोज ने अपने खिताब में कहा कि रोजा इनसान को मुत्तक़ी व परहेजगार बनाता है। रोजे का सवाब अल्लाह पाक खुद देंगे। इस माह में इबादतों का सवाब कई गुना बढ़ा दिया जाता है। रोजा रखने वालों पर अल्लाह की रहमत बरसती है। लोगों को चाहिए कि वे रोजे रख कर पूरे माह रब की इबादत करें।

नायब शहर काजी ने कहा कि ईमान और अखलाक मजबूत करो। दुनिया और आख़िरत में कामयाबी जरूर पाओगे। उन्होंने कहा कि जो आदमी तक़वा अख्तियार करता है अल्लाह ताला उसकी मदद करता है। आज हमारे अंदर तमाम बुराइयां पैदा हो गई हैं। कौन सा ऐसा गुनाह है जो हम कर न रहे हों। सूद हम खा रहे हैं, वादा खिलाफी हम कर रहे हैं, पड़ोसियों को परेशान हम कर रहे, दूसरों का हक हम मार रहे हैं, बेईमानी हम कर रहे हैं। इसके बाद भी हम अल्लाह से मदद की उम्मीद कर रहे हैं। हम इन तमाम बुराइयों से दूर रहे और सच्चे दिल से तौबा करे। इसके बाद अल्लाह से मदद मांगे। हम किस्मत वाले हैं कि हमें माहे रमज़ान नसीब हुआ है। हम पर लाज़िम है कि हम माहे रमजान की की कद्र करें। दिन में रोज़ा रखें, नमाज़ पढ़ें, कुरान की तिलावत करें, रातों में गुनाहों से तौबा करें और आइंदा गुनाहों से बचने का अहद करें।


जुमे के खुतबे में नसीहत देते मौलाना।

- शहरकाजी ने खिताब में कहा हम किस्मत वाले हैं कि हमें माह-ए-रमजान नसीब हुआ

## रमजान में पूरी रात गुलजार रहता दादामियां चौराहा

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** रमजान के चलते शहर के मुस्लिम बहुल आबादियों खासकर दादामियां चौराहा लगभग पूरी रात गुलजार रहता है। रोजेदार खासकर युवा यहां आवाजाही करते हुए चाय पीने का सिलसिला जारी रखते हैं। उनका कहना रात जागते हुए बिताकर दिन में अल्लाह की इबादत से बचा समय सोकर बिताना पसंद करते हैं।

वैसे तो आमदिनों में भी दादामियां चौराहा पर देर तक आवाजाही जारी रहती है, लेकिन पवित्र रमजान माह में यह चौराहा पूरी रात जागता रहता है। चाय सहित खानपान की ही नहीं कुछ अन्य दुकानें भी सजी रहती हैं। स्थानीय निवासियों के मुताबिक चौराहा का यह मिजाज नया नहीं है, बल्कि बुजुर्ग हमेशा से रमजान पर यहां मजमा बने रहने की जानकारी देते आ रहे हैं। गुरुवार रात करीब 12 बजे यहां एक चाय की दुकान पर मिले फैसल ने बताया कि रोजा रखते हुए वह अपने साथियों सहित रात के समय दो-तीन बार टहलते हुए आवाजाही कर लेते हैं। इसी तरह इरफान, इस्माईल व नूर आलम ने भी रमजान माह में चाय की चुश्कियों के बीच रात गुजार इत्मिनान से दिन घर की दहलीज के अंदर ही बीत जाता है, जिससे समझ ही नहीं आता कि कब भाईचारे का पर्व ईद आ गया।


धवन रोड पर रात के समय जारी आवाजाही। अमृत विचार


रमजान की फजीलत बयां करते मौलाना। अमृत विचार

## पहले जुमे की नमाज अता कर मांगी देश की तरक्की व खुशहाली की दुआ

**सफीपुर उन्नाव।** रमजान माह के पहले जुमे को नगर व इलाके की मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ रही। समय से पहले ही नमाजी मस्जिदों में पहुंच गए। उलेमाओं ने नमाज अदा कराने के साथ रमजान की फजीलत बयां की। मुल्क व कौम की तरक्की व अमन की दुआ की गई। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। नगर व इलाके की मस्जिदों पर बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज से पहले मौलाना इफ़्तेखार हुसैन रिजवी ने अपने खुतबे में तकरीर करते हुए कहा कि माहे रमजान अल्लाह का महीना है। इस महीने में इंसान अल्लाह का मेहमान होता है। मौलाना हशमत उल्ला साहब ने कहा कि केवल रोजा रखना ही फर्ज नहीं है। बल्कि जकात देना भी फर्ज है। मस्जिद सैय्यद वाड़ा, मस्जिद मियां बाजार, मस्जिद बस स्टाप, हाता बाजार मस्जिदों व ग्रामीण क्षेत्रों में जुमा की नमाज अता की गई।

# दलित किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 15 साल कारावास की सजा

## 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया, 10 साल पहले किशोरी से किया था दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



● पेश किये गए साक्ष्यों के आधार पर एडीजे कोर्ट ने सुनाई सजा

**अमृत विचार।** 10 साल पहले दलित किशोरी से हुए दुष्कर्म के मामले की अंतिम सुनवाई विशेष पाक्सो कोर्ट में शुक्रवार को पूरी हुई। एडीजे ने प्रस्तुत गवाहों व सबूतों के आधार पर युवक को दोषी ठहराते हुए 15 साल की सजा सुनाई है।

बता दें कि बिहार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी के पिता ने 21 जनवरी-2014 को थाने में दी तहरीर में बताया था कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव निवासी मनीष तिवारी पुत्र चंद्रशेखर बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर किशोरी को बरामद किया था और आरोपी को कोर्ट से जेल भेज दिया गया था। पीड़िता ने अपने कलमबंद बयान में युवक द्वारा उसके दुष्कर्म किए जाने की बात कही थी। तत्कालीन सीओ गोपीनाथ सोनी ने जांच कर आरोपी के विरुद्ध कोर्ट में 22 मई-2014 को चार्जशीट पेश की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता राजीव अवस्थी व प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की दलीलों व पुलिस द्वारा पेश किये गए साक्ष्यों के आधार पर एडीजे जयवीर सिंह नागर ने मनीष को दोषी करार देते हुए 15 साल के कारावास के साथ 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

### पुलिस पर फायरिंग के दोषी को सात साल की सजा

**उन्नाव।** मौरावां थानाक्षेत्र में 11 जुलाई-2020 को तत्कालीन मौरावां एसओ राजेंद्र सिंह को सूचना मिली थी कि एक हिस्ट्रीशीटर बाइक से मौरावां से कहीं जा रहा था। पुलिस ने उसको दबोचने के लिए नाकेबंदी की थी। रात करीब एक बजे अकोहरी मोड़ पर बाइक से एक युवक को आता देख पुलिस टीम ने उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने पुलिस टीम पर तमंचे से फायर झोंक दिया था। लेकिन पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया था। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम धनराज पुत्र हनुमान लोध निवासी अकोहरी बताया था। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। 31 अगस्त-2020 को कोर्ट में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की थी। शुक्रवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता विनय शंकर दीक्षित की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर एडीजे ममता सिंह ने धनराज को मुठभेड़ का दोषी मानते हुए सात साल की सजा सुनाई।

# दो करोड़ रुपये से बनाया जाएगा पार्क

**पुरवा।** नगर के मोहल्ला चंदीगढ़ी में सवा दो बीघा भूमि पर दो करोड़ की लागत से पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर विकास योजना के तहत पार्क बनाया जाएगा। जहां शुक्रवार को मंत्रोचारण के बीच विधायक अनिल सिंह ने भूमिपूजन किया।

विधायक ने मोदी व योगी सरकार की योजनाओं का बखान किया। कहा कि पार्क बनने से लोगों को लाभ होगा। साथ ही क्षेत्र की खूबसूरती भी बढ़ेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष रेनू ने कहा कि योगी सरकार में नगर का विकास हो रहा है।

इस दौरान ईओ संदीप कुमार, कौशलेंद्र शंकर शुक्ल, ब्लाक प्रमुख सतीश चौधरी, संदीप शुक्ला, अमित, अंगद, अंकित, विशाल, विमल, ज्योति, आलोक कुशवाहा, पदम, रंजीत, संजय आदि रहे। संचालन रूपेश आनंद व अध्यक्षता शिव प्रसाद ने की।

# घर के पकवान खाएं, बाजार में मिलावट

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

● दुग्ध उत्पादों में सबसे अधिक रहती है मिलावट होने की आशंका

● मिलावट से बचने को तमाम लोग घरों पर तैयार करते हैं पापड़-चिप्स



बाजार में बिक्री के लिए लगीं मिठाइयां।

**अमृत विचार।** प्रशासन के लाख प्रयासों के बाद भी भाईचारे के त्योहार होली पर खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंका से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। बाजार में जहां मिलावटी खोए की उपलब्धता को लेकर लोग परेशान हैं। वहीं त्योहार पर मेहमानों के सामने कढ़ाई पर तल कर सजाई जाने वाली सामग्री में भी हानिकारक रंगों के इस्तेमाल की संभावना के मद्देनजर महिलाएं घरों में ही पापड़ आदि तैयार कर रही हैं।

रंगों के पर्व होली पर सबसे अधिक लोग एक-दूसरे के घर आवाजाही करते हैं। इसीलिए सभी मेहमानों की आवभगत के इंतजाम भी खूब करते हैं। हालांकि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के चलते त्योहार के दस्तक देते ही लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ खासकर खोए का इंतजाम करना टेढ़ी खीर दिखने लगा है। आमधारणा है कि बाजार में बिकने वाला खोया न सिर्फ मिल्क पाउडर से तैयार किया जाता है, बल्कि शकरकंद सहित सिंथेटिक पदार्थ मिलाकर खोया तैयार करने को दावा भी बहुतायत लोग करते हैं। हालांकि कारोबारी इससे इंकार करते हुए खोया तैयार करने में शरीर के लिए हानिकारक कोई पदार्थ नहीं प्रयोग होता है। वह मिल्क पाउडर से तैयार खोए में शतप्रतिशत शुद्धता का दावा करते हैं। वैसे तो अब बाजार में बिक रही अधिकांश खाद्य सामग्री में मिलावट के मामले सामने आते रहते हैं, लेकिन त्योहारी सीजन में बढ़ी हुई मांग के मद्देनजर मिलावटखोरी बढ़ जाती है। बाजार में रंग-बिरंगी कचरी में अखाद्य रंगों के प्रयोग की संभावना रहती है।

### लिए गए दूध के नमूने

सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा मंजूषा सिंह ने बताया कि विभागीय आयुक्त के निर्देश पर होली पर्व पर जनमानस को शुद्ध खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम के मार्ग दर्शन में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत गुरुवार को गदनखेड़ा बाईपास से मिश्रित दूध का एक नमूना लिया गया। इसी तरह बीघापुर स्थित बारा हरदो बाजार में मिश्रित व इसी तहसील क्षेत्र के भगवंतनगर कस्बे से मिश्रित दूध का भी एक-एक नमूना जांच के लिए लिया गया। वहीं शुक्लागंज शहर के राजधानी मार्ग भैंस के दूध का एक नमूना संग्रहित किया गया।

# ब्लॉक होने की वजह से डेढ़ घंटे खड़ी रही जनसाधारण एक्सप्रेस

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



स्टेशन के अप लाइन पर खड़ी जनसाधारण एक्सप्रेस।

**अमृत विचार।** शुक्रवार को कानपुर रेलवे स्टेशन पर मरम्मत कार्य को लेकर ब्लॉक लिया गया। जिस कारण अप और डाउन लाइन का रेल संचालन प्रभावित रहा। जिस कारण गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर जनसाधारण एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रूकी रही। एक घंटे से अधिक ट्रेन खड़ी होने पर यात्री परेशान हो गये।

कानपुर सेंट्रल स्टेशन के यार्ड में दोपहर 12:25 बजे से 01:25 बजे के बीच एक घंटे का ब्लॉक लिया गया। ब्लॉक के दौरान अप और डाउन लाइन में पॉवर, रेल यातायात व ओएचई मरम्मत का कार्य किया गया। कार्य के चलते रेल संचालन प्रभावित हो गया। वहीं लखनऊ से कानपुर जा रही जनसाधारण एक्सप्रेस 11:55 बजे गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर पहुंची। कानपुर में लाइन खाली न होने पर उसे सिग्नल नहीं दिया गया। जिस कारण वह स्टेशन पर खड़ी रही। दोपहर करीब डेढ़ बजे उसे रवाना किया गया। डेढ़ घंटे तक ट्रेन खड़ी होने से यात्री परेशान रहे। वहीं राप्ती सागर, बरौनी ग्वालियर व डाउन लाइन की मेमो समेत कई ट्रेनें प्रभावित रही।

# जंगली जानवर की तलाश में छाना जंगल

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

● गुरुवार दोपहर बाग में जंगली जानवर ने काम कर रहे किसान पर हमला किया था



जानवर की तलाश के लिए आई वन विभाग की टीम। अमृत विचार



खेतों में इस तरह दिखे पग चिन्ह।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के कटरी पीपर खेड़ा मजरा नया खेड़ा निवासी किसान गुरुवार दोपहर अमरूद के बाग में काम करने के दौरान जंगली जानवर ने हमला कर घायल कर दिया था। जंगली जानवर की सूचना पर आस पास के कई गांवों में रहने वाले ग्रामीणों में दहशत देखने को मिली। जंगली जानवर की सूचना पर शुक्रवार को डीएफओ के निर्देश पर वन विभाग की टीम पहुंची। जहां टीम ने खेतों और जंगलों में कांबिंग की। जहां जंगली जानवरों के पैरों के निशान मिलने पर जांच के लिये भेजा है।

नया खेड़ा निवासी मुन्नीलाल (60) गुरुवार को पहाड़ापुर गांव के पास अमरुद के बाग में अमरुद तोड़ रहा था, तभी किसान पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया था। शोर मचाने पर पास में काम कर रहा बेटा दुर्गेश दौड़ा। जहां उसने बताया कि जानवर चित्तीदार दिखाई पड़ा था और उसकी दहाड़ भी सुनाई पड़ी थी। जिस पर ग्रामीणों ने तेंदुआ होने की आशंका जाहिर की और घायल किसान को इलाज के लिये एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं जंगली जानवरी की सूचना पर आस पास के कई गांवों में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। रात के समय ग्रामीण लाठी डंडा लेकर घरों से निकले। वहीं जंगली जानवर की सूचना वन विभाग को दी गई।

जिस पर शुक्रवार सुबह डीएफओ के निर्देश पर डिप्टी रेंजर सुरेन्द्र सिंह, वन रक्षक अनुजा यादव, अनुज कुमार, अकील आदि वन विभाग की टीम पहुंची। जहां टीम ने अमरुद के बाग के अलावा आस पास के खेतों और जंगलों में जाकर कांबिंग की। जहां उन्हें जंगली जानवर के पदचिन्ह मिले। जिस पर पद चिन्हों को जांच के लिये एक्सपर्ट को भेजा गया है। रेंजर प्रेम शंकर तिवारी ने बताया कि पैरों के निशान को देकर लकड़बग्घा या हायना लग रहा है। पद चिन्हों को जांच के लिये भेजा गया है। वहीं टीम ने शाम को दोबारा क्षेत्र में कांबिंग की है।

## सार-संक्षेप

### बीएसएफ और पुलिस ने मिश्रित आबादी में किया रूट मार्च

**शुक्लागंज।** लोकसभा चुनाव के साथ ही त्योहारों को देखते हुये शुक्रवार को डीएम और एसपी के निर्देश पर पुलिस ने नगर के मिश्रित आबादी में रूट मार्च किया। भारी पुलिस फोर्स देख लोगों में हड़कंप मचा रहा। डीएम और एसपी के निर्देश पर शुक्रवार को गंगाघाट कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने गंगाघाट कोतवाली फोर्स व बीएसएफ जवानों के राजधानी मार्ग पर रूट मार्च किया। इसके साथ ही नगर के मिश्रित आबादी मनोहर नगर, शक्तिनगर, प्रेमनगर, पोनी रोड, अहमद नगर, इन्द्रानगर समेत अन्य क्षेत्रों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का एहसास कराया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव होने वाले है और होली व रमजान माह में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए रूट मार्च किया गया है।



निरीक्षण करते डीएम गौरांग राठी, एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना व अन्य अफसर।

### जाम से निजात दिलाने को हाईवे पर उतरे डीएम व एसपी

**उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर लगातार लगने वाले जाम से जूझ रहे लोगों को निजात मिलने की अब उम्मीद जगी है। डीएम व एसपी ने एनएचएआई अफसरों के साथ गदन खेड़ा चौराहा से दही तिराहा तक निरीक्षण किया। यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ समय पर कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। डीएम गौरांग राठी व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने एनएचएआई व पीडब्ल्यूडी अफसरों के साथ गदनखेड़ा व दही थानाक्षेत्र के चौराहों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। डीएम ने सड़क व फ्लाई ओवर निर्माण में लगी इकाइयों को निर्देश दिए कि मई-2024 तक कार्य खत्म कर लें। जिससे लोगों को जाम से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि जाम की समस्या का स्थायी रूप से हल करने के लिए गदनखेड़ा व दही तिराहा पर 200 मीटर तक चारों ओर चौड़ीकरण किया जाएगा। अगले 15 दिन में एनएच की सतह व डिवाइडर निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। इससे आवागमन में सुगमता होगी।

### पुल चालू कराने के लिये कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**शुक्लागंज उन्नाव।** पुराने गंगापुल की कोठियों में दरार आने के कारण उसे यातायात के लिये बंद कर दिया गया। जिससे नवीन पुल पर रोजाना जाम लग रहा है। जाम की समस्या को देखते हुये शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता पुराने यातायात पुल के पास पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पुल चालू कराने के लिये प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया। नगर महासचिव रवि शंकर गुप्ता, जयपाल साहू ने सरकार, सांसद, विधायक और नगर पालिका अध्यक्ष से पुराने गंगा पुल चालू कराने की मांग की है। जयपाल साहू, रवि शंकर गुप्ता, हनीफ, रामकिशोर पाल, राजेश रावत, मयंक बाजपेई, कमलेश तिवारी, मुन्ना सोनी, संजय, ओजस्वी गुप्ता रहे।

### रमजान के पहले जुमा पर मांगी अमन-शांति की दुआ

**शुक्लागंज उन्नाव।** रमजान के पहले जुमा पर शुक्रवार को नमाज बड़े ही अकीदत के साथ अता की गई। इस दौरान नमाजियों ने देश में अमन-शांति के लिए दुआ मांगी। रमजान के पहले जुमा को लेकर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में नमाज को लेकर भीड़ रही। वहीं नमाज को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस मौजूद रही। रमजान के पहले जुमा के अवसर पर साढ़े बारह बजे से लेकर डेढ़ बजे के बीच नगर के मस्जिदों में नमाज अदा की गई। दोपहर सवा एक बजे जुमा की पहली नमाज बड़े ही अकीदत के साथ अता की गई। इस दौरान नमाजियों ने देश में अमन-शांति के लिए अल्लाह से दुआ की। जुमे की नमाज को लेकर गंगाघाट पुलिस ने मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात की। वहीं पालिका ने सुबह से साफ सफाई कराई।

# सड़क किनारे मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



प्रदीप कुमार वर्मा



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दही थानांतर्गत एक आनलाइन कंपनी के वेयर हाउस में काम करने वाले युवक का संदिग्ध हालात में सड़क किनारे शव पड़ा मिला। परिजनों ने वेयर हाउस में किसी हादसे का शिकार होने पर शव गांव के पास फेंकने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं सूत्र बताते हैं कि पोस्टमार्टम में युवक की मौत करंट से होने की बात सामने आई है।

दही थानाक्षेत्र के गांव तारगांव के मजरा गढ़ी निवासी प्रदीप वर्मा (36) पुत्र स्व. देवीचरन रावत सोहरामऊ थानाक्षेत्र स्थित एक आनलाइन कंपनी के वेयर हाउस में पैकिंग का काम करता था। गुरुवार सुबह वह घर से ड्यूटी गया था। देररात घर नहीं लौटा तो परिजन परेशान हो गए। बड़े भाई को तलाश करने निकला संदीप काफी देर तक उसका दही तिराहे पर इंतजार करता रहा। इस दौरान उसके फोन की घंटी भी बजती रही लेकिन कोई उत्तर नही मिला। रिश्तेदारों व फैक्ट्री के आसपास लोगों से जानकारी की गई लेकिन, उसका कोई सुराग नहीं लग सका। शुक्रवार भोरपहर दही थानांतर्गत तारगांव मोड़ के पास ग्रामीणों ने सड़क किनारे उसका शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। परिजन पहुंचे और शव देख बिलख उठे। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। परिजनों ने वेयर हाउस में ही किसी हादसे का शिकार होने पर उसका शव फेंकने का आरोप लगाया। पोस्टमार्टम में करंट लगने से उसकी मौत होने की बात सामने आई है। बताते हैं कि जहां शव पड़ा था वहां कोई विद्युत पोल भी नहीं है। भाई ने बताया कि उसके हाथ व पैर का पंजा झुलसा था। आरोप लगाया कि पंजा झुलसने के बाद भी जूता और मोजा कैसे सुरक्षित रहा। सीओ सिटी सोनम सिंह ने बताया कि युवक के कोई जाहिरा चोट नहीं मिली है।

# प्रेम प्रसंग में युवती ने फांसी पर लटक कर दे दी जान

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

● प्रेम प्रसंग की जानकारी दोनों के परिजनों को थी

● युवती की मां लगा रही हत्या किए जाने का आरोप



**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली के नवाबगंज कस्बा में प्रेम प्रसंग के चलते युवती ने फंदे से लटक कर खुदकुशी कर ली। शव लटका देख परिजन बेहाल हो गए और बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव को मोर्चरी के लिए भेजा।

नगर पंचायत नवाबगंज के वार्ड नं. पांच शीतल गंज मोहल्ला निवासी कमल राजपूत की 23 वर्षीय पुत्री सन्ध्या गांव के ही एक युवक शिवम से प्रेम प्रसंग चल रहा था। चर्चा है कि शिवम का सन्ध्या के घर भीं आना जाना भी था। यह जानकारी दोनों के परिजनों को भी थी। बताते है कि दोनों शादी भी करना चाहते थे। शुक्रवार शाम मां लीलावती मोहल्ले में कही गई थी। वापस लौटने पर बेटी का शव कमरे मे पंखे के सहारे लटका देख उसकी चीख निकल गई। शोर सुनकर पड़ोसी पहुंचे और उसे नीचे उतार पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज धर्मेन्द्र मिश्रा ने जांच कर शव को पीएम के लिये भेजा है। पुलिस आत्महत्या की बात कर रही है जब कि मृतक की माँ हत्या किए जाने का आरोप लगा रही है।

### 18 से 22 मार्च तक रोज सात घंटे गुल रहेगी बिजली

**नवाबगंज।** सोनिक पावर हाउस से निकलने वाली 33 केवीए व 33 केवीए वृन्दावन बाटलर अजगैन का तार व पोल बदला जाना है। इसके चलते 18 से 22 मार्च तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक अजगैन, नवाबगंज, रायपुरगढ़ी, नवई, बनी, अशाखेड़ा, बजेहरा, सोहरामऊ, ई-स्पेश, सीहाक, आनंदी मैजिक वर्ड, कत्था फैक्ट्री व क्षेत्र के गावों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। यह जानकारी उपखंड आधिकारी नवाबगंज ने दी है।

### प्रधान पर जानलेवा हमले में छह पर मुकदमा दर्ज

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली के शंकरपुर सरायं ग्राम प्रधान ने गांव के रहने वाले कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुये पुलिस को तहरीर दी थी। जिस पर पुलिस ने चार नामजद समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। शंकरपुर सरायं के ग्राम प्रधान सर्वेश लोधी ने पुलिस को बताया कि बुधवार रात बाइक से घर जा रहे थे, तभी गांव के कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। जिससे वह बाल बाल बच गये। पुलिस ने तहरीर पर गांव के सोनू, राजेश, प्रमोद, अनुज व दो अज्ञात समेत छह लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**यूपी बोर्ड परीक्षा** | मूल्यांकन केंद्र में नहीं जाएंगे मोबाइल फोन, शिक्षकों की आवाजाही भी रहेगी प्रतिबंधित

# आज से शुरू होगा कॉपियों का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



मूल्यांकन के लिये कक्ष देखते जीआईसी प्रधानाचार्य एसके सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले के चार मूल्यांकन केंद्रों पर हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शनिवार से शुरू होगा। उत्तर पुस्तिकाएं जांचने के दौरान मूल्यांकन केंद्रों पर शिक्षक-शिक्षिकाएं मोबाइल समेत कोई अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस साथ नहीं रख सकेंगे। साथ ही परिसर के बाहर नहीं जा सकेंगे। मूल्यांकन में शिथिलता व मनमानी रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में न सिर्फ जिला मुख्यालय बल्कि परिषद के प्रयागराज स्थित क्षेत्रीय कार्यालय व लखनऊ से भी निगहबानी होगी।

जीआईसी परिसर में इंटर मीडिएट की 1.82 लाख उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। वहीं जीजीआईसी, अटल बिहारी इंटर कालेज व डा. जीनाथजी दयाल इंटर कालेजों में हाईस्कूल की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। जहां 1.87 लाख उत्तर पुस्तिकाएं जांची जाएंगी। काफी समय से मूल्यांकन की तैयारियों में जुटे अधिकारियों ने गुरुवार को इस कार्य को अंतिम रूप दिया। परिषद ने समय पर बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित करने की मंशा से 16 से 31 मार्च के बीच मूल्यांकन कार्य पूर्ण कराने लक्ष्य रखा है। इसके लिए न सिर्फ मूल्यांकन कार्य कराने के लिए शिक्षकों की संख्या बढ़ाई गई है बल्कि निर्धारित तिथियों के बीच रविवारीय अवकाश भी नहीं रखा है। मूल्यांकन के दौरान केंद्र परिसर में मूल्यांकन ड्यूटी करने वालों के अलावा किसी को भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### मूल्यांकन की तैयारियां पूरी: डीआईओएस

डीआईओएस एसपी सिंह ने कहा कि जिले के चारों मूल्यांकन केंद्रों पर परिषद की गाइड लाइन के मुताबिक इंतजाम किए जा चुके हैं। बताया कि सभी केंद्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद की गाइड लाइन के अनुसार सभी केंद्र सीसीटीवी कैमरों से लैस हैं। कभी भी जिले के प्रशासनिक अधिकारियों, परिषद व शासन के अधिकारी संबंधित स्थानों पर बनाए गए कंट्रोल रूम से केंद्रों का जायजा ले सकेंगे।

### इंटर का मूल्यांकन करेंगे 620 शिक्षक

जीआईसी के प्रधानाचार्य एसके सिंह ने बताया कि इंटर मीडिएट के मूल्यांकन में 620 शिक्षक-शिक्षिकाओं को लगाया गया है। विद्यालय में संचालित मूल्यांकन केंद्र के 11 कक्ष व दो हाल व्यवस्थित किए गए हैं। जिन्हें पूरी तरह सीसीटीवी कैमरों से कवर कराया जा चुका है। मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों को परिषद के निर्देशों के तहत सभी सुविधाओं की उपलब्ध कराते हुए प्रतिबंधों का पालन कराया जाएगा।

# राजीव नगर बस्ती में जेसीबी चलाकर हटाईं झोपड़ियां

**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगाघाट रेलवे स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कायाकल्प का कार्य कराया जा है। इसके लिये राजीव नगर खंती की ओर बाउंड्री वाल बनवाई जायेगी। शुक्रवार को जेसीबी से बस्ती की झोपड़ियों को हटवाया गया। यह देख बस्ती में रहने वाले लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

गंगाघाट रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। शुक्रवार को बााउंड्री वॉल बनाने के लिये जेसीबी से काम कराया गया। जहां जेसीबी से समतलीकरण के काम के साथ ही कुछ झोपड़ियां आड़े आ रही थी। जिसे जेसीबी से हटवा दिया गया। यह देख बस्ती में रहने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने अपनी झोपड़ियां खुद हटा ली। वहीं जेसीबी से आधा दर्जन झोपड़ियां हटाई गई हैं। वहीं स्टेशन का कार्य होता देख बस्ती में रहने वाले लोगों में हड़कंप मचा है।

# 'श्रीमद्भागवत सुनने से उद्धार होता'



कथावाचक आचार्य अवधेश अवस्थी।



श्रीमद्भागवत कथा सुनने के लिए आए श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

**अमृत विचार।** बांगरमऊ तहसील क्षेत्र के गांव गोशाकुतुब में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथाज्ञान यज्ञ के द्वितीय दिवस पर विख्यात कथावाचक आचार्य अवधेश अवस्थी ने बताया कि परमपिता परमात्मा की शरण में जाने और उनका ध्यान-चिंतन करने से ही मानव का भवसागर पार करना संभव है।

भागवताचार्य ने श्रोताओं को धुंधकारी व गोकर्ण की भावपूर्ण कथा श्रवण कराकर उन्हें राम नाम का संकीर्तन करने को मजबूर कर दिया। उन्होंने कहा कि जीव का अंतिम समय में साथ केवल धर्म देता है और मृत्यु के बाद उसके साथ उसके जीवन में किए गए पुण्य कर्म ही जाते हैं। उन्होंने गोकर्ण की कथा का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि पुत्र की प्राप्ति के बाद सुपुत्र का आचरण धारण किया तो वह हजारों जीवों को सुख की अनुभूति कराएगा और वह पूरे कुल का उद्धार करेगा। कथावाचक ने धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि उस जैसे कुपुत्र ने अपने माता-पिता को घोर दुख दिया। जिसके परिणाम स्वरूप उसने प्रेत योनि में जाकर अपार दुख भोगा। उन्होंने श्रीमद्भागवत पुराण की महिमा बताते हुए कहा कि गोकर्ण जी ने अपने भाई का गया श्राद्ध किया। तब भी उनका उद्धार नहीं हुआ। किंतु श्रीमद्भागवत ही ऐसा अनोखा और इकलौता पुराण है जिसके श्रवण मात्र से पापी का भी उद्धार हो जाता है। भागवताचार्य ने कथा के मध्यांतर में पुरातन वाद्य यंत्रों की संगत पर कीर्तन प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजक देवी प्रसाद पाठक, अभिषेक पाठक, आशुतोष पाठक व अखिलेश पाठक ने कथा व्यास को माल्यार्पण व श्रीमद्भागवत महापुराण की आरती कर श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया।

लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# अमेरिका को सलाह

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) को लागू कर सीधे तौर पर वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे विचारों को धरातल पर खड़ा करने का प्रयास किया है। साथ ही भारत ने सीएए पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब देकर कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। सीएए भारत का आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर अवांछित आपत्ति जताई और अनुचित बयान दिया कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के संबंध में इतिहास की सीमित समझ रखने वाले हमें ज्ञान ना दें। सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है। इससे लोगों को नागरिकता दी जाएगी न कि उनकी नागरिकता छीनी जाएगी। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैन, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को यहां पांच साल तक निवास करने के बाद भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

केंद्र सरकार ने जब इस कानून को लाने की तैयारी की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरू हो गया था। 2019 में जब सीएए कानून को संसद से हरी झंडी मिली थी तब पूर्वोत्तर समेत कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है इसलिए इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उस समय सरकार ने सीएए को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हालांकि, समय-समय पर इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। कहा जा रहा है व्यापक विरोध के चलते ही कानून को लागू करने में देरी हुई। सच्चाई यह भी है कि कुछ राज्य सरकारों ने विधानसभा में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, यह दर्शाता है कि कैसे इस मुद्दे पर राजनीति होती रही। जबकि नागरिकता देने में राज्य सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं थी।

# बेहतर शिक्षा हो चुनावी घोषणा पत्रों का प्रमुख एजेंडा



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार माना गया है। यह समय और समाज के साथ चलने वाली वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करते हुए उसके ज्ञान, कौशल और दक्षताओं में वृद्धि करती है। शिक्षा एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण हेतु अपेक्षित कार्य, व्यवहार और दायित्वों का भी बोध कराती है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है और किसी भी राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप समाज का निर्माण होता है।

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इस प्रकार यह जनता के लिए, जनता की तथा जनता द्वारा संचालित शासन व्यवस्था है। स्वाभाविक ही है कि इस व्यवस्था में जनआकांक्षाएं और जनभावनाएं शामिल होती हैं,अतः चुने गए प्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे जनता की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

एक न्यायपूर्ण, लोकहितकारी व समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देती है बल्कि राष्ट्रहित में उपयुक्त व्यक्ति के चयन का तार्किक आधार भी बनती है। इस प्रकार शिक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सामाजिक एकता, समता, समानता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देती है। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षा और लोकतंत्र का अन्योन्याश्रित संबंध है। दोनों एक दूसरे बिना आधे-अधूरे और लगभग अर्थहीन हैं। अतः आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा को 'प्रमुख एजेंडा' निर्धारित किया जाय। जिस एजेंडा में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और उससे जुड़े कला-कौशलों को हासिल कर स्वयं तथा समाज की प्रगति में योगदान देने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता शामिल हो।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई)-2009 के अंतर्गत पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रारंभिक स्तर पर किसी भी औपचारिक विद्यालय में जो कुछ अनिवार्य मानकों और मानदंडों को पूरा करता हो, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वाभाविक ही है कि बुनियादी शिक्षा किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों में शामिल है जिसे हर स्तर पर बेहतर होना चाहिए। और यह मुद्दा किसी भी चुनाव में, किसी भी पार्टी के चुनावी एजेंडे, विमर्शों और वोट हेतु संपर्क की गतिविधियों में प्रमुखता से होना चाहिए।

विगत तीन दशकों में शिक्षा उन्नयन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के चलते शिक्षा में कई स्तरों पर सुधार हुए हैं और यह भौतिक संसाधनों की उपलब्धता, पहुंच के विस्तार, क्षमता वर्धन के रूप में दिखते हैं लेकिन पूर्व और वर्तमान की शिक्षा नीतियों के मार्गदर्शक बिंदुओं के आधार पर अभी शिक्षा के अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल किया जाना शेष है। जिसके लिए आवश्यक है कि ये लक्ष्य किसी भी राजनैतिक दल के चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल हों।

कोरोना त्रासदी के दौरान और उसके बाद जीवन यापन के तौर तरीकों व अवसरों में व्यापक बदलाव आए हैं। इस अप्रत्याशित त्रासदी ने वैश्विक स्तर पर जीवन यापन के सुरक्षित और स्थिर समझे जाने वाले तौर-तरीकों पर भी प्रहार किया। स्वाभाविक ही है कि वर्तमान परिस्थितियों में जीवन के लिए शिक्षा हेतु नई संभावनाओं, अवसरों और साधनों-संसाधनों को शामिल करना होगा जो कि सामाजिक और राजनैतिक विमर्श की प्राथमिकता का बिंदु होना चाहिए।

हर क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं परिस्थितिगत विविधता के अनुसार शिक्षा से जुड़े मुद्दों में भिन्नता हो सकती है। आवश्यक है कि उस भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में ही उस क्षेत्र का शैक्षिक एजेंडा तय हो जिसमें तत्कालीन परिस्थितियों में शिक्षा की बेहतरी का सुस्पष्ट विजन और क्रियान्वयन योजना हो। यह सुधार किसी पैचवर्क की तरह न होकर सतत, सोद्देश्य एवं परिणामी हों।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए। सरकारी व ग़ैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को लेकर जो विविध प्रकार की असमानताएं दिखाई देती हैं उनको दूर कर समतामूलक व समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। शिक्षा केवल विद्यालयों की स्थापना और शिक्षकों की नियुक्ति भर नहीं है। शिक्षा विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रहों और विषमताओं से मुक्ति भी है। जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि उनका प्रारंभिक स्तर से उच्च शिक्षा तक वांछित सुधार हेतु विज़न क्या है और विद्यालयों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे इसका क्रियान्वयन किस प्रकार करेंगे। इसके लिए किन-किन स्तरों पर किस प्रकार के बदलाव करेंगे तथा इसमें समुदाय और परिवेशीय संसाधनों की क्या भूमिका होगी। बेहतर हो कि इसका सुनियोजित खाका हो तथा बदलाव केवल भौतिक संसाधनों तक ही सीमित न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर प्रमुखता से बल देती है। एजेंडा इस बिंदु पर भी सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें कि इसके लिए स्थानीय शिल्प, कला, संस्कृति तथा अन्य वैशिष्ट्य का शिक्षा में किस प्रकार समावेश किया जाएगा ताकि समृद्ध विरासत, परंपरागत ज्ञान व कौशल जीवन यापन का मज़बूत आधार बन सके।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को महापर्व माना गया है। यह वह अवसर है जिसमें हम अपने और समाज की बेहतरी के लिए सुयोग्य उम्मीदवार का चयन करते हैं। बेहतर समाज बेहतर शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए ज़रूरी है कि उसे वोट किया जाय जिसके एजेंडे में सुशिक्षा शीर्ष पर हो। जो शिक्षा की बेहतरी के लिए संकल्पित हो और प्रतिबद्ध भी।

## प्रसंगवश

# लगातार दरक रहीं पहाड़ियां बड़ी आपदा की आहट



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार झील नगरी नैनीताल, जिसे सरोवर नगरी भी कहा जाता है, के बसासत की वर्षगांठ हर साल केक काटकर व चंद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाती है। पर आजादी के बाद के दशकों में विशेषकर सत्तर व अस्सी के दशक में पूरी तरह से कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे इस नगर को सजाने की नहीं बल्कि संवारने और बचाने की जरूरत है।

1841 में अंग्रेज यायावर और शिकारी पीटर बैरन ने जब गरमपानी नामक स्थल से शिकार की तलाश मे पैदल यहां पहुंचकर इस सुंदर जगह को देखा था, तब उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि इतनी जल्दी इस नगर के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां नजर आने लगेंगी और लगातार दरकती पहाड़ियों के बीच भू वैज्ञानिक और पर्यावरणविद इसकी उम्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने लगेंगे। भूस्खलन, अवैध निर्माण, पेड़ों का कटान और झील की गंदगी नैनीताल के सौंदर्य को दीमक की तरह चाटती जा रहे है।

अंग्रेजों ने सदियों तक यहां की पहचान कायम रहे, इसके लिए कुछ नियम व कायदे कानून बनाए थे परंतु आजादी के बाद हिंदुस्तानी साहबों और हम भदेस नागरिकों ने मनमाफिक तरीकों से नगर का दोहन करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजन जहां पहाड़ खोदना मना था वहां नियमों को ताक पर रखकर बड़े बड़े होटल और काटेज, आवासीय व सरकारी भवन बना दिए गए।

नैनीताल की कमजोरी और लगातार टूट रही पहाड़ियां जबर्दस्त दबाव में है और इसीलिए समय-समय पर दरक कर भविष्य की किसी बड़ी आपदा की आहट देती है। गौरतलब है कि नैनीताल जोन चार व पांच के मध्य अति संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में बसा है। भूकंप का हल्का सा कंपन भी नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को हिला कर रख देता है। नैनीताल मे पहली बार भूस्खलन 1866 में हुआ था, तब जान माल का अधिक नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन सन् 1880 में झील के उत्तर पूर्व की पहाड़ी पर हुए विनाशकारी भूस्खलन को भला कौन भूल सकता है जिसने चंद सेकेंड में नगर का नक्शा ही बदल दिया था। कई लोग भूस्खलन में दब कर मारे गए थे।

इस भूस्खलन में मल्लीताल स्थित प्राचीन नैना देवी मंदिर पूरी तरह से मलबे मे दब कर नष्ट हो गया था और झील का बड़ा हिस्सा पट कर एक बड़े मैदान में तब्दील हो गया, जिसे आज हम फ्लैट के रुप में देखते हैं। सोचो अगर वो भूस्खलन न हुआ होता तो आज नैनी झील कितनी बड़ी होती। तब बसासत बहुत कम थी, सोचो फिर कभी ऐसा भूस्खलन हुआ या कोई बड़ा भूकंप आ जाए तो नगर में किस कदर जान माल का नुकसान होगा।

अंग्रेज अफसर नैनीताल के प्रति अतिरिक्त रुप से सावधान थे। उस दौर में पहाड़ खोदना, पक्के मकान बनाना, माल रोड पर भारी वाहन चलाना मना था। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान था, पर आज हालात यह हैं कि नगर मे ऊपर पहाड़ी क्षेत्र जहां छोटे बड़े भवनों, होटलों से कैद है तो नीचे माल रोड व फ्लैट में वाहनों का भारी सैलाब है। नतीजन लोअर मालरोड कई जगहों पर दरकने धंसने लगी है।

अंग्रेजों ने नैनीताल को भूस्खलन से बचाने के लिए 70 से अधिक छोटे बड़े नाले बनाए थे ताकि बरसात का पानी पहाड़ में जमा न हो, पर आज अधिकांश नालों को पाटकर उनके ऊपर मकान या होटल बना दिए गए हैं। जो बचे है उनका भी रखरखाव नहीं किया जा रहा है। झील भी प्रदूषित है। मलबा और कई जगहों पर सीवर लाइनों का रिसाव बेरोकटोक झील के गर्भ में समा रहा है।

नैनीताल को उजाड़ने की संभावना अब नहीं बची है। नैनीताल की पहाडियों में अब पेड़ नहीं बल्कि जहां देखो वहां मकान ही मकान नजर आते हैं। लेकिन इसे बचाने और संवारने के प्रयास तो किए जाने ही चाहिए। प्रशासन से तो कभी ऐसी उम्मीद रही नहीं क्योंकि हर अफसर को नैनीताल में ही आफिस चाहिए और जो यहां आता है वो फिर यहां से जाना नहीं चाहता। स्थानीय लोग कभी कभार आवाज़ उठाते भी हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। वैसे भी ऐसे प्रयास कम ही नजर आते है और थोड़ा बहुत कुछ होता भी है तो वह महज प्रतीकात्मक और उसमें प्रचार पाने की चाह अधिक होती है।

# चुनाव में डीपफेक से मुकाबले को आयोग की तैयारी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं।

'डीपफेक' की उन्मादी करतूतों से आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। अति संवेदनशील मसले पर चुनाव आयोग ने गंभीरता से विचार-विमर्श के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा।

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। तसल्ली करके और अच्छे से जांच-परखने के बाद मुख्य चुनाव आयोग ने इस तकनीक को आगामी चुनाव में उपयोग करने का मन बनाया। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्बाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली-बनावटी वीडियो, झूठी खबरें, फेक चेहरों की पहचान करेगा। समय से पहले ही गलत सूचनाओं को जंगल में आग लगने से पूर्व बुझाता रहेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी।

2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके कुछ आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। सोशल मीडिया का युग है, जहां, बात निकलती है, तो दूर तक जा पहुंचती है। पूर्व में संपन्न हुए तमाम इलेक्शनों में अनगिनत ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हुईं, जिसके बाद वोटरों का शक चुनावी प्रक्रियाओं पर भी गहराया? आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही?

दरअसल, इन आरापों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। डीपफेक की गिरफत में नामी हस्तियां ज्यादा फंस रही हैं। खुद प्रधानमंत्री तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। बड़े टीवी एंकरों की गलत आवाजें इस वक्त सोशल मीडिया में फैली ही हुई हैं। निश्चित रूप से समस्या विकराल हो गई है। इसलिए आगामी चुनाव साफ-सुथरे निपटे जिसको लेकर मुख्य चुनाव आयोग बेहद गंभीर है।

केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? इनका तीन व्यापक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हेरफेर अधिक होता है। अव्वल, मतदाता के पक्ष में, दूसरा उम्मीदवार के पक्ष में, और तीसरा मतगणना प्रक्रिया में। लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। इस अपराध के लिए सख्त कानून की जरूरत है क्योंकि मौजूदा भारत दंड संहिता-1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में नापाक हरकतें जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसे देखते हुए अलहदा कठोर कानून बनाए जाने की दरकार है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

## सोशल फोरम

# पर अंधेरा तो अंधेरा है



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

तमसो मा ज्योतिर्गमय। बृहदारण्यकोपनिषद् का श्लोक है ये। इसका अर्थ है मुझे मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर ले चलने की प्रार्थना है ये। प्रार्थनाएं आवश्यक हैं ये ढांढस बंधाती है हमें और अच्छे दिनों के आश्वासन सी प्रतीत होती हैं।

प्रार्थना तो कर लें आप, पर तनिक रूक कर यह भी सोचें, किसी को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाना आसान काम है? सबके बस की बात है नहीं ये। कभी एक बेहद कठिन, उबड़ खाबड़ रास्ता बुद्ध ने सुझाया था इस बाबत। अप्प दीपो भवः। अपना दीपक खुद बनो। अपना दीपक बनना आसान नहीं। खुद को तपाना पड़ता है इस राह में। कौन इस झंझट में पड़े? अपने आप को कष्ट देना कौन सी अक़्लमंदी है? ऐसे में बुद्ध से सहमत होने वाले अब ढूंढें से भी नहीं मिलते और उनका बताया रास्ता वीरान पड़ा रहता है।

पर अंधेरा तो अंधेरा है। लगातार और गहरा भी होता जा रहा है। इस अंधेरे से कौन बचा है अब? ये अंधेरा बेचैन भी करता है और डराता भी है। ऐसे में जो दिलासा दे देता है जनता को कि उसे प्रकाश की तरफ ले जाने के लिए भगवान की तरफ से नियुक्त किया गया है, जनता उसका दामन पकड़ लेती है। उसकी हर बात मानती है और वो चाहे तो तन मन धन से भी समर्पित होने से इनकार नहीं करती। कुल मिलाकर आज की तारीख में इससे चोखा काम कोई दूसरा नहीं है।

मुमकिन है आपकी अब तक ऐसे किसी विशेषज्ञ से मुलाक़ात न हुई हो अब तक। ऐसे में आपकी जानकारी के लिए विनम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं मैं आपको। प्रकाश की तरफ ले जाने के मामले में महारत हासिल है मुझे। और मैं यह चाहता हूं सारा संसार लाभान्वित हो मेरी प्रतिभा से। ऐसा महात्मा हूं मैं जो लैंप पोस्ट की तरह जगमग है। आप किंकर्तव्यविमूढ़ हों। जूझ रहें हों मन में उमड़ते घुमड़ते प्रश्नों से। तमस से घबरा रहे हों और अपनी जेब ढीली करने के लिए प्रस्तुत हों तो मेरी शरण में आ सकते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

कभी-कभी काम इतना ज्यादा होता है और काम करने की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा होती है कि ऐसा लगता है कि हमें अतुलित बल और बुद्धि मिल जाए और हम सब जो चाहते हैं वो कर सकें। ऐसी ही इच्छा से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स इस दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और ये अनुमान है कि कुछ ही वर्षों में ये किसी भी मनुष्य की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं को पीछे छोड़ देंगे। अगर जानकारों की मानें तो शायद दस पंद्रह वर्षों में ही एक सामान्य कंप्यूटर समस्त मनुष्य की क्षमताओं से आगे हो। ये बात कितनी सही है और वास्तव में कैसे होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। किंतु ऐसी इच्छाएं तो सदैव से ही हैं किसी ना किसी रूप में। जैसे महाभारत का उदाहरण लें तो रथी, अतिरथी, महारथी, महातिरथी आदि संज्ञाएं यौद्धिक क्षमताओं को बताने के लिये प्रयुक्त होती हैं।

अतिरथी का मतलब है, रथ में बैठकर युद्ध करने वाला महारथी योद्धा जो अजेय के रूप में प्रसिद्ध हो। अतिरथी एक ऐसा योद्धा होता है जो दिव्यास्त्रों का ज्ञान रखता हो और 12 रथियों, यानी 60,000 योद्धाओं से मुकाबला करने में सक्षम हो। वह सभी प्रकार के हथियारों और युद्ध कौशल में निपुण हो। अतिमहारथी उसे कहा जाता है जो 12 महारथी श्रेणी के योद्धाओं, यानी 86,40,000 सशस्त्र योद्धाओं से युद्ध लड़ने की क्षमता रखता हो। जिसके पास तीनों महास्त्र-ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पाशुपतास्त्र होते थे उसे अतिमहारथी माना जाता था। अगर हम रामायण के योद्धाओं की बात करें, तो भगवान श्रीराम अतिमहारथी थे। महारथी को 12 अतिरथियों के बराबर माना जाता है। अति-महारथी को 12 महारथियों के बराबर माना जाता है। महामहारथी को 24 अति-महारथियों के बराबर माना जाता है ऐसे ही असीमित क्षमताओं की इच्छा से ही हिरणाक्ष ने संपूर्ण पृथ्वी को तो, रावण ने कैलाश को उठाया था। रावण के दस सर भी इसी असीमित राग का परिणाम है। कौन्तेय अर्जुन के अलावा, एक और कार्तवीर्य अर्जुन को भी हमें जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं में सहस्त्रबाहु के नाम से प्रख्यात, सब कुछ करने की इक्छा से तप से हज़ारों भुजाओं को प्राप्त कर, जिसने रावण को हराया था कामधेनु को प्राप्त करने की दुर्चेष्टा से परशुराम जी से युद्ध किया। ना केवल यह दुःसाहस ने उसे नष्ट किया बल्कि क्षत्रिय वंशों को भी उसका दंड भोगना पड़ा।

चाहे राम से रावण का वध हो या परशुराम का अर्जुन के सहस्र बाहुओं को काटना यह बतलाता है कि विश्व के अनंत शक्ति के स्वामी प्रभु की क्षमताओं को मनुष्य को धारण करने की लिए ईश्वर का अनुराग,बहुत संयम और धर्म के आचरण की आवश्यकता होती है। नहीं तो अपनी शक्ति ही अपने विनाश का कारण बनती हैं। शक्ति के धारण के लिए या तो स्वयं ईश्वर राम, कृष्ण, परशुराम आदि आए या उनके अनुशासन में रहने वाले कुंती के अर्जुन। रावण को हराया तो बाली ने भी था, और सहस्त्रबाहु ने भी परंतु, पूजा राम की होती है क्योंकि वो उत्तम पुरुष हैं एवं मर्यादा स्वरूप में हैं अधम पुरुष और अमर्यादित शक्ति विनाश का ही बीज हैं यह हमें जानना चाहिए। इसलिए प्रवृति से प्रवृति ना पैदा हो नहीं तो कैंसर बन जाएगा। प्रवृत्ति से कार्य सिद्धि के बाद, निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग हैं सनातन काल से आज भी कल भी कभी भी। (यः पश्यति स पश्यति)

# राम और रमा दोनों को लाए हैं



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस


पिछले दिनों भाजपा प्रवर्तित एक नारा खूब गूंजा, 'हम राम को लाए हैं'। भक्तों ने इसमें यह जोड़कर चार चांद जड़ दिए कि 'अब राम जी इन्हें लाएंगे' यानी लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से बिठाएंगे। इधर मालूम हुआ कि वे राम के साथ-साथ रमा (लक्ष्मी)को भी लाएं हैं। राम को तो आम आदमी के लिए लाए किंतु रमा(पैसा)को सिर्फ अपने लिए। बात स्टेट बैंक के चुनावी बाण्डों की कर रहा हूं। यह एक चालाकी भरी धन उगाही की योजना थी। इसके तहत केवल सरकारी बैंक(स्टेट बैंक)को अधिकृत किया गया था कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले लोगों और कंपनियों आदि से धन जमा करवाकर बांड दे दे। दाताओं का नाम उजागर नहीं होगा। प्राप्तकर्ता उसे बैंक से भुना लेगा। पैसा आ जाएगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। गांव गिरांव की भाषा में इसे कहते हैं, 'ऊट की चोरी निहुरे निहुरे'। लेकिन ऊंट पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पड़ गई और सब गुड़ गोबर हो गया। इस सबसे बड़ी अदालत ने पूरी योजना अवैध घोषित कर दी। यही नहीं अदालत ने गोपनीयता यानी चोरी का पर्दाफाश करने का भी आदेश दे दिया। तब सरकारी बैंक ने सरकार चाटुकारिता करते हुए एक कोशिश की उसे सब कुछ प्रकाशित करने के लिए जून तक समय दिया जाए। सुप्रीमकोर्ट ने 15 मार्च तक की तिथि- रेखा सब कुछ प्रकाशित करने के लिए निर्धारित कर दी। स्टेट बैंक और चुनाव आयोग ने विवरण प्रकाशित कर दिया, जिसके अनुसार भाजपा साढ़े छह हजार करोड़ से ऊपर की सबसे बड़ी रकम की दान ग्रहीता निकली। दानियों में ऐसे भी हैं,जिन पर प्रवर्तन निदेशालय की तलवार लटकी थी और दान के बाद हट गई। यही नहीं, ऐसे दानदाता भी प्रकाश में आ गए, जिन्हें दानोपरांत अगले ही दिन हजारों करोड़ रुपये की सरकारी परियोजना का ठेका मिल गया। यह उदाहरण महाराष्ट्र का है, जहां तोड़-फोड़कर करके बनी शिवसेना-भाजपा की सरकार है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'रमा विलास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़ भागी'।। यानी उनके अनुसार राम के सच्चे भक्त रमा का त्याग करते हैं। धर्म मार्ग में 'अपरिग्रह' को सभी ने महत्व दिया है। पतंजलि ने भी 'योग दर्शन' में विभूतियों की उपेक्षा करने की ही सलाह दी है। लगता है धर्म धुरीण भाजपाइयों के दांतों के अलग-अलग दो सेट हैं। दिखाते राम वाले हैं और खाते रमा वालों से हैं। इस लाने और लिवाने के नारों के बीच हमें 2014 से पहले का समय याद आ रहा है,जब हम कांग्रेस के घोटालों से त्रस्त होकर भाजपा को लाए थे, किंतु अब!

**राममंदिर : तेज हुआ कार्य, प्राण प्रतिष्ठा के बाद 45 दिनों में आया 50 करोड़ रुपये का दान**

# दिसंबर 2024 तक स्थापित हो जाएगा रामदरबार

विवेक सक्सेना, अयोध्या

**अमृत विचार :** भव्य राममंदिर में रामलला के गर्भगृह में विराजने के बाद अब मंदिर में राम दरबार को जल्द स्थांपित करने के लिए प्रथम तल का भी निर्माण तेजी से चल रहा है। ट्रस्ट ने राम दरबार की स्थापना के लिए दिसंबर 2024 की तिथि निर्धारित कर दी है। इस तिथि का निर्धारण होने के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच निर्माण कार्य की भी गति बढ़ाई गई है। भव्य राममंदिर का उद्घाटन और श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद 22 जनवरी से देशभर से रोज करीब दो लाख भक्त रामलला के दर्शन-पूजन के लिए आ रहे हैं। मंदिर के दान की गणना टीम के अनुसार 45 दिनों में रामभक्तों ने करीब 50 करोड़ रुपये का दान दिया है। निर्माण कंपनी के कर्मचारियों के अनुसार, मंदिर के शिखर और गुंबदों के निर्माण को छोड़कर बचे प्रथम और दूसरे तल का निर्माण पूरा किया जाएगा। प्रथम तल का निर्माण दिसंबर 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।


श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से जारी की गई राम मंदिर निर्माण की तस्वीरें। अमृत विचार

### राम मंदिर निर्माण की नई तस्वीरें जारी

**अयोध्या :** रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद राम मंदिर के निर्माण कार्य में एक बार फिर तेजी आ गई है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने शुक्रवार को प्रथम तल पर हो रहे निर्माण कार्य की सोशल मीडिया अकाउंट पर नई तस्वीरें जारी की हैं। तस्वीरों में मजदूर निर्माण कार्य में जुटे नजर आ रहे हैं।

### तय टाइमलाइन के अनुसार चल रहे हैं काम

- ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि निर्माण एजेंसी एलएंडटी कंपनी के इंजीनियरों का दावा है कि सारे काम तय टाइमलाइन के मुताबिक ही चल रहे हैं। प्रथम तल पर जहां गुंबदों और शिखर का निर्माण होना है। उस क्षेत्र को कवर कर ढक दिया गया है। जब मंदिर का दूसरा तल बनेगा तो साथ में पांच गुंबदों और शिखर का भी निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण के साथ रोज लाखों की संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर भी मंदिर ट्रस्ट योजनाएं बना कर प्रशासन के सहयोग से लागू कर रहा है। राम मंदिर की दीवारों व पिलर्स पर मूर्तियां व खूबसूरत डिजाइनिंग का काम भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। फिलहाल राम दरबार के लिए मूर्तियों को तराशने का काम अभी नहीं शुरू हुआ है। रामलला की प्रतिमा तैयार करने में छह माह का समय लगा है, ऐसे में अनुमान लगाया गया है कि राम दरबार की मूर्तियों का निर्माण भी इतने समय में पूरा हो जाएगा।

**दर्शन और निर्माण कार्य एक साथ :** मंदिर के भूतल में दर्शन का कार्यक्रम चलते रहने के साथ ही निर्माण कार्य भी चल रहा है। परकोटा और इसमें बनने वाले देवी- देवताओं के मंदिर के निर्माण का भी लक्ष्यं तय किया गया है। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि परकोटा का निर्माण के चारों तरफ करीब 800 मीटर लंबाई में हो रहा है।

इसकी चौड़ाई 14 फुट है। इसके निर्माण में पिंक स्टोन का प्रयोग किया जा रहा है। यह बड़ा कार्य है, जिसमें करीब डेढ साल का समय लग सकता है।

**रामोत्सव : रामलला के आंगन में बिखर रहीं संस्कृतियों की छटा**

# अयोध्या ने रचा राग-रंग का इतिहास

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** अयोध्या ने राग-रंग का इतिहास रच दिया है। राम लला के आंगन में देश भर की संस्कृतियों की छटा बिखर रही। सरयू के तट से विरासत की रश्मियां फैल रही हैं। गायन-वादन, गीत-संगीत की स्वर लहरियां सरयू की लहरों से टकराकर आनंदित कर रही हैं। अयोध्या में नाद ब्रह्म की प्रतिष्ठा हो रही है। अयोध्या देश का शायद पहला स्थल बन गया, जहां विरासत को सहेजने के लिए 60 दिन से अनवरत श्रृंखला चल रही है। देश के उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम के कई हजार कलाकार अब तक शास्त्रीय और देशज (जनजातिय, आदिवासी, गिरीवासी आदि) प्रस्तुतियां दे चुके हैं।

अयोध्या में रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह इतिहास बन गया। श्रद्धालु मगन हैं। नामचीन कलाकार रामलला की नगरी में प्रस्तुति देने पहुंच रहे हैं। अपने को धन्य मान रहे हैं। रामोत्सव में प्रस्तुति देने वालों मं। हिंदू, सिख, जैन, पारसी, ईसाई, मुस्लिम, सिंधी, बंगाली, पंजाबी, गुजराती, उड़या, तमिल, मराठी, असमी, मिथला, आदिवासी सभी भाषा भाषी शामिल हैं। सरयू तट पर राम नाम के नाद के साथ गीत-संगीत की स्वर लहरियां गूंजती हैं।



पंजाब की लोक कला प्रस्तुत करते पंजाब के कलाकार। अमृत विचार

### दो महीने, 18 मंच और तरह-तरह की प्रस्तुतियां

राग-रंग के लिए रामनगरी में रामोत्सव में पांच बड़े मंच और 13 छोटे मंच बनाए गए। इनमें भजन संध्या स्थल, राम कथा पार्क, तुलसी उद्यान, राम की पैड़ी, मंदिर परिसर। 14 मार्च को दो महीने पूरे हो गए। इस दौरान विशिष्ट कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देने पहुंचे।

### विदेशी कलाकारों ने किया रामलीला का मंचन

रामकथा पार्क के मंच पर रामलीला का आयोजन हुआ। मॉरीशस, इंडोनिशया, लाओस, श्रीलंका, सिंगापुर और कंबोडिया के 100 कलाकारों ने मंचन किया। साहित्यिक मंच पर 665 कवि, साहित्यकार और कलाकारों ने प्रस्तुति दी। कवि सम्मेलन, कबीर के राम, गुरनानक के राम, सगुण-निर्गुण राम, काव्य प्रस्तुति, पुस्तक विमोचन, किस्सागोई, कठपुतली जैसे आयोजन हुए। 1400 छात्र-छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। रामोत्सव में कनार्टक से मल्लाडी रवि कुमार, महाराष्ट्र से धनश्री भाग्यश्री वाडेकर सिस्टर, दिल्ली से कीर्ति काले, राजस्थान से पद्मश्री अवध किशोर जाड़िया, मध्य प्रदेश से कालू राम बमिनया, बिहार से मंदाकिनी मिश्रा, मुंबई से तृप्ति शाक्य, चंडीगढ़ से ममता जोशी सहित तमाम बड़े कलाकार शामिल रहे। दिल्ली और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर भी आयोजन किए जा रहे है। महाराष्ट्र, राजस्थान, उतराखंड, छत्तीसगढ़, आसम, बहार, कश्मीर, झारखंड, मणिपुर, तमिलनाडु, उड़ीसा, मध्य प्रदेश सहित अन्य प्रातों के कलाकार पहुंचे।

# एनवीआर चुराने में आगरा के हेड मास्टर को किया निलंबित

**इस मामले में औरैया के प्राथमिक स्कूल झबरा का शिक्षक पंकज पहले हो चुका है सस्पेंड**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** बीएसए कार्यालय से सीसीटीवी फुटेज का एनवीआर चोरी करने के दूसरे आरोपी शिक्षक को भी निलंबित कर दिया गया है। जिस प्रधानाध्यापक पर कार्रवाई की गई है वह प्राथमिक विद्यालय नरिकांकरी ब्लॉक शमशाबाद जिला आगरा में तैनात है। मूल विद्यालय में ही वह संबद्ध रहेगा। इस मामले में औरैया बीएसए की ओर से पूर्व में प्राथमिक स्कूल झबरा ब्लॉक बिधूना के शिक्षक पंकज कुमार का भी निलंबन हो चुका है।

आगरा के बीएसए जितेंद्र कुमार गोंड ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि प्रकरण की जांच बाह के बीईओ अमरनाथ व फतेहपुर सीकरी के बीईओ रंजन गुप्ता को दी गई है। कहा है कि विभागीय नियमों के तहत आरोप पत्र दाखिल करें। बीएसए ने जारी किए निलंबन पत्र में जिक्र किया है कि कन्नौज बीएसए उपासना रानी वर्मा ने पत्र भेजकर कहा था कि 29 फरवरी को एंटी करप्शन टीम की कार्रवाई में वरिष्ठ लिपिक विमल पांडेय को रिश्वत देने के आरोप में पकड़ा गया था। उसके बाद सदर कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई। आरोप है कि इस दौरान एंटी करप्शन टीम के साथ शामिल रहे आगरा व औरैया के शिक्षकों ने टीम की गलत कार्रवाई व मारपीट आदि के साक्ष्य मिटाने के लिए एनवीआर चुरा ली थी। हालांकि दूसरे डीवीआर में सब मामला कैद हो गया था। फुटेज देखने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आई। बीएसए कन्नौज ने आगरा बीएसए को सीसीटीवी फुटेज, वायरल वीडियो व फोटो मुहैया कराकर शिनाख्त करने के बाद कार्रवाई की बात कही थी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने भी जांच कर कार्रवाई करने को कहा। बीएसए जितेंद्र कुमार गोंड ने कहा है कि यादवेंद्र शर्मा ने बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी वर्ग नियमावली-1973 की सपठित उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली-1999 के तहत आरोपों में निलंबित कर दिया गया। घटनाक्रम वाले दिन यादवेंद्र शर्मा भगवा रंग का अंगौछा डालकर अंदर घुसा था और स्क्रीन का प्लग निकाल दिया था। पंकज ने एनवीआर निकालकर झोले में डाल ली थी और लेकर चला गया था।



बीएसए कार्यालय में 29 फरवरी को पंकज से बात करते प्रधानाध्यापक यादवेंद्र।



बेसिक शिक्षा अधिकारी के कक्ष से एनवीआर चोरी करते यादवेंद्र शर्मा।

## बच्चे के साथ यमुना में कूदी महिला की मौत

**बहुआ।** अपने बच्चे के साथ मायके जा रही एक महिला ने बच्चे को यमुना नदी में फेंक दिया और खुद भी छलांग लगा दी। घटना में महिला की मौके पर मौत हो गई, वही मासूम को बांदा जनपद के चिल्ला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ललौली थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी रामा पत्नी दिनेश निषाद शुक्रवार सुबह अपने तीन वर्षीय बच्चे भारत को लेकर अपनी बहन सुंदरिया पत्नी रामसुफल निवासी पलटूपुर थाना ललौली के साथ अपने मायके ग्राम चकला थाना चिल्ला जनपद बांदा जा रही थी। जब वह यमुना नदी चिल्ला पुल पर पहुंची तो उसने अपने तीन वर्षीय बच्चे भारत को पुल से नीचे फेंक दिया और खुद भी पुल से नीचे कूद गई। यह देख बहन ने शोर मचाया तो लोग दौड़कर पुल के नीचे पहुंचकर देखा तो रामा की मौत हो चुकी थी और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। लोगों ने पुलिस को खबर देकर बच्चे को बांदा के चिल्ला अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर ललौली और चिल्ला पुलिस पहुंची।

# दोस्त के सिर पर गोली मारकर हत्या

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

**अमृत विचार।** शराब पीने के दौरान दो दोस्त आपस में भिड़ गए। एक दोस्त ने दूसरे के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही उरई कोतवाली पुलिस के साथ वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने हत्या करने वाले युवक की तलाश शुरू कर दी है। मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के राठ रोड का है।

जानकारी के अनुसार उरई कोतवाली के गांधीनगर का रहने वाला युवक अखिलेश 22 वर्ष पुत्र धर्मेंद्र उरई के राठ रोड पर पत्थर की मूर्ति बनाने और बेचने का काम करता था। शुक्रवार दोपहर वह दुकान पर बैठा था, इस दौरान उसके तीन दोस्त आए और मिलकर शराब पीने लगे। तभी उनके बीच विवाद हो गया, जिसमें एक युवक ने अपने साथी के सिर पर तमंचा सटाकर गोली मार दी और वहां से भाग गया। गोली की आवाज सुनने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। जहां लोग मौके पर पहुंचे, जिन्होंने अखिलेश को खून से लथपथ देखा तो रोंगटे खड़े हो गए।

तत्काल इस घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल हालत में अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई। मृतक के भाई हेमंत का कहना है कि शराब पीने को लेकर उसके भाई की गोली मारकर हत्या की गई है। अभी तक गोली मारने वाले हमलावरों की पहचान नहीं हुई है। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि जो जानकारी सामने आई है, उसके मुताबिक अखिलेश के साथ ही कुछ युवक दुकान पर बैठे थे, इसी दौरान शराब के नशे में कुछ विवाद हुआ और अखिलेश की गोली मारकर हत्या कार दी गई। मौके से तमंचा मिला है। हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी।



गोलीकांड के बाद घायल को उपचार को ले जाते समय जानकारी देता युवक का भाई।

- **घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक**

# महिला आरक्षी के साथ सिपाही ने किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, जालौन

- **उरई कोतवाली में आरोपी सिपाही के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट**

**अमृत विचार।** नदी गांव थाने में तैनात महिला आरक्षी ने सिपाही कर्मवीर सिंह पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। मामले में जांच के बाद कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामला तीन माह पुराना बताया जा रहा है। सिपाही फिलहाल पुलिस लाइन में तैनात है। फिलहाल उसे निलंबित करने के बाद हिरासत में ले लिया गया है। शनिवार को उसकी गिरफ्तारी दिखाई जा सकती है।

नदी गांव थाने में तैनात महिला सिपाही ने पूर्व में आरोप लगाया था कि साथी सिपाही ने उसके साथ दुष्कर्म किया था। इस मामले में जांच के लिए कमेटी बनाई गई थी। साथ ही सिपाही को पुलिस लाइन में तैनात कर दिया गया था। इस मामले में जांच रिपोर्ट आने के बाद अब आरोपी सिपाही के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई है।

आरोपी सिपाही को हिरासत में लेने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस बात की किसी अधिकारी ने पुष्टि नहीं की है। आरोपी सिपाही कर्मवीर सिंह को निलंबित किया गया है।

# पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 25 तक करें ऑनलाइन आवेदन

अयोध्या कार्यालय

- **इसके बाद विलंब शुल्क के साथ 31 तक कर सकेंगे आवेदन**
- **पहले आवेदन की तिथि 15 मार्च विलंब शुल्क के साथ 23 मार्च थी**

**अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने छात्रहित को देखते हुए पीएचडी सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क के साथ 25 मार्च तक और इसके बाद विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की तिथि 15 मार्च एवं विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च निर्धारित थी।

पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने शुक्रवार को बताया कि परिसर के बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित एवं सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विषय में पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। इसके अलावा अप्लाइड साइंस एवं ह्यूमिनिटी में गणित, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी, वाणिज्य, प्राचीन इतिहास, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, मध्यकालीन इतिहास, सैन्य विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू विषय में भी पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

## कर्जदार किसान ने फांसी लगा दी जान

**बांदा।** मरका निवासी संतोष (42) पुत्र पन्नालाल के पास पांच बीघा जमीन है। उसने अबकी बार गेहूं और चने की फसल बोई थी, लेकिन ओलावृष्टि और बारिश की वजह से उसकी फसल बर्बाद हो गई। इधर संतोष ने प्राइवेट कंपनी से छह लाख रुपए का कर्ज भी ले रखा था, जिसकी वसूली के लिए भी कंपनी के कर्मियों के द्वारा तगादा किया जा रहा था। इसी से किसान ने गुरुवार को आंगन में बल्ली में रस्सी फंसाकर गले में फंदा कसकर खुदकुशी कर ली। बड़े भाई कृष्णपाल ने बताया कि अक्टूबर 2023 में संतोष ने नया ट्रैक्टर लिया था। इसके साथ ही दिसंबर माह में प्राइवेट कंपनी से छह लाख रुपए का ऋण लिया था।

# हादसों में किशोर समेत पांच लोगों की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता ,बांदा

**अमृत विचारः** तेज रफ्तार ने एक बार फिर से सड़कों को खून से लाल कर दिया। 24 घंटों में हुए सड़क हादसों में किशोर समेत पांच लोगों की मौत हो गई। हादसों का शिकार हुए लोगों में कोई रास्ते में तो कोई अस्पताल पहुंचकर दम तोड़ गया। एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचला और तकरीबन 50 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। पुलिस ने पंचनामा के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इसमें मध्य प्रदेश के धरमपुर थानांतर्गत पन्ना निवासी राजाभइया (62) पुत्र रघुवर को अज्ञात वाहन ने बाइक समेत उसे कुचल दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के क्योटरा निवासी हर्षित शुक्ला (30) पुत्र श्यामसुंदर को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे अस्पताल में उसकी मौत हो गई। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के पुंगरी गांव के अंश मटिया पुरवा निवासी राकेश (28) पुत्र लल्लू की टेंपो से टक्कर हो गई,जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य घटना में गिरवां थाना क्षेत्र के दुगार्पुर सोहाव गांव निवासी बृजेश (20) पुत्र संतोष कुमार को अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी।

**अजब-गजब** दुर्घटना में एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता

# ग्रामीणों से सारस की अनोखी दोस्ती, करता है डांस

अकबर अली, बभनजोत, गोंडा

- **गांव वालों के साथ ही खाता पीता और सोता है, दूरदराज से सारस को देखने आ रहे लोग**

**अमृत विचार :** अमेठी जिले के मंडका गांव के रहने वाले आरिफ की राजकीय पक्षी सारस से दोस्ती की कहानी तो आपको याद ही होगी कि किस तरह घायल सारस का इलाज करने वाले आरिफ से सारस की दोस्ती परवान चढ़ी थी। ठीक इसी तरह का वाकया गोंडा जिले के बभनजोत ब्लॉक के ग्राम पंचायत मन्नीजोत के मजरा डिवलीडीह में सामने आया है। यहां भी एक सारस पक्षी लोगों के उत्सुकता का केंद्र बना है। यह पक्षी गांव के लोगों के बीच ही रहता है उन्हीं के साथ खाना खाता है और गांव में ही सोता भी है। ग्रामीणों से उसकी दोस्ती ऐसी है कि वह उनके बुलाने पर आवाज भी लगाता है और उनकी डिमांड पर डांस भी करता है। हालांकि दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता। यह सारस पक्षी करीब डेढ़ साल से गांव वालों के साथ ही रह रहा है। सारस पक्षी की दोस्ती यहां के लोगों के लिए कौतूहल का केंद्र बनी है।



सारस के साथ गांव के कल्लू।

### तालाब में जख्मी हालत में मिला था

मन्नीजोत गांव के डिवलीडीह के रहने वाले कल्लू ने बताया कि करीब डेढ वर्ष पहले यह सारस पक्षी उन्हे गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे जख्मी हालत में पड़ा मिला था। इसके बाद वह सारस को उठाकर घर से आए। उसकी मरहम पट्टी की और उसे खाना खिलाया। कुछ दिन बाद वह ठीक हो गया तो वह उसे वापस तालाब पर छोड़ आए, लेकिन उनके घर पहुंचने से पहले ही सारस उड़कर उनके घर पहुंच गया। कल्लू बताते हैं कि कई बार उन्होने सारस को तालाब पर छोड़ा लेकिन हर बार वह वापस लौट आया। एक बार उसके पंख में चोट लग गयी और उसका एक पंख क्षतिग्रस्त हो गया। तब से वह गांव में ही इंसानों के बीच रहता है। गांव के लोग से उसकी अच्छी खासी दोस्ती हो गई है। पूरा दिन वह लोगों के घरों में टहलता है और खाता पीता है। रात में वह गांव में ही सो जाता है। गांव के लोग भी उसे बहुत प्यार करते हैं। गांव का कोई भी व्यक्ति उसे आवाज देकर बुला लेता है तो वह उनके पास चला जाता है। यही नहीं लोगों के कहने पर यह सारस पक्षी खूब मगन होकर थिरकने भी लगता है।

### सारस को पारिवारिक सदस्य की तरह मानते हैं ग्रामीण

सारस पक्षी को गांव के लोग अपने पारिवारिक सदस्य की तरह से मानते हैं। गांव के राम सुरेश ने बताया कि यह सारस काफी दिनों से हमारे बीच रह रहा है और हम लोग इसे खूब प्यार करते हैं गांव के सभी लोग इसे खिलाते पिलाते रहते हैं और इसका ध्यान भी रखते हैं। यह अपने मर्जी से गांव में घूमता रहता है। गांव में ही एक दुकान है जब उसे भूख लगती है तो वह दुकान पर चला जाता है। वहां पर बैठे हुए गांव के लोग उसे बिस्किट, नमकीन आदि दे देते हैं और वह खा लेता है खाने के बाद वह बगीचा में चला जाता है। गांव के ही सूरज मिश्रा ने बताया यह सारस पक्षी कहीं जाता नहीं है इंसानों के बीच में रहता है और सभी लोग इसकी खाने-पीने की व्यवस्था करते रहते हैं। इस सारस पक्षी की चर्चा सुनकर दूर दराज से लोग इसे देखने भी आते हैं।

# हमारा जनता से गठबंधन, बाकी का दलों से : विश्वनाथ पाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बसपा दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यक एवं न्याय प्रिय ब्राह्मण, क्षत्रिय की चहेती पार्टी है। हमारा गठबंधन जनता से है और बाकी का दलों से। ये बातें शुक्रवार को बसपा प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहीं। उन्होंने सपा पर भर्तियों को खत्म करने और भाजपा पर निजीकरण का आरोप लगाया।

वो मकबरा स्थित जिला कार्यालय पर पार्टी संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी ने अंबेडकरनगर निवासी कारोबारी और ब्राह्मण चेहरे सच्चिदानंद पाण्डेय को लोकसभा प्रभारी घोषित किया है। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने संस्थापक के चित्र पर पुष्पार्चन और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

प्रदेश महासचिव व पूर्व विधान परिषद सदस्य डॉ. ओपी तिवारी ने कहा कि राम जन-जन की आस्था के प्रतीक हैं, उनका राजनीति व वोट बैंक के लिये इस्तेमाल नहीं होना चाहिए। लोकसभा प्रभारी सचिदानंद पाण्डेय सचिन ने सर्व समाज व युवाओं के सहयोग से विजय की बात कही। कार्यक्रम को जिला प्रभारी रामगोपाल कोरी, प्रदीप भारती, केके रावत, सुनील पाठक, रामसागर वर्मा ने सम्बोधित किया।



मुख्य अतिथि व लोकसभा प्रभारी का माल्यार्पण कर स्वागत करते कार्यकर्ता।

**केसी पंत, एनडी तिवारी को जीत के साथ शिकस्त भी मिली, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत व केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत भी हारे**

# दिग्गजों को भी धूल चटा चुकी है नैनीताल सीट

**1977** में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोका

**2014** में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी को मिली जीत




● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली होने से नैनीताल लोकसभा सीट की पहचान आजादी के बाद से ही मुख्य सीटों में रही है। शुरुआती तीन दशक तक यह सीट भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत के परिवार के पास ही रही। अलग-अलग वक्त पर देश भर में चली लहर का असर इस सीट पर भी रहा है। इमरजेंसी, रामलहर और मंडल कमीशन को लेकर चली बयार में यहां की जनता देश के साथ खड़ी दिखाई दी। कई बार इस सीट ने जहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया, वहीं दिग्गजों को हराकर मैदान से बाहर कर दिया।

आजादी के बाद हुए पहले 1951 एवं दूसरे चुनाव 1957 में लगातार दो बार गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत नैनीताल सीट से विजयी हुए थे। इसके बाद 1962, 67 एवं 71 में श्री पंत के पुत्र केसी पंत ने इस सीट पर हैट्रिक बनाते हुए कांग्रेस का वर्चस्व बरकरार रखा। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस का झंडा लेकर मैदान में आए पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 1980 में भालोद के भारत भूषण को पराजित कर दिया। 1984 में तिवारी के करीबी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने जीत दर्ज की।

1989 में देश भर में मंडल कमीशन को लेकर उठी बयार के साथ यहां की जनता ने कांग्रेस को हराकर जनता दल के डा.महेंद्र पाल को विजयी बनाया। वर्ष 1991 में राम लहर के चलते एक बार फिर कांग्रेस को इस सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के बलराज पासी ने नारायण दत्त तिवारी को हराया था। 1996 में नारायण दत्त तिवारी (तिवारी कांग्रेस) से मैदान में उतरे और विजयी हुए। वहीं 1998 में गोविंद बल्लभ पंत की पुत्रवधु इला पंत को भाजपा ने चुनाव में उतारा। इला पंत ने एनडी तिवारी को शिकस्त देकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1999 में एनडी तिवारी कांग्रेस से चुनाव लड़े.और जीत हासिल की। तिवारी के उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बन जाने पर वर्ष 2002 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस के डा.महेंद्र पाल विजयी रहे। 2004 व 2009 में लगातार दो बार कांग्रेस से करन चंद सिंह बाबा सांसद निर्वाचित हुए। 2009 में भाजपा ने केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत को मैदान में उतारा था। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने जीत हासिल की। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को हराया।


केसी पंत


एनडी तिवारी


बची सिंह रावत


हरीश रावत

### 12 बार कांग्रेस और 4 बार भाजपा का कब्जा

नैनीताल सीट पर आजादी के बाद से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं। इसमें 12 बार कांग्रेस ने और 4 बार भाजपा ने जीत हासिल की है। जनता दल व जनता पार्टी को भी एक-एक बार सफलता मिली है। एक बार यह सीट पर तिवारी कांग्रेस ने जीती। कांग्रेस छोड़ने के बाद एनडी तिवारी ने तब तिवारी कांग्रेस का गठन किया था।

### कब कौन रहा विजयी

| चुनाव | सदस्य | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951-52 व 1957 | चंद्र दत्त पांडे | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1962 व 1967 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1971 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आर) |
| 1977 | भारत भूषण | जनता पार्टी |
| 1980 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1984 | सत्येंद्र चंद्र गुडिया | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1989 | महेंद्र सिंह पाल | जनता दल |
| 1991 | बलराज पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | नारायण दत्त तिवारी | ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) |
| 1998 | इला पंत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2002 | महेंद्र सिंह पाल | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2004 व 2009 | करन चंद सिंह बाबा | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2014 | भगत सिंह कोश्यारी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अजय भट्ट | भारतीय जनता पार्टी |

### जीतते एनडी तो बनते प्रधानमंत्री

नैनीताल जिला नारायण दत्त तिवारी की जन्म स्थली के साथ ही कर्मभूमि भी रहा। कई बार उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में यहां का प्रतिनिधित्व किया। अविभाजित उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत केंद्र में विभिन्न भूमिकाओं में रहे तिवारी की विकास पुरुष के रूप में पहचान थी। रामलहर में बही नैनीताल लोकसभा सीट की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। वर्ष 1991 में उन्हें भाजपा के नौजवान प्रत्याशी बलराज पासी के सामने मुंह की खानी पड़ी। तिवारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद तिवारी प्रधानमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में थे। लेकिन सांसद न बन पाना आड़े आ गया। हर चुनाव में तिवारी की 91 वाली हार चर्चा का विषय रहती है।

### बहेड़ी भी हिस्सा था इस सीट का



नैनीताल लोकसभा सीट में पहले बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद हुए परिसीमन में बहेड़ी को इससे अलग कर दिया गया। अब इस सीट के अंतर्गत नैनीताल के 5 व ऊधमसिंह नगर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। नैनीताल जिले के रामनगर विधानसभा क्षेत्र को पौड़ी-गढ़वाल सीट में मिला दिया गया है।

### चुनाव कमाल का...

● 1982 में पहली बार केरल के एर्नाकुलम के परवूर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों पर ईवीएम का उपयोग किया गया था। 1992 में, संसद ने ईवीएम के उपयोग को वैध बनाने और चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अधिनियम और नियमों में धारा 61ए शामिल की। चुनाव आयोग ने 1998 से ईवीएम का व्यापक रूप से उपयोग करना शुरू कर दिया।

**53** दलों ने लड़ा था पहला आम चुनाव

**464** पार्टियां 2014 में उतरी थीं मैदान में

**6** राष्ट्रीय दल 2014 में लड़े थे



**39** राज्य स्तरीय दलों ने आजमाई थी किस्मत

**419** रजिस्टर्ड पार्टियों ने आजमाया भाग्य

### चुनावी तीर



अगर जजपा भाजपा से अलग हो गई होती, तो वह अपने विधायकों को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी नहीं करती। जजपा के व्हिप से साफ पता चलता है कि वे भाजपा की मदद करना चाहते थे और वे अब भी मिले हुए हैं।

**अभय सिंह चौटाला,** इनेलो नेता



देश की जनता इंडिया समूह के साथ है। गुजरात के लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। भाजपा को 156 सीटें मिली हैं, इसके बाद भी दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में ला रहे हैं।

**केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉण्ड के रूप में 6,000 करोड़ से अधिक मिले, जो किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में सबसे बड़ा हिस्सा है। भाजपा यह क्यों नहीं बता रही कि उन्हें कितना पैसा मिला है।

**- सौरभ भारद्वाज,** मंत्री, दिल्ली सरकार

# मुस्लिम मतदाताओं का मन टटोल रहे नेता दल



**22,18,224** कुल मतदाता हैं शाहजहांपुर जिले में

**179** थर्ड जेंडर वोटर

**12,04,551** पुरुष वोटर

**10,13,494** महिला मतदाता

● जिले में हैं लगभग साढे चार लाख मुस्लिम मतदाता

● कांग्रेस, सपा, बसपा और आप की है अल्पसंख्यकों पर नजर

● श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोक सभा के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हर चुनाव की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कयासबाजी चल रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों की नजर मुस्लिम मतदाताओं पर है। जिले में लगभग साढ़े चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम मन टटोलने में दलों के नेता लगे हुए हैं।

2024 के चुनावी मैदान में सपा-कांग्रेस गठबंधन से राजेश कश्यप और भाजपा से मौजूदा सांसद अरुण सागर मैदान में हैं। हाल ही में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने संबंधी बयान दिया था। जिसके बाद से कई दावेदार बसपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी के साथ ही दो अन्य संभावित प्रत्याशियों ने भी बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

शाहजहांपुर लोकसभा सीट कभी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद कई बार शाहजहांपुर के सांसद रहे हैं। उनके बाद कांग्रेस की जड़ें यहां कमजोर होती चली गईं।

शाहजहांपुर



### जिले में अनुमानित जनसंख्या

| धर्म | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हिंदू | 2,412,595 | 80.24 |
| मुसलमान | 527,581 | 17.55 |
| ईसाई | 4,630 | 0.15 |
| सिख | 51,090 | 1.70 |
| बौद्ध | 2,312 | 0.08 |
| जैन | 301 | 0.01 |
| अन्य | 84 | -- |

### तीसरी बार जीत की तैयारी में भाजपा

शाहजहांपुर में दो बार कमल खिला चुकी भाजपा तीसरी बार भी कोरई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2014 में कृष्णा राज सांसद चुनी गई थीं। 2019 में अरुण सागर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। अरुण सागर को 58.53 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बसपा के अमर चंद्र जौहर को 35.73 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को महज तीन प्रतिशत वोटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

### ईवीएम से संबंधित कितनी याचिकाओं पर हम करेंगे विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्य प्रणाली में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर तरीके के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं।

शीर्ष अदालत ने एक अन्य याचिका भी खारिज कर दी जिसमें दावा किया गया था कि 2016-19 के दौरान चुनाव आयोग की अभिरक्षा से 'गायब' 19 लाख ईवीएम का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपट चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा, हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हाल में हमने वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था।


**संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से बाहर किए गए गडकरी को आखिर मिल ही गया टिकट**

# संघ का चला ब्रह्मास्त्र
## हैट्रिक की तैयारी में गडकरी

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

भाजपा हाई कमान के अंदरूनी विरोध के बावजूद एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय, नागपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पहले उम्मीद थी कि जैसे कई दिग्गजों के टिकट पार्टी ने काटे हैं, इसी तरह गडकरी का नाम भी होगा लेकिन संघ के दबाव के चलते भाजपा हाई कमान को झुकना पड़ा। संगठन से सरकार तक अपनी शर्तों में काम करने के लिए विख्यात गडकरी तब सुर्खियों में आए जब कांग्रेस बाहुल्य नागपुर संसदीय क्षेत्र में उन्होंने ढाई लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराई और इस बार वे हैट्रिक की तैयारी में है।

नागपुर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें हैं जिसमें दो कांग्रेस और चार बीजेपी के कब्जे में हैं। करीब 22 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक स्थिति में रहते हैं। वैसे दो लाख मुस्लिम मतदाता भी हैं। यह भी एक तथ्य है कि ब्राह्मण वोट सबसे कम यानी एक लाख होने के बावजूद ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले गडकरी ने 2014 एवं 2019 का चुनाव दो लाख से ज्यादा मतों से जीता है। उसकी वजह यहां के 3.5 लाख मराठी मतदाता है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा हाईकमान के निशाने पर गडकरी तब आए जब 2019 में उनके कामकाज की सराहना यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। इतना ही नहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो उन्हें अपना अभिभावक तक कह दिया था। विपक्ष द्वारा गडकरी की उक्त तारीफ ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से दूरियां पैदा कर दी। हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई लेकिन जब उन्हें संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अलग कर दिया गया तो भाजपा और संघ में गडकरी सर्वाधिक चर्चा में आ गए थे। तभी से माना जा रहा था कि कई दिग्गजों की तरह गडकरी का भी टिकट कटेगा। लेकिन संघ का ब्रह्मास्त्र चला और दूसरी सूची में गडकरी उम्मीदवार घोषित हो गए। अब उनके समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है कि क्या गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगा पाएंगे? फिलहाल यह दायित्व संघ के स्वयं सेवकों ने संभाल लिया है और वे शानदार जीत के लिए व्यापक चुनाव अभियान में जुट गए हैं। गडकरी का राजनीति में प्रवेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ और युवा मोर्चा होते हुए भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका नाता छात्र जीवन से ही था और उसी का नतीजा है कि उन्हें संघ का संरक्षण अभी तक मिला हुआ है।



### 1995-99 तक कराए 8 हजार करोड़ के निर्माण कार्य

गडकरी 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे और 1999 से 2005 तक विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे। वे महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और 2010 से 2013 तक भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1995 से 99 तक महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे जिसमें उन्होंने 8 हजार करोड से ज्यादा के निर्माण कार्य करवा कर एक इतिहास रचा था। उन्होंने मुंबई से पुणे तक पहला एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परिकल्पना को जन्म दिया। वाजपेई ने गडकरी को राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास समिति का अध्यक्ष भी बनाया था। नागपुर संसदीय क्षेत्र में हमेशा कांग्रेस का कब्जा रहा है 1996 में बनवारी लाल पुरोहित ने भाजपा का पहली बार खाता खोला था। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद अब भाजपा खेमे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि गडकरी ने नागपुर में हैट्रिक लगाई और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है तो क्या सरकार में उन्हें पहले से ज्यादा महत्व दिया जाएगा?

**1996 और 1998 के चुनाव में जीते थे पर 1999 में नहीं लगा पाए थे हैट्रिक, अब 2014 और 19 में कमल खिलाने के बाद फिर हैट्रिक का मौका**

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप की हैट्रिक बनेगी जीत का सिक्सर

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

जालौन-गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह इलाका एक तरफ पचनद यानी पांच नदियों (यमुना, चंबल, सिंधु, कुंवारी और पहज) के संगम तो दूसरी तरफ बेतवा नदी से घिरा है, इसके बावजूद सूखा ही यहां की प्रमुख समस्या है। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर, माधोगढ़, कालपी, उरई, गरौठा आते हैं। भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा को फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। यह उनका आठवां चुनाव है। पिछले सात चुनावों में भानुप्रताप को केवल दो बार ही हार मिली है। भानु प्रताप वर्मा के सामने इस मर्तबा हैट्रिक बनाने के साथ ही जीत का सिक्सर लगाने का मौका है।

जालौन लोकसभा सीट पर सपा और बसपा ने अभी अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। कांग्रेस इस बार सपा से गठबंधन के कारण यहां मैदान से बाहर है। जालौन सीट पर वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोला था, इससे पहले हुए सभी चुनावों में एक-एक बार लोकदल तथा जनता दल को छोड़कर हमेशा कांग्रेस ही विजय पताका लहराती रही थी। 1991 में यहां से भाजपा के गया प्रसाद कोरी जीते। इसके बाद 1996 और 1998 में हुए चुनावों में भी भाजपा ने जीत दर्ज कराई और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। लेकिन 1999 में बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। साल 2004 के चुनाव में भाजपा ने दोबारा मतदाताओं का विश्वास जीता और भानु प्रताप सिंह फिर से सांसद चुने गए।

इसके बाद 2009 के चुनाव में इस सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज की। उसके प्रत्याशी घनश्याम अनुरागी विजयी रहे। लेकिन 2014 में यह सीट मोदी मैजिक के चलते पुनः भाजपा के पाले में चली गई और एक बार फिर भानु प्रताप ही सांसद चुने गए। इस चुनाव में भानु प्रताप ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को दो लाख 87 हजार वोटों से हराया। 2019 के पिछले चुनाव में भानु प्रताप ने फिर जीत हासिल की और पांचवीं बार संसद में पहुंचे। उन्होंने बसपा प्रत्याशी अजय सिंह पंकज को 1 लाख 57 हजार वोटों से मात दी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे बृजलाल खाबरी रहे।

### जालौन-गरौठा लोकसभा



● पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन मिलकर भी नहीं रोक पाए थे संसद का रास्ता

**एससी और ओबीसी मतदाता भाग्य विधाता**

जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता सबसे ज्यादा लगभग 43 फीसदी हैं। इसके बाद ओबीसी मतदाताओं की संख्या लगभग 32 फीसदी और सामान्य श्रेणी के मतदाता करीब 18 फीसदी हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा सवा लाख से कुछ ज्यादा गिना जाता है।

### 2019 लोकसभा चुनाव का विधानसभा वार परिणाम

| विधानसभा | भाजपा भानुप्रताप सिंह वर्मा | बसपा अजय सिंह पंकज | कांग्रेस बृजलाल खाबरी |
|---|---|---|---|
| भोगनीपुर | 93,580 | 95,707 | 8,114 |
| माधौगढ़ | 1,31,505 | 81,174 | 23,073 |
| कालपी | 1,08,024 | 91,502 | 23,073 |
| उरई | 1,30,028 | 85,811 | 22,895 |
| गरौठा | 1,16,586 | 68,282 | 20,644 |
| वोट प्रतिशत | 52.0 | 37.9 | 8.1 |

### पिछले चार चुनाव में राजनीतिक दलों का मतदान प्रतिशत

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विधानसभा | 35.8 | 31.2 | 20.6 | 2.3 |
| 2019 लोकसभा | 52.0 | --- | 37.9 | 8.1 |
| 2017 विधानसभा | 43.8 | 15.8 | 23.2 | 8.7 |
| 2014 लोकसभा | 12.1 | 16.3 | 23.6 | 7.5 |

## एक नजर

### छह आईएएस अधिकारियों के तबादले

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुक्रवार को छह आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईएएस विपिन कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि इसपर कार्यरत कामता प्रसाद सिंह का एडिशनल कमिश्नर फूड और सचिव सतर्कता आयोग के पद पर तबादला हुआ। अपूर्वा दुबे उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बनाई गईं। नितिन गिरि को कानपुर, मदन गर्बयाल को पीलखुआ और अतुल वत्स को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

### होली से पहले एनएचएम कर्मियों को मिलेगा वेतन

अमृत विचार, लखनऊ: होली से पूर्व 20 मार्च तक एनएचएम कर्मचारियों का वेतन निरागत जायेगा। इस सम्बन्ध में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र. डॉ. पिंकी जोवल की ओर से शुक्रवार को आदेश जारी कर दिया गया है। 24 व 25 मार्च को होली पर्व होने एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के समाप्ति के दृष्टिगत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के कर्मचारियों के लिए माह मार्च, 2024 के वेतन का भुगतान दिनांक 18 मार्च तक की उपस्थिति के आधार पर दिनांक 20 मार्च तक प्रत्येक दशा में निर्गत करने का निर्देश जारी किए गए है।

### महंगाई राहत की घोषणा का स्वागत

अमृत विचार, लखनऊ: उत्तर प्रदेश सचिवालय पेंशनर्स एसोसिएशन के सचिव व संयुक्त पेंशनर्स कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक एनपी त्रिपाठी व सह संयोजक ओंकार नाथ तिवारी ने प्रदेश के पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी के आदेश का स्वागत किया है। नेताओं ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त करते हुए प्रदेश के सभी पेंशनरों को बधाई दी।

# युवा के लिए आजीविका तो आस्था का सम्मान भी: योगी

## मुख्यमंत्री ने करोड़ों की योजनाओं का किया लोकार्पण-शिलान्यास




कार्यक्रम के दौरान छात्रा को स्मार्टफोन प्रदान करते मुख्यमंत्री योगी साथ में गोरखपुर के सांसद रविकिशन व अन्य। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार हर परिवार को जल्द फैमिली आईडी कार्ड जारी करेगी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा भी है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के साथ सिद्धार्थनगर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फार्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह व सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

### 11वें नंबर पर था भारत

सिद्धार्थनगर जनपद के पिछड़ेपन की चर्चा करते हुए कहा कि अब यह दंश मिट गया है। उन्होंने जनता से पूछा कि मुफ्त राशन, आवास, और स्वास्थ्य बीमा कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें दे सकती थीं, क्या राममंदिर निर्माण पिछली सरकारों के दौर में संभव था, जनता की ओर से एक स्वर में "नहीं" की आवाज आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत 11वें नंबर पर था लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत दुनिया का 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।

योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी।

कहा कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार ललितपुर में 2000 एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

# सत्ता के लिए जी जान से जुट जाएं: मायावती

- सत्ता की चाबी प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने के लिए देनी होगी तन, मन व धन की कुर्बानी
- बसपा संस्थापक कांशीराम की 90 वीं जयंती पर बसपा प्रमुख ने किया आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कांशीराम स्मारक पर जयंती के अवसर पर एकत्रित बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार:** बसपा के संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सुप्रीमो मायावती ने कहा कि गुलाम मानसिकता वालों से अलग, अपनी एक जुटता दिखाये और केन्द्र व राज्यों की सत्ता अपने हाथ में लेने के लिए जी जान से जुट जाये। सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति आन्दोलन की सफलता के लिए तन, मन व धन की कुर्बानी देनी होगी।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को, लखनऊ स्थित अपने आवास पर कांशीराम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर पदाधिकारियों को संबोधित भी किया। सोशल मीडिया पर अपने संदेश में उन्होंने कहा कि दलित, शोषित समाज को आत्मनिर्भर बनना है, इसके लिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करनी होगी।

### मायावती उसी से मिल रही हैं जिसका टिकट तय: भीमराव

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को लेकर बसपा द्वारा अधिकारिक घोषणा तो नहीं की गई है। मगर बसपा प्रमुख से आशीर्वाद मिलने के बाद लगभग तय माना जा रहा है। लखनऊ मंडल के प्रभारी व विधान परिषद सदस्य भीमराव आंबेडकर का कहना है, संभावित प्रत्याशियों के नाम की सिफारिश मंडल प्रभारियों द्वारा की जा रहीं हैं। लखनऊ मंडल में उन्नाव सीट के लिए अशोक पाण्डेय और दोहरारा सीट पर श्याम किशोर अवस्थी को मायावती की सहमति मिल चुकी है, औपचारिक घोषणा समय आने पर पार्टी द्वारा की जायेगी।

**प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया:** पुरानी जेल रोड आलमबाग स्थित कांशीराम स्मारक पर बसपा की जिला यूनिट द्वारा बुद्ध पूजा चिवरदान व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कांशीराम की जयंती मनाई गयी। एमएलसी भीमराव आंबेडकर, रामनाथ रावत, अखिलेश आंबेडकर, जिला प्रभारी ब्रजेश चौधरी व जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार गौतम आदि संगठन के तमाम पदाधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये और मायावती को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

### उड़ान के लिए नियमित बुकिंग नहीं, 19 को चित्रकूट की उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ: 5 शहरों के लिए शुरू हुई उड़ान सेवा के लिए अभी पूरी तरह से बुकिंग नहीं हो पा रही है। बुकिंग विमान की उपलब्धता के अनुसार खोली जा रही है। अब 19 मार्च को चित्रकूट के लिए विमान उड़ान भरेगा। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मुरादाबाद, आजमगढ़, अलीगढ़, श्रावस्ती और चित्रकूट के लिए फ्लाई बिग एयरलाइंस ने अपनी सेवाएं 11 मार्च से शुरू की थी। मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान का संचालन नहीं हो सका है और न ही बुकिंग हो रही है। अन्य 4 जिलों के लिए भी नियमित तौर पर बुकिंग नहीं हो रही है। विमान की उपलब्धता के अनुसार बुकिंग हो रही है। चित्रकूट के लिए 19 मार्च को विमान उड़ान भरेगा और उसके लिए बुकिंग हो रही है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शेड्यूल में बदलाव संभव है इसलिए बुकिंग नियमित तौर पर नहीं हो रही है। अगले सप्ताह तक शेड्यूल जारी होने की संभावना है। साथ ही समय सारिणी में बदलाव हो सकता है। इसके बाद ही नियमित तौर पर बुकिंग होगी। अगले सप्ताह से ही मुरादाबाद के लिए विमान सेवा शुरू हो सकती है।

### सड़कों के निर्माण में उपयोग हो एफडीआर तकनीक

अमृत विचार,, लखनऊ: उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सड़कों के निर्माण में ज्यादा से ज्यादा एफडीआर तकनीक का उपयोग करने का निर्देश दिया है। निर्देश में उन्होंने कहा कि इससे सड़कें मजबूत व टिकाऊ बन सकेंगीं शासन के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई जा रही सड़कों में एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमेशन) तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएमजीएसवाई की सड़कों के निर्माण में अधिक से अधिक एफडीआर तकनीक का उपयोग किया जाय।

# यीडा के आठ भूखंडों पर होगा 86 करोड़ का निवेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 600 लोगों को मिलेगा रोजगार, प्राधिकरण से भूखंडों के लिए ई ऑक्शन पूरा
- 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की मिली धनराशि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ अधिक

**अमृत विचार:** यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने अपने आठ संस्थागत भूखंडों के ई ऑक्शन के जरिए 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की है। इन भूखंडों पर आवंटी द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 600 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

प्राधिकरण की संस्थागत भूखंडों के आवंटन की योजना के तहत गुरुवार को ई ऑक्शन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। 8 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिड प्राइज लगभग 31.48 करोड़ रुपये की थी। इस बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 37.12 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ रुपए अधिक है।

इस योजना में नर्सिंग होम के 6 भूखंडों के सापेक्ष कुल 14, कारपोरेट ऑफिस के 1 भूखंड के सापेक्ष 14 एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 1 भूखंड के सापेक्ष 1 आवेदन प्राप्त हुए थे। भूखंडों में सबसे अधिक भूखंड (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का क्षेत्रफल 10115 वर्ग मीटर है जोकि 2.5 एकड़ से भी अधिक है। यह भूखंड मेसर्स सुभाष इंफ्राइंजीनियर्स प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कॉर्पोरेट ऑफिस का एक भूखंड जो मेसर्स फ्लक्स कैपिटल प्रा. लि. को प्राप्त हुआ। इसकी बिड प्राइज से लगभग दो गुना रेट पर बिड लगी है। इसी तरह, नर्सिंग होम के लिए भूखंड मेट्रो इंडिया लि., जेपीएस रीयल एस्टेट, आर आर मेडिकल सर्विसेज प्रा. लि., नवीन मेडिकेयर प्रा. लि.(2 बिड) और रामराज वेलनेस प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इन सभी 6 भूखंडों पर बिड प्राइज से ज्यादा की बिड प्राप्त हुई है।

# कानपुर में इमरजेंसी सेवाओं का विस्तार

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में गंभीर मरीजों को और बेहतर इलाज मिल सकेगा। इमरजेंसी में ही सीटी स्कैन जांच व अत्याधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को इलाज करने में आसानी हो जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने शुक्रवार को एनेक्सी सभागार में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज की नई सीटी स्कैन मशीन व 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक वार्ड (रेड जोन) आदि सुविधाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज से संबद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय में 16 शैय्या युक्त अत्याधुनिक इमरजेंसी सेवाओं से युक्त वार्ड (रेड जोन) का शुभारंभ किया गया है। इन सेवाओं से कानपुर के आसपास के 18 जिलों के गंभीर रोगियों को यहां त्वरित उपचार मिलेगा। ब्रजेश पाठक ने बताया कि अस्पताल में 7.17 करोड़ रुपये की 128 स्लाइस वाली सीटी स्कैन मशीन भी स्थापित की गई है।

# नैक ग्रेडिंग के लिए डॉ. भीमराव आंबेडकर विवि की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को राजभवन में डॉ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के नैक ग्रेडिंग के लिए तैयार प्रस्तुतिकरण की समीक्षा की। उन्होंने विश्वविद्यालय को मापदंड के अनुसार रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए।आगरा विश्वविद्यालय को इससे पूर्व नैक का 'बी प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त का चुका है। इसकी वैधता 2022 में समाप्त हो चुकी है। विश्वविद्यालय को वर्ष 2004 में 'बी' ग्रेड व वर्ष 2017 में 'बी प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त हुआ था। अब तीसरी बार मूल्यांकन के लिए तैयार विश्वविद्यालय की रिपोर्ट की बिंदुवार समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान राज्यपाल ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मापदंड के अनुसार विवरण अंकित किया जाए। प्रत्येक विवरण के साथ उसकी गतिविधियुक्त फोटो प्रमाण के साथ लगाया जाए।

# अल्ट्रावायलेट रेज और माड्यूल देगा फ्रिज के खाने को संजीवनी

जीशान कदीर, लखनऊ



प्रमाण पत्रों के साथ शोधार्थी और विवि की रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा। अमृत विचार

- कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में खाद्य सामग्री लंबे समय तक रखी जा सकेगी सुरक्षित
- भाषा विश्वविद्यालय के छात्रों को मिली देश का पहला पेटेंट बनाने में सफलता

**अमृत विचार:** फ्रिज में रखा खाना खराब होने का डर अगर आपको सता रहा है तो निश्चिंत हो जाइये। भाषा विश्वविद्यालय ने एक इनोवेशन तैयार किया है, जिसके सहारे फ्रिज में खाद्य सामग्री को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। इसे पेटेंट भी करा लिया गया है। यह देश का पहला और सबसे सस्ता आधुनिक इनेवेशन होगा।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने बताया कि विवि के बीटेक के छात्र दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा को इनोवेशन के तैयार करने में छह माह का समय लगा। इनोवेशन को खरा उतरने पर भारत सरकार ने इसे पेटेंट कर बाजार में ले जाने की अनुमति दे दी है। शोधार्थी दीपक कहते हैं कि फ्रिज, रेफ्रिजरेटर, कोल्ड स्टोरेज और बड़े संस्थानों में इस इनोवेशन को इस्तेमाल कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और पौष्टिकता लंबे समय तक बनाए रखी जा सकेगी।

**एआई चिप के सहारे होगा नियंत्रण:** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) व्यवस्था को शोधार्थियों द्वारा इस्तेमाल में लाया गया है। इसमें लगे सेंसर्स, अल्ट्रावायलेट रेज और कूलिंग माड्यूलर को एआई चिप से नियंत्रित रखेंगे। एआई के निर्देशों के आधार पर ही अल्ट्रावायलेट रेज खाद्य सामग्रियों पर अपना प्रभाव छोड़ेगी।

**इस तरह से इनोवेशन करेगा अपना कार्य:** नए इनोवेशन को शोधार्थियों ने स्मार्ट रेफ्रिजरेशन डिवाइस विद स्पॉइलेज प्रेवेंशन सिस्टम का नाम दिया है। नार्मल रेफ्रिजरेटर और कूलिंग सिस्टम खाद्य सामग्री को लंबे समय तक ठंडा रख सकते हैं, लेकिन उनकी पौष्टिकता को सुरक्षित नहीं कर सकते। नया शोध अल्ट्रावायलेट रेज और माड्यूलर के सहारे खाने को लंबे समय तक सुरक्षित रखने का कार्य करेगा।

### उपकरणों के कार्य

- इन्फ्रारेड सेंसर (आईआर सेंसर)- एक संवेदनशील ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक घटक है। इससे निकलने वाली इन्फ्रारेड तरंग खाद्य सामग्री की निगरानी का कार्य करेगी।
- गैस सेंसर्स - अलग अलग तरीके से खाद्य सामग्री में निकलने वाली गैस और दूषित कारकों का पता लगाएगी।
- एआई चिप- ये सभी उपकरणों को नियंत्रित और निर्देशित करने का कार्य करेगी।

### सस्ती और सुलभ है व्यवस्था

जहां लोग सेहत के लिए हजारों-लाखों रुपया खर्च कर देते हैं। शोधार्थियों का दावा है कि नए शोध की कीमत फ्रिज में रखे सामान के बराबर है। जो आमजन के लिए सस्ता, सुलभ और लाभकारी रहेगा।

### अल्ट्रावायलेट रेज से नहीं होगा नुकसान

इनोवेशनकर्ता दीपक मौर्या और सूर्यांश मिश्रा का दावा है कि अमूमन, अल्ट्रावायलेट रेज कुछ हद तक आमजन और खाद्य सामग्री को नुकसान पहुंचाती है। नई तकनीकी इससे इतर है। अल्ट्रावायलेट रेज खाने की पौष्टिकता को नुकसान न पहुंचाकर लाभकारी रहेगा।

## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. 1. तपस्या, वह व्रत या नियम जिनसे शरीर या चित्त को कष्टप्रद दशाओं में रखकर शुद्ध या निर्मल तथा विषयों से निवृत्त किया जाता है 2. कठिन परिश्रम 3. सरदी-गरमी सहने की क्रिया, विद्या अध्ययन 4. योगाभ्यास 5. शरीर या इंद्रियों पर नियंत्रण 6. गरमी, ताप, दाह 7. एक लोक का नाम 8. एक कल्प।

4. वह डाक या चिट्ठियां जो हवाई जहाज़ के द्वारा भेजी जाती हैं, (एयर मेल)।

5. 1. आफ़त, विपत्ति, आपत्ति, संकट 2. प्रकोप। (मु.)-ढाना: अत्याचार करना।

7. भारत के दक्षिण में स्थित एक राज्य का नाम।

9. कोई वस्तु रखने के लिए दीवार में बना एक स्थान, आला।

10. 1. जो अच्छा न हो 2. ख़राब, बुरा 3. त्याज्य।

**ऊपर से नीचे**


1. शानो-शौकत दिखाने के लिए किया जाने वाला आयोजन, ठाट-बाट, वैभव और रईसी का दिखावा, आडंबर, बनावट, शान, सजधज, रंगीनी, चटक-मटक।

2. 1. किसी राज्य की सामुद्रिक शक्ति और उसका प्राधिकरण 2. सामुद्रिक प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय, नौसेना का संचालन करने वाला विभाग 3. उक्त विभाग में अधिकारियों का वर्ग।

3. 1. अधिक मात्रा में तेल

6. 1. ज़मीन जोतने के लिए प्रयुक्त प्रसिद्ध उपकरण, खेत जोतने का एक साधन 2. भूमि की एक माप 3. (महाभारत) बलराम का शस्त्र।

8. 1. शामिल, सम्मिलित 2. भागीदार, साझीदार 3. किसी कार्य में साथ देने वाला।




### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 शिं | ■ | ■ | ■ | ■ | 2 तो |
| 3 अ | शु | चि | ■ | 4 स | दो | ष |
| ■ | मा | ■ | ■ | तां | ■ | ण |
| ■ | 5 र | ण | 6 रं | ग | ■ | ■ |
| 7 सें | ■ | ■ | ज | ■ | 8 चौ | ■ |
| ध | ■ | ■ | नी | ■ | 9 को | ड |
| ■ | 10 वि | ज | य | क | र | ■ |

## सुडोकू -90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 16 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 16.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ परेशानी हो सकती है। पैरों में दर्द और थकान की शिकायत होने की आशंका है। पैतृक सम्पत्ति के मामले सुलझ सकते हैं।

**वृष:** आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। युवा प्रेमी जोड़े आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। ससुराल पक्ष में कोई प्रोग्राम हो सकता है।

**मिथुन:** आज आपके लोग ही आपका विरोध कर सकते हैं। ऑफिस में आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दाम्पत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है।

**कर्क:** आज शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मनः स्थिति काफी सकारात्मक रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह:** आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है।

**कन्या:** आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**तुला:** आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे।

**वृश्चिक:** आज परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आप नया व्यवसाय शुरू करने के विचार में है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे।

**धनु:** आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर:** आज विवाहेत्तर संबंधों से बचना चाहिए अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। जॉब में अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**कुंभ:** आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मीन:** आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
शक्तिमान
सुबह: 09.17
बधाई हो बधाई
शाम: 06.55

SONY MAX
पीके
सुबह: 10.31
पागल पत्नी
रात: 07.03

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स: आफ्टरलाइफ़
सुबह: 10.13
ए मैन कॉल्ड ओटो
शाम: 06.42

ZEE CINEMA
जिंदगी ना मिलेगी दोबारा
सुबह: 08.00
रूस्तम
रात: 07.00

colors CINEPLEX
लाल सिंह छाबड़ा
सुबह: 09.59
कुछ कुछ होता है
शाम: 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात: 07.03 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़का: हर संडे के दिन तुम्हारे चेहरे पर रंग क्यो लगा होता है?
युवती: अरे, मैं हर संडे को होली खेलती हूं।
लड़का क्यो?
युवती: अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है, कि संडे मतलब हॉलीडे।

लड़का - मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,
घर वाले नहीं मान रहे हैं...!
लड़की - तुम्हारे घर मैं कौन-कौन हैं...?
लड़का - एक पत्नी और दो बच्चे...!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5800-5900 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 3700-4000 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14500-14700 |
| अरहरस्पेशल1 | 12200-12300 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 4950-5050 |
| मसूरमलका | 7050-7200 |
| मसूरदाल | 7150-7200 |
| उड़ददाल | 9000-12000 |
| उड़द धोवा | 10500-13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000-2300 |
| बासमती नं.1 | 8500-10000 |
| सेला | 2500-3000 |
| बासमती नं.2 | 6500-7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1450-1500 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 4900-4950 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# भारतीय बाजार ने समझदारी बनाए रखी है

## कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने "एक निश्चित स्तर की समझदारी" बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा-मैं बाजारों को अपने हिसाब से



खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था कि इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है।

### ताजा जीडीपी आंकड़े रहस्यमयीः सुब्रमणयन



पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े ''पूरी तरह रहस्यमयी'' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने कॉन्क्लेव में इस पर कहा-मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, ''मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।

## इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिए भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

# नरेंद्र मोदी सरकार में 10 हजार से अधिक नए डाक घर खुलेः वैष्णव

- प्रौद्योगिकी मंत्री बोले-डाक विभाग का हो रहा है विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

मोदी सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 10480 नए डाक घर खुले हैं जबकि इससे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह डाक घर बंद किए गए थे। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना की घोषणा की के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 1.28 लाख डाककर्मियों की भर्ती की गई है और 2.50 लाख को प्रशिक्षित किया गया है। कहा कि वैश्विक स्तर पर



डाक सेवाओं में शिथिलता आ गई है लेकिन भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डाक विभाग का विस्तार हो रहा है और नई सेवाओं को इसके दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत डाक घरों में 53 लाख पंजीकरण हुए हैं। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.17 करोड़ खाते खुले हैं जिनमें 1.50 लाख करोड़ रुपये जमा है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,550 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,550 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,700। |

# सीसीआई ने गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर 'गूगल प्ले स्टोर' की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया। प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्रा. लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

## चाय की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने चाय की गुणवत्ता में सुधार और इसके सुरक्षित तथा स्वच्छ उत्पादन के लिए तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादक क्षेत्रों के विभिन्न समूहों में एक व्यापक क्षमता निर्माण की योजना भी तैयार की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई चाय उद्योग से जुड़े सभी पक्षों के साथ चाय की गुणवत्ता में सुधार करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# निर्यात 11.9% बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

- वाणिज्य मंत्रालय ने फरवरी माह के जारी किए आंकड़े

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।

पिछले महीने 60.1 अरब



अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा।

## राष्ट्रीय

# टूटेगा इंडिया गठबंधन का सारा घमंड : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही

कन्याकुमारी, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें 'बहुत बड़े परिवर्तन' की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का 'सारा घमंड' तोड़कर रख देगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला और इसे राज्य के भविष्य का 'दुश्मन' करार दिया तथा साथ ही उस पर देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत पैदा करने का आरोप लगाया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा-देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की 'एकता यात्रा' को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं।

### कांग्रेस और वामपंथी दल ठग हैं : प्रधानमंत्री

**पथानामथिट्टा (केरल)।** मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं।

## देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू

**कोलकाता।** देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं। पहले दिन सैकड़ों यात्रियों ने 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन में यात्रा का आनंद उठाया और खुशी का इजहार किया। एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। "पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो" का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े। दोनों स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया।

# चुनाव घोषणा से पूर्व केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी

- ईडी के समक्ष पेशी से छूट देने से अदालत का इनकार
- शराब घोटाला मामले में ईडी के ठुकरा चुके हैं 8 समन

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अभी तक वे 8 समन ठुकरा चुके थे। अब उन्हें नौवें सम्मन पर पेश होना ही पड़ेगा। शुक्रवार को स्थानीय अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब घोटाले मामले पर तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले से ही तिहाड़ जेल में है और उसी मामले पर मुख्यमंत्री को भी तलब किया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम आदमी पार्टी को समाप्त करने का आरोप लगाया



था। बाद में वे ईडी के सम्मन के खिलाफ अदालत में चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। मगर दो दिन चली सुनवाई के दौरान अदालत ने शुक्रवार को उन्हें किसी भी तरह का स्थगन आदेश या राहत देने से मना कर दिया है। केजरीवाल को ईडी ने सातवां समन भेज कर 27 फरवरी को बुलाया था। तब केजरीवाल का तर्क था कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इसलिए ईडी को सम्मन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसी बीच ईडी ने चार मार्च के लिए आठवां समन जारी कर दिया था। ईडी ने पहला समन गत 2 नवंबर को भेजा था। उसके बाद 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी एवं 22 फरवरी को पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया गया था लेकिन अब अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद केजरीवाल को ईडी के समक्ष पेश होना ही पड़ेगा।

आप के तमाम नेता लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने का आरोप लगा चुके थे और अब इस तरह की अटकलें तेज हो गई है कि क्या पूछताछ के बाद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार करेगी।

## एक नजर

### छग में पहली बार डीएम की अदालत की सुनवाई का सीधा प्रसारण

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में पहली बार जिलाधिकारी की अदालत से मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नवनियुक्त जिलाधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने यह पहल की है।

### झारखंड पुलिस ने ईडी को भेजा समन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं।

# बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार, 21 नए मंत्री किए गए शामिल

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दो महीने से भी कम पुराने मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार करते हुए उसमें 21 नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी सहित इन नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शपथ लेने अन्य प्रमुख चेहरों में पार्टी की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जयसवाल और जनक राम शामिल हैं। मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू से मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले पुराने प्रमुख चहरों में महेश्वर हजारी, शीला मंडल, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा शामिल हैं।

# भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस

- हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच गतिरोध जारी

शिमला, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है कि हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

# सरकार के कामकाज में आचार संहिता से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बोले

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** लोकसभा एवं कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनावों की घोषणा शनिवार को होने जा रही है। इसी के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मगर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इससे सरकार के कामकाज में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने उक्त जानकारी तब दी थी जब उनसे पूछा गया कि क्या दो दिन पूर्व हुई कैबिनेट की बैठक को अंतिम बैठक माना जाए? जवाब में ठाकुर ने कहा की सरकार का कामकाज तो चलता ही रहेगा यदि कोई अहम फैसला लेने की आवश्यकता होगी तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी ही पड़ेगी और ऐसा प्रावधान चुनाव संहिता में भी है।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के पास आदर्श चुनाव संहिता के नाम पर कई संवैधानिक अधिकार सुरक्षित है। लेकिन इन अधिकारों का शक्ति से पालन तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के समय में हुआ था और तभी से राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के ऊपर किसी भी चुनाव के दौरान आचार संहिता की



तलवार लटकी रहती है।

अनुराग ठाकुर के जवाब के बाद माना जा रहा है कि किसी अति आवश्यक कार्य के लिए मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है लेकिन उसमें जनता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की घोषणा नहीं होगी। नामांकन से लेकर मतगणना तक किसी भी तरह के उद्घाटन एवं शिलान्यास जैसे कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दायरे में नौकरशाहों को अपना कामकाज करने की छूट रहेगी लेकिन मंत्रियों या राजनीतिक दालों के नेताओं पर आयोग की कड़ी दृष्टि रहेगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान खर्च किए गए धन का हिसाब किताब भी देना होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद कोई भी मंत्री सरकारी विमान, वाहन या सरकारी मशीनरी का उपयोग प्रचार के दौरान नहीं करेगा।

# मुक्त चुनाव चिह्न आवंटन संबंधी नीति की पड़ताल करेगी कोर्ट

- उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल ''नाम तमिलर काची'' (एनटीके) की उस याचिका पर शुक्रवार को निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन को चुनौती दी गई है। साथ न्यायालय ने उपरोक्त नीति की पड़ताल करने की सहमति जताई है।

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एक अन्य गैर-



मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल को भी नोटिस जारी किया, जिसे वह चुनाव चिह्न आवंटित किया गया है, जिस पर पूर्व में एनटीके चुनाव लड़ चुकी है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने गत एक मार्च को एनटीके की उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को निर्वाचन आयोग द्वारा 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर 'मुक्त' चुनाव चिह्न का आवंटन किए जाने को चुनौती दी गई थी। उच्च न्यायालय की एक पीठ ने याचिकाकर्ता 'एनटीके' की इस दलील को खारिज कर दिया था कि इस आशय से संबंधित चुनाव चिह्न आदेश मनमाना और असंवैधानिक था। याचिकाकर्ता आगामी लोकसभा चुनाव के लिए तमिलनाडु और पुडुचेरी में एक अन्य राजनीतिक दल को 'मुक्त' चुनाव चिह्न 'गन्ना किसान' के आवंटन से व्यथित था। याचिका पर नोटिस जारी करते हुए

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि इस अपील पर होली की छुट्टियों के बाद सुनवाई की जाएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह चुनाव चिह्न आदेश के पैराग्राफ 10बी(बी) की योजना की पड़ताल करेगी, जो 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर दलों और उम्मीदवारों को 'मुक्त' चिह्न देने से संबंधित है। एनटीके का आरोप है कि निर्वाचन आयोग की नीति "असंवैधानिक" है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 'मुक्त' चुनाव चिह्न के आवंटन के लिए वैध अवधि के भीतर दायर किए गए सभी आवेदनों पर निर्वाचन आयोग द्वारा समान स्तर पर विचार किया जाना चाहिए और इसीलिए 'गन्ना किसान' चुनाव चिह्न उसे (याचिकाकर्ता को) आवंटित किया जाना चाहिए, क्योंकि उसने 2019 से अब तक इसपर छह चुनाव लड़े हैं।

## संदेशखाली के हिंसा पीड़ित मुर्मु से मिले लगाई सुरक्षा की गुहार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हिंसा से पीड़ित लोगों का एक समूह शुक्रवार को राजधानी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मिला और उन्हें आपबीती सुनाते हुए वहां राष्ट्रपति को एक ज्ञापन दिया जिसमें उत्पीड़न की शिकार अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदाय की सुरक्षा के लिए हस्तेक्षप की मांग की गयी है। राष्ट्रपति भवन में श्रीमती मुर्मु से मिलने समूह में 11 लोग थे। इनमें पांच महिलाएं थी। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद इस दल की महिला सदस्यों ने संवाददाताओं से कहा कि मुर्मु ने उनकी शिकायत सहानुभूति के साथ सुनी है।

# धोनी से तुलना पर जुरेल ने कहा- एमएसडी एक ही हैं

नई दिल्ली, एजेंसी



विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई ही श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि धोनी सर ने जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता। धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं, लेकिन धोनी सर महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा महान रहेंगे। भारत की टेस्ट कैप मिलने से जुरेल ने कहा कि मुझे अभी तक विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे टेस्ट कैप मिली और फिर मैं मैन ऑफ द मैच रहा। टेस्ट खेलना सुखद रहा जो क्रिकेट का सबसे शुद्ध प्रारूप है। इतना पता था कि किसी दिन टेस्ट खेलूंगा इसलिए यह मेरे सपने के साकार होने वाला पल था। उन्होंने कहा कि जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलने का था लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं था। जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल के बीच तुलना को खारिज करते कहा कि अपनी बात करूं तो आईपीएल से मेरा टेस्ट के प्रति लगाव कम नहीं हुआ। दोनों में कोई तुलना नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट बिलकुल अलग स्तर पर है। जुरेल ने बीसीसीआई के ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने के कदम की प्रशंसा की।

## सीएसके में वापसी पर शार्दुल ने कहा- माही से सीखने को बेकरार हूं



**मुंबई, एजेंसी।** आल राउंडर शार्दुल ठाकुर मुंबई के साथ रणजी ट्राफी जीतने के बाद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके का हिस्सा रहे थे, जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली और 2023 में कोलकाता के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ में खरीदा गया। शार्दुल ने कहा कि पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह 11 मैच में महज 7 विकेट ही झटक सके थे। शार्दुल ने कहा कि मैं माही के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।

# आईपीएल न खेलने से निराश नहीं हूं, टी-20 समझने के लिए मिला एक और साल: मुशीर

मुंबई, एजेंसी



क्रिकेटरों के लिए भले ही आईपीएल अनुबंध पाना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्राफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी-20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा।

मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी फाइनल में शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनका मानना है कि वह आने वाले समय में आईपीएल में नाम कमाएंगे। मुशीर ने अपने पिता और कोच नौशाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मेरा नाम आईपीएल में नहीं है, लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया। मैं अब टी-20 क्रिकेट को और समझूंगा कि मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए। मुशीर ने हाल में रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 136 रन बनाकर विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य देने में मदद की। इससे मुंबई 42वां रणजी खिताब जीतने में सफल रहा। मुशीर इस प्रदर्शन के लिए अपने बड़े भाई सरफराज से प्रेरणा लेते हैं जिन्होंने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था। मुशीर ने कहा कि मैं भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर प्रेरणा लेता हूं। हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी समान ही है।

## खेल डायरी

### अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में सिनर से होगी भिड़ंत



**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के कारण दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अल्काराज खुद को बचाने के लिए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट पर ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां स्पाइडर कैमरे पर चिपक गई और उन्हें वैक्यूम से हटाया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को हराकर इस साल 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### चोट से एनगिडी की जगह मैकगुर्क दिल्ली की टीम में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख की 'रिजर्व' राशि में टीम में लिया है। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

**होबार्ट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि वह शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही है। वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में 4 शतक से 29 .87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं।

### बांग्लादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने वनडे टीम में ग्रेस हैरिस को किया शामिल



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में बांग्लादेश दौरे के लिए चोटिल डार्सी ब्राउन की जगह ग्रेस हैरिस को एकदिवसीय श्रृंखला के लिए शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्राउन को बाएं पैर में लगी चोट से टीम से बाहर किया गया। ब्राउन की वापसी उचित समय पर होगी। हैरिस को पहले केवल टी-20 के लिए चुना गया था, लेकिन अब वह वनडे में खेलती नजर आएंगी। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद यूपी के साथ उनका डब्ल्यूपीएल कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में ब्राउन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को जगह नहीं दी है। बीमारी के कारण ऑलराउंडर हीथर ग्राहम अनुपलब्ध रहेगी। जेस जोनसेन को पिछले महीने टीम से बाहर किया गया था और उसकी जगह तायला व्लामिनक को बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलिया को 21 मार्च से शुरू बांग्लादेश दौरे में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने है। **टीम :** एलिसा हीली (कप्तान), ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम और तायला व्लामिनक।

# वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

## नियम दिसंबर 2023 में किया गया था शुरू, टी-20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को टी-20 विश्व कप 2024 से सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और इसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने सालाना बोर्ड बैठक के बाद कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल तक होना था लेकिन इसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी 'इलेक्ट्रॉनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने पर मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) डे को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। नॉकआउट मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून तक आईसीसी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफी: बीसीसीआई को उसकी सरकार के खिलाफ जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी, लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है, लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वह वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। आईसीसी का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर



- तनीषा और अश्विनी भी हुईं स्पर्धा से बाहर
- पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य
- एन से यंग से हारकर सिंधू का भी अभियान खत्म

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी।

भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था, लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने एंडर्स एंटोनसेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दक्षिण कोरिया की एन से यंग से हारकर समाप्त हो गया।

## अर्जुन-कपिला प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

**पेरिस।** एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष जोड़ी ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चीन की हुआंग डि और लियू यी से हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और कपिला ने मैच की शानदार शुरुआत की और 10-7 से आगे चल रहे थे, लेकिन हुआंग डि और लियू यी ने भारतीय खिलाड़ियों पर बाजी पलटते हुए पांच अंकों की बढ़त बना ली। अर्जुन और कपिला ने अंतराल के बाद अंक गंवाए और 36 मिनट में मैच हार गए।

## यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स

**मुंबई, एजेंसी।** टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बनी है। टीम का नाम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स है। टीम जयपुर पैट्रियट्स संग पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में लीग की सफलता के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई।

# 5 रन से मुंबई को हराकर फाइनल में पहुंचा बेंगलुरु

नई दिल्ली, एजेंसी

एलिस पेरी की 66 रनों की पारी और गेंदबाजों के प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल में मुंबई इंडियंस को पांच रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

136 रन के लक्ष्य को पाने उतरी मुंबई की यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज ने पहले विकेट लिए 27 रन जोड़े। मैथ्यूज 15 रन पर आउट हुई। सातवें ओवर में पेरी ने यास्तिका को 19 रन पर बोल्ड किया। नेट साइवर-ब्रेंट 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 रनों की पारी खेली। जीत के करीब संजीवन एक रन, पूजा चार रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया कर 27 रन पर और अमनजोत कौर एक रन पर नाबाद रही। मुंबई 6 विकेट पर 130 रन ही बना सकी और आखिरी ओवरों में जीता हुआ मैच पांच रन से हार गई। एक बार फिर बेंगलुरु की जीत में एलिस पेरी ने अहम भूमिका निभाई। आरसीबी की ओर से श्रेयंका पाटिल ने 2 विकेट लिए। एलिस पेरी, सोफी मोलिन्यू, जॉर्जिया वेयरहम और सोभना आशा ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले एलिस पेरी की अर्धशतकीय पारी के दम पर आरसीबी ने मुंबई को जीत के लिए 136 रनों का लक्ष्य दिया था। अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने आई आरसीबी की शुरुआत खराब रही और दूसरे ओर सोफी डिवाइन 20 रन का विकेट दूसरे ओवर में ही गंवा दिया। कप्तान स्मृति मंधाना 10 रन पर आउट हुईं। ऋचा घोष ने 14 रन, सोफी मोलिन्यू ने 11 रन बनाया। वहीं पेरी के 50 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्के की मदद से 66 रन की पारी और जॉर्जिया नाबाद 18 रन की पारी से बेंगलुरु लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचा। दिशा कसाट अपना खाता नहीं खोल सकी। श्रेयंक पाटिल तीन पर नाबाद रही।





# बॉलीवुड हलचल

## अमिताभ बच्चन ने की कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में जानकारी साझा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 ई .डी . के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडया पर साझा की है। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। कल्कि 2898 ई .डी . के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कल्कि 2898 ई .डी . पूरी होने वाली है। वह इस प्रोजेक्ट पर देर रात तक काम कर रहे हैं, क्योंकि सब कुछ खत्म होने वाला है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर लिखा, फिर से देर हो गई.. लेकिन कल रात काम से देर हो गई.. क्योंकि कल्कि की समाप्ति करीब है.. और जैसा कि बताया गया है कि यह 9 मई को रिलीज़ होगी.. इसलिए सभी को फिट रखने और सभी को एक ऐसा अनुभव देने के लिए अंतिम प्रयास जो निर्माताओं के विज़न का वादा करता है.. मुझे अब दूसरे कार्यस्थल पर जाना होगा.. जिम.. शरीर को गतिशील बनाने के लिए.. इसे दैनिक दिनचर्या और भविष्य में आने वाली दिनचर्या के अनुसार काम करने के लिए तैयार करना.. भविष्य हमेशा अज्ञात है.. लेकिन इसे कल्पना करने में कोई बुराई नहीं है.. और यह विश्वास करने में कि अगर सोचा जाए तो इसे खोजा जा सकता है.. आह! मस्तिष्क के सर्वश्रेष्ठ आकार में एक नया वाक्यांश अर्जित करना।

## पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा, तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी। फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन के अलावा अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म पटना शुक्ला 29 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।

## मर्डर मुबारक में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी सारा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म 'मर्डर मुबारक' में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। फिल्म में सारा अली खान, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, सुहेल नायर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे काम करते नजर आएंगे। फिल्म 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान शहरी, ग्लैमरस गर्ल के किरदार में नजर आने वाली हैं। मर्डर मुबारक में सारा अली खान का किरदार उनके किए सभी किरदारों से बेहद अलग है, जिसमें उन्होंने एक ग्लैमरस परसोना वाली लड़की की भूमिका निभाई है। सारा ने कहा, मुझे एक शहरी और ग्लैमरस गर्ल का किरदार निभाए लंबा समय हो गया है।

## श्रीमद् रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : संगीता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री संगीता ओडवानी कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'श्रीमद् रामायण' में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए, दर्शक अब लंकापति रावण की बहन, शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। इस किरदार को संगीता ने निभाया है। संगीता ने कहा, शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए गहरे नजरिए की जरूरत होती है जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में, यह खोज का सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# कनेक्टिविटी, ऊर्जा क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा

- भूटान के पीएम ने भारत की तारीफ की, कहा- भूटान का विश्वनीय भागीदार भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने उनके देश की विकास संबंधी प्राथमिकताओं में एक विश्वसनीय और मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की।

बता दें, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। गुरुवार को टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात भी की थी। दोनों नेताओं के बीच बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, हाइड्रोपावर, लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान और विकास सहयोग जैसे कई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, "मोदी और तोब्गे ने भारत-भूटान की मित्रता को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

### भारत-भूटान को बौद्ध धर्म की विरासत जोड़ती है: मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत-भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है और बौद्ध धर्म की आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में भारत पर भरोसा कर सकता है। बता दें, टोबगे ने भूटान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मुर्मू बोलीं- भारत-भूटान के साथ बहुआयामी साझेदारी को महत्व देता है, जो ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, लोगों के बीच आपसी संबंध और व्यापार एवं निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली है।

# आदर्श आचार संहिता में जुड़ी हैं काफी पाबंदियां

*नई दिल्ली। देश में जल्द ही 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए तारीखों का एलान चुनाव आयोग जल्द ही करने जा रहा है। एलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे कई तरह की पाबंदियां भी लग जाएंगी। बता दें कि देश में बिना किसी रुकावट के पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के रूप में कुछ नियम और मानक तय किए हैं, जिनका सभी राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को अनिवार्य तौर पर पालन करना होता है। आइए जानते हैं आदर्श आचार संहिता के बारे में...*




### सत्ता दल के लिए नियम

मंत्रीगण आधिकारिक दौरे के वक्ता चुनाव प्रचार न करें। और सरकारी विमानों और गाड़ियों का उपयोग पार्टी के हित के लिए ना करें। सरकारी कर्मचारियों को इस्तेमाल पार्टी हित में ना करें। हेलीपैड पर सत्ताधारी दल का एकाधिकार न जताए। सरकारी फंड से पार्टी का प्रचार-प्रसार न करें। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार, मतदाता या एजेंट के सिवाय अन्य लोग मतदान केंद्र में न घुसें।

### क्या होते हैं प्रावधान



- विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच मतभेद या घृणा बढ़ाने की गतिविधि में शामिल न हों।
- नीतियों व कार्यों की आलोचना करें, किसी दल, नेता या कार्यकर्ता के निजी जीवन पर टिप्पणी न करें।
- किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं का उपयोग करते हुए वोट डालने की अपील न करें।
- मंदिर, मस्जिद या पूजा के किसी अन्य स्थान का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न हो।
- मतदाताओं को रिश्वत देना, उन्हें डराना धमकाना, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार-प्रसार करना आपराधिक गतिविधि मानी जाएगी।
- मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभाएं सभी पर प्रतिबंध लागू हो जाता है।
- राजनीतिक दल या किसी उम्मीदवार के घर के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना न किया जाए।
- नेता अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने और नारा लिखने की अनुमति नहीं दे सकते।
- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक दूसरे दलों की बैठकों अथवा जुलूसों में बाधा न खड़ी करें, न ही उन्हें भंग करने का प्रयास करें।
- किसी दल की ओर से उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां दूसरे दलो की बैठक चल रही हो। एक दल के लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से हटाए न जाएं।

**सभा और रैली के लिए क्या हैं नियम:-** सभी अथवा रैली के स्थान और जगह की पूर्व सूचना पुलिस अधिकारियों को दी जाए। और राजनीतिक पार्टी व नेता पहले ही सुनिश्चित कर लें कि जिस जगह पर वह सभा करने वाले हैं, वहां पहले से कोई पाबंदी तो लागू नहीं हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग की इजाजत भी पहले ही ले लें। आयोजक किसी अप्रत्याशित घटना से बचने के लिए पुलिस की सहायता लें। वहीं जुलूस से पहले उसके शुरू होने का समय, रूट और समाप्त होने के समय व स्थान की अग्रिम सूचना पुलिस को देनी होगी। जिस एरिया से जुलूस निकाल रहे हैं, वहां को पाबंदी तो नहीं है।

## एक नजर

### जम्मू: आतंकी साजिश को लेकर एसआईए की 7 जगहों पर छापेमारी

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के लिए शुक्रवार को जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में अदालत से तलाशी वारंट मिलने के बाद एसआईए की टीम ने डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। प्रवक्ता ने कहा कि उम्मीद है कि जब्त की गई सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क की गहरी साजिश की तह तक पहुंचने के लिए कुछ सुराग मिलेंगे।

### समलैंगिक विवाह की अनुमति नहीं देना असंवैधानिक: अदालत

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, समलैंगिक विवाह की अनुमति देने से इनकार करना असंवैधानिक है और इस प्रकार के संबंधों की अनुमति देने वाला कानून लाने के लिए तत्काल सरकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वादी और समलैंगिक समुदाय ने अदालत के इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह समानता की दिशा में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने कहा- मौजूदा कानून में संशोधन नहीं किया जाता तब तक समलैंगिक जोड़ों के विवाह की अनुमति देने से इनकार कर सकते हैं।

### प्रवासियों से भरी नौका तुर्किये तट पर डूबी, 21 लोगों की मौत

**अंकारा।** प्रवासियों को ले जा रही नौका तुर्किये के उत्तरी एजियन तट के नजदीक डूब गई। हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई। गवर्नर इल्हामी अक्तास ने बताया कि कनाक्कले प्रांत के एसेबाट शहर के पास समुद्र से दो प्रवासियों को बचाया, जबकि दो अन्य स्वयं तट तक पहुंचने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है, कि नौका में कितने लोग सवार थे। अक्तास ने कहा- मृतकों में चार बच्चों भी शामिल हैं। अनाडोलु ने बताया कि दस तट रक्षक नौकाएं और दो हेलीकॉप्टर खोज और बचाव अभियान में शामिल हैं।

### गाजा में खाने का इंतजार कर रहे लोगों पर हमला, 29 की मौत

**यरुशलम।** गाजा में दो स्थानों पर खाद्य सामग्री के लिए एकत्रित लोगों पर हमले की घटनाओं में गुरुवार को कुल 29 लोग मारे गए, जबकि 160 से ज्यादा घायल हुए। राफा में संयुक्त राष्ट्र के राहत वितरण केंद्र पर हुए हवाई हमले में 21 लोग मरे हैं, जबकि अल नुसीरत के शरणार्थी शिविर के निकट हुए हमले में आठ लोग मरे हैं। इजराइल ने दोनों हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया है। गाजा के अन्य इलाकों में इजराइली हमले जारी हैं। पांच महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध में अभी तक कुल 31 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

# सीएए नागरिकता देने का कानून ना कि छीनने का, भारत की दो टूक

## अमेरिका के बयान को भारत ने किया खारिज, कहा- यह आंतरिक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारत ने अमेरिका के बयान को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश मंत्रालय को जवाब देते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता (संशोधन) कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

### प्रशंसनीय पहल को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं



सीएए के खिलाफ आलोचना को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए किए गए प्रशंसनीय पहल को वोट बैंक की राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं, विभाजन के बाद के इतिहास की समझ नहीं है वह इस मुद्दे पर व्याख्यान और ज्ञान न दें। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

### सीएए कानून को लेकर अमेरिका ने जताई नाराजगी



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं। बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा। गृह मंत्री ने कहा था, मैंने सीएए पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है।

## एसआईसी के साथ विलय करेगी इमरान खान की पार्टी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता ने कहा कि अगर चुनाव आयोग उनकी पार्टी के आंतरिक चुनाव को मान्यता देता है और चुनाव चिह्न क्रिकेट बैट को वापस लौटाता है, तो पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर लेगी।

मीडिया के अनुसार, पीटीआई नेता असद कैसर ने कहा, अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनाव के बाद अपना क्रिकेट बैट का चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियों का विलय हो जाएगा और पीटीआई बनी रहेगी।" एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का संगठन है।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 90 से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की। बाद में ये निर्दलीय सदस्य एसआईसी में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में विलय के बाद पीटीआई बनी रहेगी, उन्होंने कहा, हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसके साथ विलय भी करेंगे।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी



रूस नियंत्रित डोनेट्स्क क्षेत्र में बूथ पर मतदान करतीं महिलाएं।

मॉस्को, एजेंसी



यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी।

सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। मीडिया के अनुसार, पुतिन के सामने तीन प्रत्याशी हैं, जो तीनों समर्थक हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई।

## हसीन वादियों में बहार...





**जापान:** टोक्यो में वसंत के आगमन के प्रतीक चेरी के फूल खिलने लगे हैं। ओसाका में तो चेरी की बहार भी आ गई है। जापान में 'चेरी ब्लॉसम' को 'सकूरा' के नाम से भी जाना जाता है। यह जापान का राष्ट्रीय फूल है। इस मौसम में मनने वाले त्योहार को 'हनामी त्योहार' कहा जाता है। इस फूल को आशा का प्रतीक भी माना जाता है। ● एजेंसी

## श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड रोज 8 घंटे एकांत कोठरी से बाहर रहेगा पूनावाला

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा हत्याकांड में जेल में बंद आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से कहा कि अन्य कैदियों की तरह आफताब को भी दिन में 8 घंटे के लिए बाहर रख जाए। रात में उसे एकांत कोठरी में रखे।

जस्टिस सुरेश कुमार कैद की अध्यक्षता वाली पीठ ने आफताब पूनावाला की याचिका पर आदेश दिया कि सुरक्षा की आड़ में उसे एकान्त कारावास में नहीं रखा जा सकता है। याचिका में पूनावाला के वकील ने दावा किया कि उसे सुबह और शाम एक-एक घंटे बाहर रखने की अनुमति है। वहीं, अन्य कैदियों को दिन में आठ घंटे तक बाहर रखा जाता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने आदेश में कहा कि हम जेल अधिकारियों को उसे आठ घंटे के लिए अनलॉक करने का निर्देश देते हैं। जैसा कि अन्य कैदियों के लिए लागू होता है और रात के दौरान उसे एक एकांत कोठरी में रखा जाए।

# भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे

- भारतवंशी रिचर्ड ने बाइडन के बयान का किया समर्थन, कहा- गेमचेंजर साबित होगा सुरक्षा सहयोग

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं हैं, दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे। बता दें, भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।' वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 15 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से कम से कम 15 भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के जल से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। कांकेसंतुराई बंदरगाह पर श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के नावों को जब्त कर लिया और जांच के लिए मत्स्य निदेशालय में भेज दिया है।

हाल ही में श्रीलंकाई मछुआरों ने श्रीलंकाई जल इलाके में अपने भारतीय समकक्षों द्वारा अवैध शिकार से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें, इस साल श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 16 नाव को जब्त करने के साथ 225 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है।

# मई में नहीं होंगे चुनाव, सुनक ने अटकलों पर लगाया विराम

- स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही होंगे आम चुनाव

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है।

लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान 43 वर्षीय सुनक ने कहा कि लोगों को अनुमान लगाते रहना पसंद है, लेकिन ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि कई हफ्तों में ब्रिटेन में पुलिस और अपराध आयुक्तों, स्थानीय परिषदों, महापौरों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या उसी समय ब्रिटेन का आम चुनाव भी होगा? सुनक ने कहा, उस दिन आम चुनाव नहीं होगा, लेकिन जब भी आम चुनाव होगा, विकल्प मायने रखेगा।

विज्ञान — हाल की खोज से पता चला है कि रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है यूरोपा

# बृहस्पति के चांद पर होगा मानव का अगला ठिकाना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** भले ही मंगल पर जीवन बसाने की जद्दोजिहद में वैज्ञानिक दशकों से जुटे हुए हैं, लेकिन खबर आ रही है कि बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में सम्भवतः मंगल से कहीं अधिक मानव बस्ती बसाने के अवसर नजर आ रहे हैं।

हाल की खोज से पता चला है कि यूरोपा रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है। इसमें दोराय नही कि पृथ्वी पर मौजूदा प्राकृतिक संसाधन वर्तमान जीवन के लिए पर्याप्त है, लेकिन इनका लगातार दोहन भविष्य में जीवित रहने वाला नही है।

जिस कारण भविष्य में मानव अस्तित्व की निर्भरता दूसरे ग्रहों पर जताई जा रही है। इस विचार पर आम जनमानस समझ न रखता हो, लेकिन वैज्ञानिक वर्ग बेहद चिंतित नजर आता है। जिसके चलते करीब तीन दशक से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश के साथ मानव बस्ती बसाने को लेकर कवायद की जा रही है। मगर सफलता अभी तक हाथ नही लग पाई है। यह मिशन जल्द पूरा होने की कोई संभावना भी नजर नही आती है। दरअसल यह चुनौतियों से भरा धरतीवासियों का सबसे बड़ा अभियान है और इंकार नही किया जा सकता कि दूर भविष्य में हम कामयाब होंगे। इधर यूरोपा में ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मौजूद होने के कारण उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। नासा के जूनो अंतरिक्ष यान के जरिए यह संभव हो पाया है। जूनो ने 29 सितंबर 2022 को यूरोपा के करीब पहुचकर जांच पड़ताल की थी और लगभग सवा साल की मसक्कत के बाद यह जानकारी सामने आई कि यूरोपा हर 24 घंटे में 1,000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। जिससे 1 मिलियन लोग 1 दिन में सांस ले सकते हैं। यूरोपा बृहस्पति का बर्फ से ढका महासागरीय चंद्रमा है। जिसके नीचे अकूत मात्रा में तरल जल है। नासा ने जूनो मिशन के वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज का अब खुलासा किया और कहा कि यह उपग्रह संभवतः मानव के रहने योग्य स्थान हो सकता है।



यूरोपा की ताजा तस्वीर।

### यूरोपा क्लिपर मिशन खोजेगा यूरोपा की राह

नासा इस वर्ष यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जो 2030 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यूरोपा में ऑक्सीजन की मात्रा का पता लगने बाद यूरोपा क्लिपर मिशन की महत्ता और अधिक बड़ चली है। इस मिशन को नौ वैज्ञानिक उपकरणों को साथ भेजा जा रहा है, जो यूरोपा में जीवन बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# पाकिस्तान की राह पर मालदीव 36 द्वीप चीन को लीज पर सौंपे

- मालदीव का सबसे बड़ा आर्थिक साझेदार बनने में जुटा चीन

माले, एजेंसी



चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है। चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट पाकिस्तान की तरह मालदीव ने भी तुर्किये से निगरानी ड्रोन खरीदे थे, ताकि वह अपने इकोनॉमिक जोन पर नजर रख सके। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में मुइज्जू की यात्रा के दौरान तुर्किये की बायकर कंपनी से ड्रोन के लिए समझौता किया था। यह डील 307 करोड़ रुपये में हुई थी। बता दें, 3 मार्च को ड्रोन डिलीवर किए जा चुके हैं। इनके लिए सरकार नूनू एटोल में मिलिट्री ड्रोन का बेस बना रही है। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी। इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। बता दें, मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।